इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में विज्ञान और तकनीक के मामले में नई ऊंचाइयां छूने का दावा किया जा रहा है, उसमें आज भी करोड़ों लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने योग्य नल-जल की सुविधा के तिहत्तर फीसद दूषित नमूनों पर उपचारात्मक उपाय नहीं हो पाया। यानी देश में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज भी स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सवाल है कि विकास की यह कौन-सी दिशा है, जिसमें पीने के साफ पानी की अनुपलब्धता से जुड़ी समस्या की इस हद तक अनदेखी की जा रही है कि आज यह व्यापक संकट का एक बड़ा कारण बनता दिख रहा है। राज्यों की भागीदारी से वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल मुहैया कराने का कार्यक्रम शुरू किया गया। मगर देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रबंधन में जिस स्तर की कोताही बरती जा रही है, कहीं वह आने वाले समय में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती की शक्ल में न सामने आए!

गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए चौंतीस राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से आए पानी के नमूनों की जांच की गई। जांच के बाद दूषित पाए गए कुल नमूनों में से केवल 26.31 नमूनों पर ही उपचारात्मक उपाय किए जा सके। दरअसल, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के घरों तक पहुंचाए जा रहे पानी की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पेयजल के नमूने को संग्रह कर उनकी जांच की जाती है। जांच में अगर कहीं का पानी दूषित पाया जाता है, तो वहां जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाती है। अव्वल तो सवाल यह है कि पेयजल को स्वच्छ रखने के लिए क्या किया गया। फिर अगर कुल दूषित नमूनों में से तिहत्तर फीसद पर उपचारात्मक उपाय भी नहीं किए जा सके, तो क्या इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई? क्या ऐसी ही लापरवाही की वजह से शहरों-महानगरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में लोगों के घरों तक पहुंचाए जाने वाले पेयजल के दूषित होने की समस्या और ज्यादा नहीं बढ़ती जा रही है?

यह छिपा नहीं है कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गंदा पानी पीने और उससे उपजी बीमारियों की चुनौती का सामना करने को मजबूर हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब देश भर में सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन की वजह पंद्रह लोगों की मौत और कई लोगों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने की खबर देश भर में चिंता का कारण बनी थी। मगर इंदौर कोई अकेला शहर नहीं है, जहां पेयजल खतरनाक स्तर तक दूषित हो गया। देश के अलग-अलग हिस्से से आए दिन गंदा पानी घरों तक पहुंचने या इसकी वजह से लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आती रहती हैं। मगर शायद ही कभी पेयजल और सीवर के पाइप को सुरक्षित दूरी पर रखने की योजना पर ठोस तरीके से काम किया गया। पीने से लेकर खाना पकाने और नहाने जैसी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिस पानी का उपयोग किया जाता है, उसका अधिकांश हिस्सा भूजल से आता है। अक्सर भूजल में आर्सेनिक, अमोनिया या अन्य जोखिम वाले तत्त्वों के बढ़ते जाने की रपट आती हैं। मगर इससे इतर हर घर जल अभियान के तहत जिस स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति का दावा किया जाता है, अगर वह भी दूषित है, तो आखिर सरकार इस मोर्चे पर क्या कर रही है।

# सुविधा बनाम जोखिम

कृत्रिम मेधा पर आधारित चैटजीपीटी को एक सुविधा के तौर पर इसलिए देखा गया था, ताकि जानकारी जुटाने के मामले में लोगों को आसानी हो। मुश्किल और जटिल सवालों का जवाब वह इंसानों की तरह दे। उसने ऐसा किया भी। मगर इस बात पर शायद गौर नहीं किया गया था कि इसे जिस स्वरूप में तैयार किया गया है, उसमें इसका बेजा इस्तेमाल भी आसानी से किया जा सकता है। हालत यह है कि इसके दुरुपयोग की वजह से अब मनुष्य की मेधा ही नहीं, उसका जीवन भी खतरे में आ रहा है। हत्या और आत्महत्या के मामले में 'चैटबाट' के बढ़ते दुरुपयोग को गंभीरता से लेने की जरूरत है। हाल ही में कनाडा के एक स्कूल में हुई गोलीबारी में चैटजीपीटी के दुरुपयोग की खबर सामने आई है। इस घटना में बुरी तरह जख्मी एक छात्रा के माता-पिता ने मुकदमे में आरोप लगाया कि 'चैटबाट' बनाने वाली ओपनएआइ को पहले से मालूम था कि चैटजीपीटी के जरिए हमलावर सामूहिक हत्या की योजना बना रहा था। इस मामले में ओपनएआइ का हैरान करने वाला जवाब है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, पर पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। इससे साबित होता है कि चैटजीपीटी का दुरुपयोग किस खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। निराशा की बात है कि इस पर नियंत्रण के लिए कोई नियामक नहीं है।

खास क्षमता से दक्ष चैटजीपीटी एक सलाहकार या सहयोगी की तरह काम करता है। यह व्यक्ति की मनोस्थिति के हिसाब से सवालों के जवाब देता है। हत्या या खुदकुशी के मामलों में इसके दुरुपयोग के कई मामले सामने आ चुके हैं। विचित्र बात है कि 'चैटबाट' गलत कदम उठाने को सही ठहरा देता है और अपनी या दूसरों की जान लेने के तरीके बता देता है। मगर इस तरह की गतिविधियों की निगरानी नहीं होती हो, ऐसा संभव नहीं है। कनाडा में हुई गोलीबारी के मामले में ओपनएआइ को हमलावर की गतिविधियों के बारे में पता था। अगर ऐसा है, तो समय रहते इसे रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा सकते हैं? तकनीक के सदुपयोग के साथ दुरुपयोग को रोकने की जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में इससे उपजने वाली स्थिति का बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

# सिमटते संसाधनों के बीच अक्षय ऊर्जा

**वैश्विक स्तर पर आज मनुष्य के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यही है कि प्रदूषण की रोकथाम कैसे की जाए। इससे प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत हो रही है। प्राकृतिक संसाधन लगातार घट रहे हैं। इन दोनों ही समस्याओं का एक ही समाधान है- अक्षय ऊर्जा का उपयोग एवं कार्यान्वयन।**

**चेतनादित्य आलोक**

प्रदूषण का दिनोंदिन बेकाबू होना, पृथ्वी पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों में तेजी से कमी तथा उनकी उपलब्धता की तुलना में अपेक्षाकृत अधिकाधिक दोहन किया जाना आज की बड़ी समस्याएं हैं। इससे सामान्यतः दुनिया के सभी देश और नागरिक प्रभावित हैं। वैश्विक स्तर पर आज मनुष्य के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि लगातार बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम कैसे की जाए, जो प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत की वजह बन गया है। दूसरी ओर, प्राकृतिक संसाधन निरंतर घट रहे हैं। इनके बिना आज सुखद जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। गौर करें, तो इन दोनों ही समस्याओं का एक ही समाधान है- अक्षय ऊर्जा का उपयोग एवं कार्यान्वयन। अक्षय ऊर्जा यानी ऊर्जा का ऐसा स्रोत, जिसका कभी क्षय नहीं हो। यह ऐसी स्वच्छ ऊर्जा है, जो वातावरण की स्वच्छता को न केवल बनाए रखने में सहयोगी है, बल्कि आज की वैश्विक पर्यावरणीय चिंताओं से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। सच कहा जाए, तो आज के दौर में यदि किसी भी राष्ट्र को सर्वांगीण रूप में विकसित बनाना है, तो उसे प्रदूषण रहित अक्षय ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों का उपयोग करना ही पड़ेगा, लेकिन शर्त यह है कि उनका उपयोग समुचित और व्यापक रूप में हो।

दरअसल, पृथ्वी पर ऊर्जा के परंपरागत संसाधन यथा- कोयला, पेट्रोलियम और कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस और लकड़ी इत्यादि सीमित मात्रा में हैं, जबकि सदियों से इनका अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, भारत सहित विश्व भर के कई देश बिजली जैसी ऊर्जा की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने सीमित और परंपरागत संसाधनों पर निर्भर हैं। इसके अलावा, पर्यावरणीय चुनौतियों यानी पर्यावरण असंतुलन और विस्थापन जैसी गंभीर समस्याएं भी हैं। ऐसे में, यदि ऊर्जा के इन परंपरागत संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं किया गया और इनका इसी प्रकार लगातार दोहन किया जाता रहा, तो ऐसी आशंका है कि निकट भविष्य में ऊर्जा के ये संसाधन समाप्त हो जाएंगे और दुनिया भर में ऊर्जा का गंभीर संकट पैदा हो जाएगा। ऊर्जा के आसन्न संकट को महसूस करते हुए विश्व भर में ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्रोतों के अधिक से अधिक उपयोग को बढ़ावा देने की जरूरत महसूस की गई। इसके बाद वैश्विक स्तर पर मनुष्य ने ऊर्जा के अक्षय स्रोतों से अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करने का प्रयास शुरू किया। भारत में भी ऊर्जा के अक्षय स्रोतों के विकास और उनके उपयोग को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वर्ष 2004 से ही प्रयास जारी हैं। इस वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर समुचित पहल किए जाने की भी जरूरत है।

दुनिया के कई देशों द्वारा समझदारी से इसमें निवेश करने से होने वाले संभावित लाभों का पता लगाने के उद्देश्य से वर्ष 2025 के मध्य में वैश्विक स्तर पर कराए गए एक सर्वेक्षण की रपट में अक्षय ऊर्जा के व्यापक उपयोग के अनेक लाभ बताए गए हैं। इसके अनुसार, यदि अक्षय ऊर्जा से जुड़े लक्ष्यों को समुचित ढंग से नीति बना कर उसे निवेश के साथ जोड़ा जाए, तो इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती तो मिलेगी ही, साथ ही, पर्यावरणीय चुनौतियों से भी बहुत हद तक मुक्ति मिलेगी। इतना ही नहीं,



अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में नीतिगत निवेश को बढ़ावा देकर दुनिया भर के करोड़ों लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

गौरतलब है कि इसके सभी लाभ तभी प्राप्त किए जा सकते हैं, जब दुनिया के सभी देशों के नागरिक अक्षय ऊर्जा को तेजी से अपनाएं। हालांकि,

> **अक्षय ऊर्जा में पर्याप्त निवेश को प्रोत्साहन देकर और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां अपना कर विश्व के सभी देश अपने नागरिकों को बिजली एवं रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसके अलावा, कुल 20.4 ट्रिलियन डालर की बचत भी कर सकते हैं। वैश्विक ऊर्जा समीक्षा के सुझावों को मान कर 19.3 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सकता है। तात्पर्य यह कि ऐसा कर 14.2 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन देकर कुपोषण के गर्त से बाहर निकाला जा सकेगा। वहीं 55 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जा सकेंगी।**

इस मामले में जब तक कोई सीमा निर्धारित नहीं की जाती, तब तक लोगों में भ्रम की स्थिति बनी रह सकती है। इसलिए बेहतर यही होगा कि हम अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजंसी (आइईए) की प्रथम वैश्विक ऊर्जा समीक्षा (जीआरई) के सुझावों को अंगीकार करते हुए अक्षय ऊर्जा यथा- सौर, पवन, जल एवं परमाणु ऊर्जा का तीन गुना उपयोग करें। इनके अलावा, हमें ऊर्जा की खपत को कम करने तथा जीवाश्म ईंधन जैसे पारंपरिक ईंधनों के उपयोग को धीरे-धीरे शून्य पर ले जाने का प्रयास भी करना होगा। यदि विश्व के सभी देशों ने इतना सब कुछ कर लिया, तो संभव है कि वर्ष 2060 तक कुल ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए जीवाश्म ईंधन पर उनकी निर्भरता मात्र 12 फीसद तक रह जाए। यह एक अत्यंत ही राहत की स्थिति मानी जा सकती है। इसका एक बड़ा लाभ यह भी होगा कि इससे पृथ्वी के तापमान को दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने में सफलता मिल सकेगी।

वहीं, अक्षय ऊर्जा में पर्याप्त निवेश को प्रोत्साहन देकर और सतत विकास के लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां अपना कर दुनिया के सभी देश अपने नागरिकों को बिजली और रसोई के लिए स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे अतिरिक्त कुल 20.4 ट्रिलियन डालर की बचत भी हो सकती है। वैश्विक ऊर्जा समीक्षा के सुझावों को मान कर 19.3 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया जा सकता है। तात्पर्य यह कि ऐसा करके 14.2 करोड़ लोगों को भरपेट भोजन देकर कुपोषण के गर्त से बाहर निकाला जा सकेगा। इनके अतिरिक्त, 55 करोड़ लोगों को पीने का साफ पानी और स्वच्छ वातावरण जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जा सकेंगी। पेरिस जलवायु समझौते में भारत की ओर से वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का जो लक्ष्य रखा गया था, उसे निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही उसका आधा पूरा कर लिया गया है। स्पष्ट है कि अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने संकल्पों को पूरा करने के लिए भारत ने सुधारात्मक नीतियों, समयबद्ध कार्य योजनाओं और जन भागीदारी से यह उपलब्धि हासिल की है।

भारत की यह उपलब्धि दुनिया के अन्य विकसित एवं विकासशील देशों के लिए भी अनुपम उदाहरण है। यह न केवल उसकी ऊर्जा नीति की दिशा में किए गए महत्त्वपूर्ण प्रयासों का द्योतक है, बल्कि जलवायु संबंधी अत्यंत गंभीर चुनौतियों से निपटने के वैश्विक प्रयासों में देश की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी प्रदर्शित करती है। भारत आज सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे तथा कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में भी चौथे स्थान पर पहुंच चुका है। इसी के साथ हम स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा में महत्त्वपूर्ण हस्तक्षेप भी कर रहे हैं। वर्ष 2014 से अब तक भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता में तीन गुना वृद्धि हो चुकी है।

हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि यथास्थितिवाद को त्याग कर दुनिया के अन्य देश भी अक्षय ऊर्जा का तीव्रता से विस्तार करें। सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप ऊर्जा नीतियां बनाएं और उन्हें अपनाएं भी। अन्यथा आज ही की तरह आने वाले दशकों में भी वे अपनी 70 फीसद ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं के लिए पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भर रहने के कारण पृथ्वी के तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। तापमान में इस संभावित वृद्धि का सीधा प्रभाव मनुष्य के स्वास्थ्य, भोजन, पोषण, स्वच्छता, बिजली, पानी इत्यादि पर पड़ेगा और करोड़ों लोग गरीबी में डूब जाएंगे।

# उपकार की छवियां

## दुनिया मेरे आगे

**फारूक आफरीदी**

मानव सभ्यता का अतीत जितना संघर्षों का इतिहास है, उतना ही परोपकार और सहानुभूति से भी भरा हुआ है। मनुष्य के भीतर एक स्वाभाविक करुणा का भाव होता है, जो उसे दूसरों के दुख में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करता है। यही भाव समाज को जोड़ता है, मनुष्यता को अर्थ देता है और जीवन को गरिमा प्रदान करता है। मगर आधुनिक समय में, विशेषकर डिजिटल युग के आगमन के बाद, इस करुणा की अभिव्यक्ति के रूप और उद्देश्य में एक विचित्र परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अब सहायता एक 'दिखावे' में भी तब्दील होती जा रही है। इस प्रवृत्ति में उपकार की छवियां कैमरे में कैद होकर सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं। क्या यह सचमुच सेवा है या सेवा के आवरण में स्वार्थ और आत्मप्रचार का एक नया रूप है?

भारतीय संस्कृति में सेवा को एक उच्चतम नैतिक कर्तव्य माना गया है। संत कबीर, महात्मा गांधी और अन्य अनेक विचारकों ने निस्वार्थ सेवा को मनुष्य का धर्म बताया है। सेवा का आदर्श यही रहा है कि वह बिना किसी प्रतिफल की अपेक्षा के यह कार्य करे। उसमें न अहंकार हो, न प्रदर्शन। सहायता का अर्थ किसी की पीड़ा को कम करना है, न कि उस पीड़ा को सार्वजनिक करके स्वयं को महान सिद्ध करना। मगर आज अक्सर कोई व्यक्ति किसी वंचित, गरीब या असहाय की मदद करता है, तो कैमरा तुरंत सामने आ जाता है। सहायता पाने वाला व्यक्ति एक ऐसा 'दृश्य' बन जाता है, जो 'लाइक, शेयर और कमेंट' की दुनिया में प्रसारित होता है। सेवा का भाव पीछे छूट जाता है। उसके बदले 'मान्यता की लालसा' आ जाती है।

सोशल मीडिया ने मनुष्य के जीवन के हर क्षेत्र को कई अर्थों में प्रभावित किया है। यह मंच जहां संवाद का माध्यम है, वहीं यह आत्म-प्रदर्शन का भी सबसे बड़ा मंच बन गया है। इस प्रवृत्ति ने परोपकार को भी प्रभावित किया है। अब परोपकार केवल एक नैतिक कर्तव्य नहीं, बल्कि 'डिजिटल प्रतिष्ठा' पाने का साधन बन गया है। गरीब को भोजन कराना, किसी जरूरतमंद को कपड़े, औषधि या किसी वृद्ध की सहायता करना जैसे कार्यों के साथ कैमरे की उपस्थिति अनिवार्य हो गई है। इस प्रवृत्ति का सकारात्मक पक्ष यह है कि इससे अन्य प्रेरणा लेते हैं, लेकिन इसका एक नकारात्मक पक्ष भी है, जिसमें सहायता पाने वाले व्यक्ति की निजता और अस्मिता की अनदेखी होती है।

जब कोई व्यक्ति किसी वंचित की सहायता करके उसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर डालता है, तब वह अनजाने में उस व्यक्ति की गरिमा का उल्लंघन कर रहा होता है। लाभार्थी अक्सर अपनी परिस्थितियों के कारण असहाय होता है। वह अपनी गरीबी या कठिनाई को सार्वजनिक नहीं करना चाहता, लेकिन सहायता पाने के लिए परिस्थितिवश उसे स्वीकार करना पड़ता है। जब उसकी तस्वीरें बिना उसकी अनुमति सार्वजनिक कर दी जाए, तब वह व्यक्ति एक 'वस्तु' बन जाता है। उसके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचती है। उसकी अस्मिता को आघात पहुंचता है।

यह प्रश्न केवल सामाजिक व्यवहार का नहीं, बल्कि नैतिकता और संवेदनशीलता का भी है। सेवा का कार्य तभी सार्थक होता है, जब उसमें संवेदनशीलता हो। हमें सहायता करते समय यह विचार करने की जरूरत है कि क्या हम उस व्यक्ति की स्थिति का उपयोग अपने लाभ के लिए तो नहीं कर रहे हैं? क्या हम उसकी पीड़ा को अपने 'कंटेंट' या प्रचारात्मक सामग्री में बदल रहे हैं? अगर उत्तर 'हां' है, तो यह सेवा नहीं, बल्कि शोषण का एक सूक्ष्म रूप है।

> **सेवा का कार्य तभी सार्थक होता है, जब उसमें संवेदनशीलता हो। अगर सहायता के समय हम उस व्यक्ति की भावनाओं और सम्मान का ध्यान नहीं रखते, तो वह सहायता अधूरी है। हमें सहायता करते समय यह विचार करने की जरूरत है कि क्या हम उस व्यक्ति की स्थिति का उपयोग अपने लाभ के लिए तो नहीं कर रहे हैं?**

कई बार सरकारें और संस्थाएं भी अपने कल्याणकारी कार्यों का प्रचार करने के लिए लाभार्थियों की तस्वीरें और वीडियो सार्वजनिक करती हैं। प्रचार कार्यों की जानकारी देना आवश्यक हो सकता है, लेकिन इसमें संतुलन और संवेदनशीलता की आवश्यकता है। शासन का दायित्व है कि वह नागरिकों की सहायता करे, न कि उसे एक प्रचार का साधन बनाए। अगर किसी योजना का लाभार्थी अपनी पहचान सार्वजनिक नहीं करना चाहता, तो उसकी निजता का सम्मान किया जाना चाहिए। संस्थाओं को भी यह समझना चाहिए कि उनका उद्देश्य सेवा है, न कि अपनी छवि निर्माण। हालांकि कई बार समाज में सकारात्मक कार्यों का प्रचार आवश्यक होता है, ताकि लोग प्रेरित और जागरूक हों।

इस समस्या का समाधान केवल नियमों से नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना से होगा। हमें अपनी सोच बदलनी होगी। सेवा का अर्थ गरिमा के साथ सहायता करना है। सहायता करते समय यदि फोटो लेना आवश्यक हो, तो लाभार्थी की स्पष्ट अनुमति ली जाए। तस्वीरों में व्यक्ति की पहचान को उजागर करने से बचा जाए। बच्चों और महिलाओं की तस्वीरें विशेष सावधानी से ली जाएं। समाज में यह शिक्षा दी जाए कि सेवा का मूल्य उसके प्रदर्शन में नहीं, बल्कि उसके प्रभाव में है। यह प्रश्न हमारे भीतर के मनुष्य से जुड़ा है। क्या हम किसी की मदद इसलिए कर रहे हैं कि उसका जीवन बेहतर हो, या इसलिए कि हमारी छवि बेहतर हो? उपकार की सच्ची छवि कैमरे में नहीं, बल्कि उस व्यक्ति की मुस्कान में दिखाई देती है जिसकी मदद की गई है। वह मुस्कान ही सेवा का सबसे बड़ा प्रमाण है। उसे किसी सोशल मीडिया पोस्ट की आवश्यकता नहीं होती। अगर हमारी सेवा किसी की अस्मिता को ठेस पहुंचाती है, तो वह सेवा नहीं, बल्कि एक प्रकार का अहंकार है।

ऐसे में यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी करुणा और सहानुभूति केवल 'छवियों' तक सीमित न रह जाए, बल्कि वह वास्तविक जीवन में सम्मान और संवेदना का रूप ले। तभी उपकार की छवियां सचमुच सुंदर और सार्थक बन पाएंगी- ऐसी छवियां जो कैमरे में नहीं, बल्कि मानवता के हृदय में अंकित होती हैं।

## राष्ट्रहित सर्वोपरि

वैश्विक राजनीति में ऊर्जा, व्यापार और कूटनीति का संबंध हमेशा से गहरा रहा है। हाल के घटनाक्रमों में अमेरिका ने भारत के रूस से तेल खरीदने के मुद्दे को लेकर जो रुख अपनाया, उसने अंतरराष्ट्रीय संबंधों की जटिलता को फिर उजागर कर दिया है। यूक्रेन युद्ध के बाद से अमेरिका लगातार भारत पर रूस से तेल खरीद कम करने का दबाव बनाता रहा है, लेकिन भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसकी ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि है और वह अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही निर्णय लेगा। भारत की ऊर्जा आवश्यकताएं बहुत बड़ी हैं और यह सस्ती तथा विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जहां से उचित लगे, वहां से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। यही कारण है कि रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए महत्त्वपूर्ण बना हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जब पश्चिमी देशों ने रूस पर प्रतिबंध लगाए, तब भारत ने संतुलित कूटनीति अपनाते हुए अपने राष्ट्रीय और आर्थिक हितों को प्राथमिकता दी। तब अमेरिका ने भारत पर अतिरिक्त शुल्क लगाने जैसे कदम उठाए। मगर भारत ने संयमित और आत्मविश्वासी नीति अपनाई और अपने निर्णय का बचाव किया।

*- विभूति बुपक्या, रतलाम. मप्र*

## टूटता भरोसा

बिहार में जनता दल (एकी) और भारतीय जनता पार्टी के बीच बना संतुलन बदला हुआ नजर आने लगा है। राज्य में बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार का राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करना, भाजपा की एक सोची-समझी चाल है। जाहिर है कि जनता दल (एकी) के गठबंधन के साथ ही वह प्रदेश की राजनीति की बागडोर अपने हाथ में लेना चाहती है। सोशल मीडिया पर बिहार के लोगों के प्रति नीतीश कुमार का शुक्रिया अदा करना, यह बताने के लिए काफी है कि वे भाजपा को आगे कर राज्य की राजनीति से दूर रहना चाहते हैं। क्या यह दोनों दलों का कोई छिपा हुआ एजंडा है? मौजूदा हालात में मतदाता निराशा दिख रहे हैं। उनका भरोसा टूटा है। सवाल है कि यह भरोसा अब कैसे कायम होगा। सत्ताधारी पार्टियां आगे क्या करेंगी, यह तो वक्त ही बताएगा। आने वाली सरकार को यह पक्का करना होगा कि नीतीश के कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्य पटरी से न उतरें।

*- युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद*

## चुनौतियों का दायरा

'जंग के मोर्चे' (संपादकीय, 9 मार्च) में इजराइल और अमेरिका के ईरान पर हमले से उत्पन्न संभावित कठिनाइयों से अवगत कराया गया है। स्वाभाविक है कि इस युद्ध से दुनिया भर के उन लोगों को भी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, जिनके देश की प्रत्यक्ष भागीदारी इस जंग में नहीं है। सवाल है कि आखिर यह जंग क्यों लड़ी जा रही है? क्या यह रोकी नहीं जा सकती थी? निस्संदेह मानवीयता और लोकतांत्रिक मूल्यों का दायरा बड़ा विस्तृत है। इस हिसाब से देखा जाए, तो इसके प्रति निष्ठा न तो इजराइल, अमेरिका और न ही ईरान की दिखलाई पड़ रही है। आखिर लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करने में वैश्विक संगठन से लेकर तमाम देशों की सरकारें नाकाम क्यों है। जबकि अमन-चैन से ही विकास संभव है। ऐसे युद्ध का दर्द इसके समाप्त होने के बाद भी वर्षों तक महसूस किए जाते रहेंगे। फिर भी सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं बढ़ा रहा है, तो यह अफसोस की बात है।

*- मुकेश कुमार मनन, पटना*

## हुनर की जगह

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप में न्यूजीलैंड को फाइनल में हरा कर ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह देश के लिए सचमुच गर्व की बात है। भारत में एक से बढ़ कर एक खिलाड़ी हैं। अगर कमी है, तो उन्हें खोजने और तराशने की। देश के हर जिले में क्रिकेट अकादमी स्थापित की जानी चाहिए। बहुत से ऐसे युवा होंगे जो सचिन, रोहित शर्मा और विराट की तरह क्रिकेट में कमाल कर सकते हैं। बहरहाल, भारत के जिन खिलाड़ियों ने क्रिकेट में भारत को शानदार जीत दिलवा कर टीम का रुतबा बढ़ाया है, उन्हें चाहिए कि वे उन युवाओं को हुनर देने का प्रयास करें, जो क्रिकेट में कुछ करने का जज्बा रखते हों। इसके लिए दिग्गज खिलाड़ियों को अपने गृहक्षेत्र या हो सके, तो दूसरे राज्यों में क्रिकेट के कोचिंग सेंटर खोलें और इसकी फीस इतनी कम रखें कि कमजोर वर्ग का युवा भी इसमें प्रवेश कर क्रिकेट का 'विराट' बन सके।

*- राजेश कुमार चौहान, जलंधर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## गर्भाशय कैंसर का पता लगाने के लिए आठ करोड़ महिलाओं की जांच की गई : सरकार

राज्यसभा में मंगलवार को सरकार ने कहा कि 14 वर्ष आयु की पात्र किशोरियों का देशव्यापी मानव पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों पर चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि राष्ट्रीय गैर संचारी रोग पोर्टल के अनुसार 17 फरवरी 2026 तक 8.73 करोड़ महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लिए जांच की जा चुकी है। उन्होंने कहा, 'देशव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान चल रहा है, जिसमें 14 वर्ष आयु की पात्र लड़कियों को लक्षित किया गया है। यह टीकाकरण निर्धारित सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), उप-जिला अस्पताल (एसडीएच), जिला अस्पताल (डीएच) और सरकारी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में किया जा रहा है।'

# पांच साल में साइबर अपराध शिकायत हर दिन नौ गुना बढ़ी

पंकज रोहिला

देश में तेजी से बढती तकनीक ने साइबर अपराध के जाल को बीते पांच साल में प्रतिदिन औसतन नौ गुना से भी ज्यादा बढ़ा दिया। हर दिन साढ़े छः हजार से अधिक शिकायत केंद्र सरकार के पास पहुंच रही है। वर्ष 2021 में साइबर अपराध की शिकायतों का प्रतिदिन औसत आंकड़ा 720 शिकायत तक था, जो कि वर्ष 2025 तक बढ़कर औसतन प्रतिदिन दिन 6582 शिकायत तक पहुंच गया है। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के आंकड़ों के आंकलन पर यह तथ्य सामने आया है।

साइबर अपराध की शिकायतों में हर साल इजाफा दर्ज किया जा रहा है। जहां वर्ष 2021 में साइबर अपराध शिकायतें औसतन प्रतिदिन 720 थी, वे वर्ष 2025 में बढ़कर 6582 तक पहुंच गई है। वार्षिक औसतन आंकड़ा वर्ष 2022 में 1902, 2023 में 3590 और वर्ष 2024 में 5257 शिकायत प्रतिदिन दर्ज किए गए, जो कि लगातार मामले बढ़ने की ओर इशारा कर रहे हें। गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार के मुताबिक मंत्रालय ने वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने और धोखाधड़ी करने वालों के द्वारा निधि की चोरी रोकने के लिए वर्ष 2021 में नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग और प्रबंधन प्रणाली (सीएफसीएफआरएमएस) की शुरुआत की थी। आइ4सी पर 31 दिसंबर 2025 तक 23.61 लाख से अधिक शिकायत दर्ज की गई है। इन शिकायतों के आधार पर कुल 8189 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि को बचाया जा सका है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय ने 31 दिसंबर तक पुलिस

### बीते वर्षों में दर्ज एनसीआरपी पर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें



| वर्ष | मामलों की संख्या |
|---|---|
| 2021 | 2,62,846 |
| 2022 | 6,94,446 |
| 2023 | 13,10,357 |
| 2024 | 19,18,835 |
| 2025 | 24, 02,579 |

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के मुताबिपक, वर्ष 2021 में साइबर अपराध की शिकायतों का प्रतिदिन औसत आंकड़ा 720 शिकायत तक था, जो कि वर्ष 2025 तक बढ़कर औसतन प्रतिदिन दिन 6582 शिकायत तक पहुंच गया है।

आंकड़ा

अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए मामलों के आधार पर 12.21 लाख सिम कार्ड और 3.03 लाख आइएमईआइ नंबर को ब्लाक कर दिया है। इसी प्रकार दिसंबर 2025 तक बैंकों से प्राप्त 21.65 लाख से अधिक पहचानकर्ता डेटा और 26.48 लाख लेयर म्यूल खातों को संदिग्ध रजिस्ट्री की भाग लेने वाली संस्थाओं को दिया गया है। इस पहल से 9055.27 करोड़ रुपए के लेनदेन को रोका जा सका है।

मंत्रालय के मुताबिक साइबर अपराध पोर्टल पर आने वाले शिकायतों को एफआइआर में बदलने और उन पर आगे की कार्रवाई यानी आरोप-पत्र दाखिल करने, गिरफ्तारी और शिकायतों के समाधान से जुड़े कार्य राज्य व केंद्र शासित क्षेत्र की संबंधित विधि प्रवर्तन एजंसियों द्वारा कानून के प्रावधान के तहत किया जाता है। आई 4 सी के तहत मेवात, जामतारा, अहमदाबाद, हैदराबाद, चंडीगढ़, विशाखापट्टनम और गुवाहाटी के लिए सात संयुक्त साइबर समन्वय टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों की मदद से देश भर में हो रहे साइबर अपराध और साइबर अपराध के गढ़ वाले क्षेत्रों पर सीधी नजर रखी जाती है।

दिसंबर 2025 तक साइबर अपराध से संबंधित 13299 से अधिक मामलों को विधि प्रवर्तन एजंसियों को सौंपे गए हैं। अपराधों में कमी लाई जा सके, इसके लिए साइबर अपराध की जांच, फारेंसिक, अभियोजन आदि के महत्वपूर्ण पहलूओं पर आनलाइन पाठ्यक्रम के माध्यम से पुलिस व न्याय अधिकारियों के क्षमता निर्माण पर काम किया जा रहा है। इसक लिए साइनट्रेन पोर्टल के माध्यम से एक अध्ययन कराया जाता है। 31 दिसंबर 2025 तक इस पोर्टल के माध्यम से 1, 47, 665 से अधिक पुलिस अधिकारियों ने पंजीकरण कराया है ओर 134423 से अधिक प्रमाण पत्र मंत्रालय की ओर से जारी किए जा चुके हैं।

# युद्ध : हवाई क्षेत्रों में बंदिश से विमानन क्षेत्र की बढ़ीं मुश्किलें

सर्वेश कुमार

खाड़ी देशों में संघर्ष की वजह से कतर, ओमान, बहरीन, कुवैत, इजराइल, ईरान सहित अन्य देशों के हवाई क्षेत्रों पर लगी पाबंदी से भारतीय एअरलाइंस की मुश्किलें लगातार बनी हुई हैं। पहले ही अप्रैल, 2025 से भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद है। भू-राजनीतिक अस्थितरता और संघर्ष के कारण खाड़ी समेत यूरोप के देशों के लिए हवाई रास्ता और लंबा हो गया है। इससे ईंधन की अधिक खपत और रोजाना सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से से विमानन कंपनियों की चिंता बढ़ने लगी है। पाबंदियों के बावजूद फंसे हुए नागरिकों को निकालने की राह में भी मुश्किलें पेश आ रही हैं।

पश्चिम एशिया संकट के कारण पिछले दस दिनों के दौरान रोजाना औसतन भारत की 200 से अधिक उड़ानें रद्द हुई हैं। इससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि खाड़ी देशों में फंसे यात्रियों को राहत देने के लिए सीमित सेवा की शुरुआत की गई, बावजूद इसके भारी संख्या में लोग अपने घरों को लौटने के इंतजार है।

विमानन क्षेत्र में उड़ानों के बड़े पैमाने पर रद्द होने की शुरुआत, कोविड-19 के बाद से शुरू हुई। जानकारों का कहना है कि ईरान संकट के साथ एक के बाद संघर्ष की चपेट में कई देशों के आने से दिलों के साथ साथ गंतव्यों तक की दूरी भी लगातार बढ़ रही है। विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञ जीएस बावा का कहना है कि कोविड महामारी के दौरान विमानों के भारी संख्या में लंबे समय तक रद्द होने की शुरुआत हुई। इसके बाद भी वैश्विक स्तर पर कई देशों में पिछले कुछ महीनों से संघर्ष का कमोबेश, विमानन क्षेत्र पर पड़ा। लेकिन, कोविड के बाद लोगों ने भी समझ लिया कि ऐसे हालात में कैसे यात्रा कर सकते हैं। भारतीय विमानन क्षेत्र ने कोविड के बाद काफी तेजी से खुद को दोबारा नए सिरे से आगे बढ़ने लगा।

विशेषज्ञ बावा के मुताबिक, विमानन सेवाओं का असर अर्थव्यवस्था पर है और विकसित भारत 2047 संकल्प को पूरा करने में भी इसकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा, अगर युद्ध लंबे समय तक जारी रहा तो इसका असर रोजगार, महंगाई समेत कई पहलुओं पर पड़ेगा। पहले ही पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र बंद होने से एअरलाइंस को वितत्तीय नुकसान का सामना करना पड़ रहा है और इस संघर्ष का भी असर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर यात्रियों पर पड़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालात सामान्य होने के बाद ही नुकसान का आकलन किया जा सकता है। विमानन क्षेत्र के जानकार, जीएस बाजवा ने कहा, ईरान संकट के कारण भारी संख्या में उड़ानें रद्द होने से विमानन क्षेत्र की मुश्किलें बरकरार हैं।



भू-राजनीतिक अस्थितरता और संघर्ष के कारण खाड़ी समेत यूरोप के देशों के लिए हवाई रास्ता और लंबा हो गया है। इससे ईंधन की अधिक खपत और रोजाना सैकड़ों उड़ानें रद्द होने से से विमानन कंपनियों की चिंता बढ़ने लगी है।

### मार्ग बदलने से 20 फीसद तक बढ़ी ईंधन की खपत

आइसीआरए (आइक्रा) के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 में भारतीय विमानन उद्योग को करीब 17-18 हजार करोड़ रुपए के घाटे का अनुमान है। यह नुकसान मुख्य तौर पर भू-राजनीतिक तनावों के कारण हो रहा है। ईरान-इजराइल संघर्ष और क्षेत्रीय तनाव के कारण उड़ानों के रूट में बदलाव से ईंधन की खपत 20 फीसद तक बढ़ गई है। एअरलाइंस को प्रति घंटा 6,000-10,000 डालर का अतिरिक्त खर्च वहन करना पड़ रहा है। मध्य पूर्व में मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण विमानों को अधिक ऊंचाई पर उड़ान भरना पड़ रहा है, जिससे ईंधन की खपत बढ़ रही है।

# स्वदेशी तकनीक से कम खर्च में होगा दुर्लभ रोगों का इलाज

राकेश शर्मा

दुर्लभ रोग से पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए स्वदेशी तकनीक आने वाले समय में बड़ी राहत बनकर उभरेगी। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के नेतृत्व में जीन उपचार, दवा पुनः उपयोग और क्रिस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शार्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स (क्रिस्पर कास) तकनीक पर गहन शोध चल रहा है। 'क्रिस्पर कास' एक जीन-एडिटिंग तकनीक है, जो आणविक कैंची की तरह काम करती है। यह डीएनए के विशिष्ट हिस्सों को सटीक रूप से काटने, हटाने या बदलने की अनुमति देती है, जिससे अनुवांशिक बीमारियों का उपचार संभव हो सकेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि स्वदेशी तकनीक विकसित हो जाती है तो आने वाले समय में इन दुर्लभ रोगों के इलाज का खर्च 100 गुना तक कम हो सकता है। वर्तमान समय में इन रोगों के उपचार की लागत बेहद अधिक है। कई मामलों में इलाज का खर्च प्रति मरीज 10 लाख रुपए से 30 करोड़ रुपए तक पहुंच जाता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में मरीज आर्थिक कारण से उपचार नहीं करा पाते। इन रोगों के इलाज को प्रभावी के साथ किफायती बनाने के लिए भारत सहित दुनिया भर में अनुसंधान जारी है।

देश में चल रहे शोध में जीन उपचार तकनीक के तहत रोग के मूल कारण मौजूद दोष को ठीक करने की कोशिश की जाती है। इसके अलावा दवाओं के पुनः उपयोग के माध्यम से पहले से उपलब्ध दवाओं का नए रोगों में उपयोग करने की संभावना भी तलाश की जा रही है। वहीं, 'क्रिस्पर कास' तकनीक के जरिए जीन में मौजूद खराब हिस्से को काटकर ठीक करने की दिशा में शोध चल रहा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि आने वाले दस सालों में इस क्षेत्र में काफी बदलाव मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि भारत में विकसित तकनीक न केवल देश के मरीजों के लिए सुलभ होगी, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उपयोगी साबित हो सकती है। आइसीएमआर दिल्ली की वैज्ञानिक डाक्टर मोनिका पाहुजा का कहना है कि आने वाले सालों में स्वदेशी तकनीक विकसित होगी। अभी विदेशी दवाएं व तकनीक काफी महंगी होती है।

**पांच फीसद को मिलता है इलाज** : डाक्टर पाहुजा का कहना है कि करीब 450 दुर्लभ रोगों की पहचान की जा चुकी है, लेकिन इनमें से केवल पांच फीसद रोगों का ही उपचार उपलब्ध है। 90 से 95 फीसद रोग ऐसे हैं जिनका अभी तक कोई प्रभावी इलाज मौजूद नहीं है। चिंताजनक बात यह भी है कि दुर्लभ रोगों से प्रभावित करीब 70 फीसद मरीज बच्चे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार देश में लगभग 14 लाख लोग किसी न किसी दुर्लभ रोग से पीड़ित हैं। औसतन हर दस हजार लोगों में से एक व्यक्ति में इस रोग के लक्षण दिखते हैं। इस रोग के होने का कारण जीन में होने वाला परिवर्तन (म्यूटेशन) है। जीन में यह बदलाव शरीर में खराब प्रोटीन बनने की प्रक्रिया को बढ़ा देता है, जिससे शरीर की सामान्य जैविक क्रियाएं प्रभावित होने लगती हैं। यही कारण है कि इन रोगों का उपचार जटिल और चुनौतीपूर्ण माना जाता है। इन रोगों के इलाज के लिए सरकार भी मदद करवाती है। करीब 12 संस्थान में इन रोगों का इलाज होता है। अभी इनमें करीब 4664 मरीज पंजीकृत हैं।



मौजूदा समय में 95 फीसद तक दुर्लभ रोगों का नहीं है इलाज। मरीज को इलाज के लिए करने पड़ते करोड़ों रुपए खर्च।

स्वास्थ्य

कृषि



त्रिपुरा की राजधानी अगरतला के पास मंगलवार को धान की रोपाई करते किसान।

# पर्यावरण मंजूरी में तेजी के लिए निकाय के गठन का प्रस्ताव

जनसत्ता विशेष

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने देश के विभिन्न राज्यों में पर्यावरण संरक्षण संबंधी मंजूरी जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एक अलग निकाय के गठन का प्रस्ताव रखा है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों के मुताबिक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण प्रभाव आकलन पर स्थायी प्राधिकरण (एसएईआइए) नामक एक प्राधिकरण के गठन के लिए एक मसविदा अधिसूचना जारी की है। इसके अलावा मंत्रालय ने प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश के लिए पर्यावरण प्रभाव आकलन पर एक स्थायी समिति (एससीईआइए) के गठन का भी प्रस्ताव रखा है।

कदम

पर्यावरण मंत्रालय की ओर से पिछले सप्ताह जारी मसविदा अधिसूचना के मुताबिक, 'ये दोनों नए निकाय राज्य स्तर पर श्रेणी बी के अंतर्गत आने वाली विकास परियोजनाओं का मूल्यांकन करेंगे और समय पर पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्रदान करेंगे।

श्रेणी बी की परियोजनाओं में निर्माण, भवन निर्माण, खनन और उद्योग शामिल हैं।' मसविदा अधिसूचना के अनुसार नए निकाय वर्तमान निकायों के निष्क्रिय हो जाने की स्थिति में कार्य करेंगे, जिनकी अधिकतम परिचालन अवधि छह महीने होगी और जिसे अतिरिक्त छह महीने तक बढ़ाया जा सकता है। यदि राज्य स्तरीय समिति द्वारा 120 दिनों की अवधि के भीतर आवेदन का मूल्यांकन नहीं किया जाता है, तो आवेदन को विचार के लिए एससीईआइए को भेज दिया जाएगा।

इससे पहले, 2006 की पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना के तहत, केंद्र ने श्रेणी बी विकास परियोजनाओं का मूल्यांकन करने के लिए दो महत्वपूर्ण राज्य स्तरीय निकायों की स्थापना की थीः राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (एसईआइएए) और राज्य स्तरीय विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति (एसईएसी)। इन निकायों में पर्यावरण विशेषज्ञ शामिल थे।

# अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में विश्व शांति की अपील

सुनील दत्त पांडेय

देवभूमि उत्तराखंड के ऋषिकेश में गंगा के पावन तट पर अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन में 80 देशों के 1500 योग साधकों ने पूरी दुनिया से युद्ध के मार्ग की बजाय योग मार्ग को अपनाने अपील की हैं। युद्ध की विभीषिका में उलझे हुए अमेरिका, इजरायल ,ईरान ,रूस ,यूक्रेन सहित विभिन्न देशों से युद्ध समाप्त कर समस्या का समाधान शांतिपूर्वक माहौल में बातचीत से करने की अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव में विश्व योग बिरादरी से जुड़े हुए देशों ने बहुत भावनात्मक अपील की है।

संदेश

विश्व बिरादरी का कहना है कि युद्ध किसी चीज का समाधान नहीं है, समाधान शांति वार्ता ही है और योग मनुष्य में एकाग्रता का भाव पैदा करता है और योग पूरी दुनिया को जोड़ने का काम करता है।

इसीलिए विश्व योग बिरादरी अपील करती है कि युद्ध के मैदान में डटे हुए देश युद्ध के मैदान से वापस आए और शांति बनाए रखने के लिए बातचीत करें और युद्ध नहीं योग को चुने। भले ही अमेरिका, इजरायल, ईरान, रूस, यूक्रेन युद्ध के मैदान में डटे हो, परंतु इन देशों के योगाचार्य परमार्थ निकेतन ऋषिकेश में गंगा के तट पर एक साथ रह रहे हैं और योग कर रहे हैं और साथ ही शांति का संदेश पूरी दुनिया को दे रहे है। 9 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाले 38 वें सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव की इस बार सबसे बड़ी खासियत यह है कि महोत्सव में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों ने आयोजित विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां समर्पित कीं।

इस अवसर पर विश्व शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गई, विशेष रूप से मध्य पूर्व के देशों में शांति, सद्भाव और मानवता की स्थापना के लिए सामूहिक सर्वमंगल की प्रार्थना की गई। इस तरह इस बार अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव हिमालय की गोद और मां गंगा के पवित्र तट पर पूरी मानवता को एक सूत्र में जोड़ने वाला वैश्विक आध्यात्मिक संगम बन गया है।विश्व के विभिन्न देशों से आए हजारों योग साधक, आध्यात्मिक गुरु और योग जिज्ञासु यहां एकत्र होकर योग, ध्यान, प्राणायाम और साधना के माध्यम से शांति, संतुलन और समरसता का संदेश दे रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के मुख्य आयोजक और परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानंद मुनि का कहना है कि इस महोत्सव का उद्देश्य केवल योग का अभ्यास कराना ही नहीं, बल्कि मानव चेतना को जागृत करना और मानवता को एकत्व प्रदान करना है। ताकि पूरे विश्व में शांति स्थापित हो सके। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि 'आज जब विश्व विभाजन, संघर्ष और असंतोष की पीड़ा से जूझ रहा है, ऐसे समय में हम योग के माध्यम से सम्पूर्ण वैश्विक परिवार को गंगा के पावन तट और हिमालय की दिव्य गोद में एकत्र किया है ताकि यहां से वे शांति, सद्भाव और एकात्मता का दिव्य संदेश लेकर जाएं। उत्तराखण्ड केवल एक भूभाग नहीं, बल्कि योग की भूमि, तप की भूमि, त्याग की भूमि और गहन ध्यान की पवित्र साधना-स्थली है।



संपादकीय जागरण

बुधवार, 11 मार्च, 2026 : चैत्र कृष्ण - 8 वि. 2082

धैर्य ही विपत्ति में ढाल बनता है

## आवश्यक वस्तु अधिनियम

**अमेरिका-इजरायल** और ईरान के बीच युद्ध के चलते देश में रसोई गैस के साथ वाहनों में प्रयुक्त होने वाली गैस की किल्लत रोकने के लिए केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने का जो फैसला किया, वह यही बताता है कि गैस की कमी होने की आशंका उभर आई है और सरकार ऐसा नहीं होने देना चाहती। इस अधिनियम के लागू होने के बाद देश की तमाम रिफाइनरियों और पेट्रो केमिकल यूनिट्स को अपने अन्य उत्पादों की तुलना में एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता देनी होगी। इसके अलावा सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की न तो जमाखोरी होने पाए और न ही उसकी कालाबाजारी। यह शुभ संकेत नहीं कि देश के कुछ शहरों में रसोई गैस की कालाबाजारी होने की आशंका उभर आई है। इसके अलावा इसका भी खतरा पैदा हो गया है कि मुनाफाखोर रसोई गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर सकते हैं। सरकारी तंत्र को इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि गैस की किल्लत को लेकर अफवाहें न फैलने पाएं, क्योंकि जब ऐसा होता है, तब लोग अनावश्यक रूप से चिंतित हो जाते हैं। इस चिंता के कारण ही कहीं-कहीं गैस सिलेंडरों के लिए लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्पष्ट है कि लोगों को भी धैर्य धारण करना होगा और अफवाहों को लेकर सचेत रहना होगा। यह ध्यान रहे कि चंद दिनों पहले पेट्रोल एवं डीजल की कोई कमी न होने के बाद भी कुछ जगह ऐसी अफवाह फैल गई थी कि उनकी कमी होने जा रही है। इस स्थिति से तभी बचा जा सकता है, जब अफवाहों को फैलने से रोका जाए और संबंधित प्रशासन की ओर से आवश्यक सूचनाएं समय पर प्रसारित की जाती रहें।

आखिर जब संबंधित मंत्रालय और विभागों की ओर से इसके लिए आश्वस्त किया जा रहा है कि फिलहाल गैस की कोई कमी नहीं, तब फिर किसी को बिना जरूरत अतिरिक्त गैस सिलेंडर पाने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। यह सही है कि पश्चिम एशिया से तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है, क्योंकि उनकी आपूर्ति करने वाला होर्मुज जल मार्ग ठप हो गया है, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि सरकार रूस, कनाडा के अलावा अफ्रीकी देशों से तेल के साथ गैस की आपूर्ति के हरसंभव जतन कर रही है। गैस की कमी रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी सचेत रहना होगा। उचित यह होगा कि जैसे केंद्र सरकार ने जमाखोरी-कालाबाजारी पर निगरानी के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की, वैसी ही समितियां राज्य सरकारें भी गठित करें। इसी के साथ यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि न तो घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस सिलेंडर में कमी आने पाए और न ही कमर्शियल सिलेंडर की किल्लत होने पाए, क्योंकि इससे होटल-रेस्त्रां उद्योग प्रभावित होंगे और इसका असर अन्य अनेक लोगों पर भी पड़ेगा।

## सराहनीय पहल

**दिल्ली विकास प्राधिकरण** (डीडीए) ने नरेला में 75 एकड़ में 'मल्टी स्पोर्ट्स इंटीग्रेटेड स्टेडियम' बनाने की योजना तैयार की है। यह स्टेडियम न केवल दिल्ली का सबसे बड़ा खेल परिसर होगा, बल्कि आधुनिक सुविधाओं में अंतरराष्ट्रीय मानकों को भी टक्कर देगा। डीडीए ने इसके निर्माण के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। राजधानी के बाहरी दिल्ली क्षेत्र में बनने वाले इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता 80,000 होगी, जो वर्तमान में अरुण जेटली स्टेडियम (55,000 क्षमता) से कहीं अधिक बड़ा होगा। यहां क्रिकेट के साथ ही टेनिस, बैडमिंटन, स्क्वैश, टेबल टेनिस और स्विमिंग पूल जैसी विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं मिलेंगी। राजधानी के युवाओं के लिए दिल्ली सरकार की ये पहल सराहनीय है।

> डीडीए अधिकारियों को योजना पर तेजी से काम करके धरातल पर उतारना चाहिए, ताकि समय पर खेल परिसर तैयार हो सके

दिल्ली में इस स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बनने से न केवल स्थानीय युवाओं को खेलों में अपना करियर बनाने के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि दिल्ली के इस इलाके के आर्थिक विकास को भी एक नई रफ्तार मिलेगी। डीडीए के अधिकारियों को योजना पर तेजी से काम करके इसे धरातल पर उतारना चाहिए ताकि राजधानी के युवाओं को समय पर यह खेल परिसर मिल सके। इससे भविष्य में ओलिंपिक जैसे बड़े आयोजनों के लिए दिल्ली मजबूती के साथ दावेदारी भी कर सकेगी।

### कह के रहेंगे


माधव जोशी




### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या ईरान के जवाबी हमले अमेरिका और इजरायल की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं?**




**आज का सवाल**

क्या आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू होने से आपूर्ति श्रृंखला सुगम बनी रहेगी?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# सफलता को व्यापक स्वरूप देने का समय



तरुण गुप्त

**सफेद गेंद क्रिकेट में शानदार सफलता को अन्य खेलों में दोहराने के लिए खेल संस्कृति के विकास की भी प्रतीक्षा है**

भारत में आज क्रिकेट लेखक एक सुखद दुविधा से गुजर रहे हैं। जैसे-जैसे हमारे क्रिकेटर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, लेखकों को उनकी जीत और इस ऐतिहासिक निरंतरता के गुणगान के लिए शब्दकोशों में नए विशेषणों, ताजा अभिव्यक्तियों और सटीक मुहावरों की तलाश करनी पड़ रही है। पिछले तीन वर्षों में सीमित ओवरों की भारतीय टीम ने आकाशीय ऊंचाइयों को छुआ है। 2023 के वनडे विश्व कप फाइनल की हृदयविदारक हार के बाद से हमारी सफलता का ग्राफ निरंतर ऊपर ही रहा है। हमने 2024 का टी-20 विश्व कप जीता, मार्च 2025 में चैंपियंस ट्राफी, अक्टूबर 2025 में एशिया कप और अब सफलतापूर्वक अपने टी-20 खिताब का बचाव किया है। इस हालिया जीत से कई उपलब्धियां पहली बार हासिल हुईं। भारत ने रिकार्ड तीसरा टी-20 विश्व कप खिताब जीता और हम खिताब का बचाव करने वाली और पहली विजेता मेजबान टीम बने। पिछले पांच बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में से हमने चार जीते और उनमें हमारा जीत-हार का रिकार्ड 37-2 रहा है। यह वास्तव में भारतीय टीम की निरंतरता और प्रभुत्व का ठोस प्रमाण है। हर सफलता कुछ शौर्यगाथाओं को जन्म देती है। सुखद यह है कि इस विजयगाथा में योगदान देने वाले इतने अधिक खिलाड़ी हैं कि सभी को याद रखना या कुछ ही लोगों की प्रशंसा करना कठिन हो जाता है। यह एक बेहतरीन स्थिति है। आखिरकार क्रिकेट एक टीम खेल ही है, जहां व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक टीम की सफलता मायने रखती है-वह दर्शन जिस पर जोर देने का कोई अवसर कोच गंभीर कभी नहीं छोड़ते।

खेल से जुड़े उतार-चढ़ाव भी इस पूरे टूर्नामेंट में दिखाई दिए। संजू सैमसन, जो मूल टीम का हिस्सा भी नहीं थे, 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' बनकर उभरे। अभिषेक शर्मा, जो हमारे प्रमुख बल्लेबाज के रूप में टूर्नामेंट में गए थे, शुरुआती खराब फार्म के दौर से गुजरे। जब उनकी जगह पर सवाल उठने लगे, तब उन्होंने फाइनल में एक शानदार पारी खेली। इशान किशन ने चिरप्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और व्यक्तिगत दुख के बावजूद फाइनल में हमारे सलामी बल्लेबाजों द्वारा प्रदान की गई लय को आगे बढ़ाया। हमारी यह जीत कप्तान के महत्वपूर्ण योगदान के बिना भी (सिवाय अमेरिका के विरुद्ध पहले मैच में) संभव हो सकी। इसमें जहां तिलक वर्मा और पांड्या ने कुछ अवसरों पर स्थिति को संभाला, वहीं शिवम दुबे ने एक फिनिशर के रूप में अपने प्रदर्शन से निरंतरता की छाप छोड़ी। बुमराह बेशक एक अभूतपूर्व खिलाड़ी बने हुए हैं। वे दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 'आल फार्मेट' गेंदबाज हैं। भारत के लिए सौभाग्य की बात है कि दुनिया भर के बल्लेबाज अब तक उनकी काट नहीं ढूंढ़ पाए हैं। वहीं, अक्षर पटेल ने गेंद के साथ-साथ मैदान पर अपनी सूझबूझ और फुर्ती से महत्वपूर्ण योगदान दिया।



अवधेश राजपूत

प्रशंसा के लिए लगभग पूरी टीम का उल्लेख आवश्यक है। यह हमारी सामूहिक शक्ति और खेल में गहरी पैठ का प्रमाण है। यह सुनिश्चित करता है कि खिलाड़ी निरंतर कड़ी मेहनत और प्रदर्शन के प्रति सचेत रहें। यहां पुरानी उपलब्धियों पर सुकून से बैठने का समय नहीं मिलता, क्योंकि प्रतिभाशाली युवाओं की एक लंबी कतार हमेशा जगह लेने के लिए तैयार रहती है। इससे असुरक्षा या दबाव पैदा हो सकता है, लेकिन यही भाव क्रिकेटरों को शिथिलता से परहेज करने के लिए प्रेरित करता है, जो लंबे करियर के लिए एक आवश्यक तत्व है।

जीत जश्न मनाने का अवसर है, लेकिन निरंतरता के लिए आत्मनिरीक्षण भी जरूरी है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में हमने विशेष सफलता हासिल की है, लेकिन खेल के मूल यानी टेस्ट प्रारूप का क्या? 2025 के इंग्लैंड के दौरे को छोड़ दें, तो पिछले डेढ़ साल में टेस्ट प्रारूप में हमारा प्रदर्शन औसत से नीचे रहा है। हम आस्ट्रेलिया में हारे और घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ सूपड़ा साफ होने की जिल्लत झेलनी पड़ी। वह शायद भारतीय टेस्ट टीम के लिए सबसे निचला स्तर था। अतीत की महान टीमें चाहे वह सत्तर और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज हो या 2000 के दशक की आस्ट्रेलिया-हर परिस्थिति में सभी प्रारूपों पर राज करती थीं। यह प्रशासकों के सोचने का विषय है कि जहां आइपीएल सीमित ओवरों की प्रतिभा निखारने का बेहतरीन माध्यम है, वहीं पांच दिवसीय क्रिकेट में इसे दोहराने के लिए हमें घरेलू क्रिकेट-वही पुराने रणजी ट्राफी, दलीप ट्राफी और ईरानी कप-पर अधिक ध्यान देना होगा। हमारी बल्लेबाजी में तो गहराई है, पर गेंदबाजी को और पैना करने की जरूरत है। हम बुमराह पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं और अश्विन की विदाई ने एक ऐसी रिक्तता पैदा की है, जिसे भरना कठिन है।

22 गज की पट्टी से परे देखें तो एक खेल राष्ट्र के रूप में भारत का उदय अभी अधूरा है। जनसंख्या और अर्थव्यवस्था को देखते हुए हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी क्षमताओं से काफी कम प्रदर्शन कर रहे हैं। एक ही खेल में उत्कृष्टता-जहां हम सबसे बड़ी वित्तीय शक्ति हैं-और कुछ अन्य खेलों में छिटपुट सफलता समग्र निराशाजनक परिणाम की भरपाई नहीं कर सकती। एक व्यापक रणनीतिक योजना आवश्यक है, ताकि समय के साथ प्रभावी प्रगति और निरंतर सफलता सुनिश्चित हो सके। हमारी जनसांख्यिकी में आनुवंशिकी (जेनेटिक्स) की जो कमी हो सकती है, उसे प्रशिक्षण, अनुकूलन और पोषण के माध्यम से दूर करना होगा। बदलाव आने में पीढ़ियां लगती हैं और निरंतर ठोस प्रयासों का कोई विकल्प नहीं होता। कहते हैं कि 'हजार मील की यात्रा एक छोटे कदम से शुरू होती है।' लेकिन इससे पहले कि हम इस यात्रा पर निकलें, एक खेल संस्कृति विकसित करना आवश्यक है। एक समाज का खेलों के प्रति केवल 'उपयोगितावादी' दृष्टिकोण नहीं हो सकता। हर कोई पेशेवर खिलाड़ी नहीं बनेगा, न ही हर व्यक्ति खेल में श्रेष्ठता के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश या रोजगार नियुक्ति सुनिश्चित कर पाएगा। फिर भी, केवल खेलने के आनंद के लिए खेलना और खेल के आंतरिक लाभों को आत्मसात करना आवश्यक है। जैसा कि कहा गया है, 'आपके पास जो भी प्रतिभा है, उसका उपयोग करें। याद रहे कि जंगल खामोश हो जाएंगे यदि केवल वही पक्षी गाएंगे, जो सबसे अच्छा गाते हैं।'

(लेखक दैनिक जागरण के प्रबंध संपादक हैं)

response@jagran.com

# सुहाने सपने दिखाते सिविल सेवक

संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी की परीक्षा को देश ही नहीं, दुनिया की कठिनतम परीक्षाओं में से एक माना जाता है। इसी कारण इस परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों के नाम सबका ध्यान खींचते हैं। सफल अभ्यर्थी और विशेष रूप से शीर्ष स्थान अर्जित करने वाले अपने माता-पिता और शिक्षण संस्थान का नाम रोशन करते हैं। जो साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, उनकी सफलता पूरे समुदाय में गर्व का भाव जगाती है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि भारतीय समाज में आइएएस और विशेष रूप से कलेक्टर यानी डीएम बनना प्रतिष्ठा का परिचायक रहा है। यूपीएससी यानी सिविल सेवा परीक्षा पास करना प्रतिष्ठा का कितना बड़ा विषय है, इसे इससे समझा जा सकता है कि कई जगह सफल अभ्यर्थियों का गाजे-बाजे के साथ स्वागत-सत्कार होता है।

बीते दिनों यूपीएससी परीक्षा में सफल रहे कई अभ्यर्थियों का उनके गांव-घर में कुछ उसी भव्य तरीके से स्वागत किया गया, जैसे किसी नवनिर्वाचित नेता के चुनाव जीत लेने पर होता है। एक अभ्यर्थी ने अपने स्वागत के समय कार में सवार होकर जनता का अभिवादन किया और लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं। एक के स्वागत में लोग संगीत की धुन पर नाचते और अभ्यर्थी को नोटों की माला पहनाते दिखे। एक अन्य के काफिले में लैंड रोवर, डिफेंडर जैसी लक्जरी गाड़ियां नजर आईं। कुछ पुराने सिविल सेवकों ने सफल अभ्यर्थियों के नेताओं सरीखे ऐसे भव्य स्वागत पर असहमति और अप्रसन्नता प्रकट की। कुछ ने उन्हें नसीहत दी कि यूपीएससी परीक्षा पास करना मात्र कोई इतनी बड़ी उपलब्धि नहीं कि उनका ढोल बजाकर स्वागत किया जाए। इस असहमति का कुछ मूल्य-महत्व हो सकता है, लेकिन क्या कोई उस पर ध्यान देगा?

आने वाले दिनों में यूपीएससी में सफल अभ्यर्थियों के ऐसे साक्षात्कार पढ़ने-सुनने को मिल सकते हैं, जिनमें वे बताएंगे कि कैसे देश और समाज सेवा के जज्बे ने उन्हें सिविल सेवक बनने को प्रेरित किया। लगभग हर सफल अभ्यर्थी का स्वर यही होता है कि वह समाज के लिए कुछ करना चाहता था और इसका सबसे उत्तम उपाय सिविल सेवा में जाना था। इसमें संदेह नहीं कि आइएएस, आइपीएस जैसे पद सबसे सामर्थ्यवान हैं। इन पर आसीन होने वाले अपने विभाग या क्षेत्र की तस्वीर और लोगों का भाग्य बदल सकने में समर्थ होते हैं, पर क्या औसत सिविल सेवक ऐसा कर पा रहे हैं? यह वह प्रश्न है, जिस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।



राजीव सचान

**ऐसे सिविल सेवकों की कमी नहीं, जिन्होंने समाज सेवा की बड़ी-बड़ी बातें की थीं, पर बाद में वे भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए**




बदलाव की मांग करती सिविल सेवा ● फाइल

सिविल सेवकों को प्रशासनिक सेवा की रीढ़ माना जाता है। प्रशासन में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस मनाया जाता है, क्योंकि 1947 में इसी तिथि को सरदार पटेल ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रथम बैच के अधिकारियों को संबोधित किया था। इसी संबोधन में उन्होंने सिविल सेवकों को इस्पाती ढांचे की संज्ञा दी थी, पर पिछले काफी समय से यह स्वर उभर रहा है कि इस इस्पाती ढांचे को जंग लग चुकी है। इसी के साथ सिविल सेवकों की कार्यप्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता भी जताई जा रही है। कहना कठिन है कि इस आवश्यकता की पूर्ति होगी या नहीं, क्योंकि मनमोहन सरकार के समय जिस प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया था, उसकी सिफारिशों पर आज तक अमल नहीं हुआ। यह अमल मोदी सरकार की ओर से बार-बार यह कहते रहने के बाद भी नहीं हुआ कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाई गई है। इस कथित जीरो टालरेंस नीति के बावजूद नौकरशाहों के भ्रष्टाचार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

नौकरशाहों के साथ नेताओं के भ्रष्टाचार के मामले सामने आते ही रहते हैं। आम तौर पर नेता तभी भ्रष्टाचार करने में समर्थ होते हैं, जब उन्हें भ्रष्ट नौकरशाहों का साथ मिलता है। अपने देश में भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई मुश्किल से हो पाती है। कई बार भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप से घिरे नेताओं को तो राजनीतिक तौर पर नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन ऐसे ही आरोपों से दो-चार नौकरशाहों का मुश्किल से ही कुछ बिगड़ पाता है। एक तो उनके भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जांच बहुत मुश्किल से हो पाती है और दूसरे, जांच में कठिनाई से ही दूध का दूध और पानी का पानी हो पाता है। ऐसे सिविल सेवकों की गिनती करना कठिन है, जिन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास करते समय समाज सेवा करने की बड़ी-बड़ी बातें की थीं, लेकिन बाद में वे भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए। विडंबना यह कि इनमें से कुछ वे भी रहे, जो अपने बैच के टापर थे या फिर जिनकी ख्याति इसलिए हुई थी कि उन्होंने पहले ही प्रयास में प्रथम 10 या 20 सफल अभ्यर्थियों में स्थान हासिल किया था अथवा सबसे कम उम्र के सफल अभ्यर्थी बने थे। निःसंदेह ईमानदार और कर्मठ सिविल सेवकों की भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि वही प्रशासन की इज्जत बचाए हुए हैं, लेकिन यह ध्यान रहे कि भ्रष्ट सिविल सेवक निष्ठावान सिविल सेवकों की बदनामी का कारण बनते हैं। इसलिए यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि भ्रष्ट सिविल सेवकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और अपना काम सही से करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। महिमामंडन भी उन्हीं का होना चाहिए, न कि केवल सुहाने सपने दिखाने वालों का।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

### ऊर्जा

## परिष्कार

परिष्कार से आशय है-किसी वस्तु, विचार, व्यवहार या व्यक्तित्व को और अधिक परिमार्जित करके शुद्धता एवं उत्कृष्टता के उच्चतर स्तर तक ले जाना। यह वस्तुतः आंतरिक गुणों के निखार की प्रक्रिया है। मनुष्य के व्यक्तित्व का निरंतर परिष्कार नितांत आवश्यक है, क्योंकि मनुष्य जन्म से ही पूर्ण नहीं होता। वह संभावनाओं का एक बीज लेकर इस संसार में आता है। इन संभावनाओं को विकसित करने के लिए शिक्षा, संस्कार, अनुभव और आत्मचिंतन की आवश्यकता होती है। यदि मनुष्य अपने व्यवहार, विचार और कार्यों का सतत मूल्यांकन करता रहे और उनमें सुधार लाने का प्रयास करता रहे, तो उसका व्यक्तित्व धीरे-धीरे निखरता रहेगा। परिष्कार की सबसे बड़ी आवश्यकता मनुष्य के विचारों को होती है, क्योंकि विचार ही कर्म का आधार होते हैं। यदि विचार शुद्ध, सकारात्मक और उदात्त हों, तो कर्म भी श्रेष्ठ होंगे। अतः विचारों का परिष्कार अत्यंत आवश्यक है।

शिक्षा को परिष्कार का सबसे प्रभावी माध्यम माना गया है। सच्ची शिक्षा वही है जो मनुष्य में विवेक, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी का भाव जगाती है। इसलिए आवश्यक है कि हम अपने जीवन में-सत्य, करुणा, सहिष्णुता, दया और सहयोग का निरंतर परिष्कार करते रहें। परिष्कार की प्रक्रिया कभी समाप्त नहीं होती। यह जीवन भर चलने वाली साधना है। स्वयं को निरंतर बेहतर बनाने का प्रयास ही जीवन में वास्तविक प्रगति का निमित्त बन पाता है। परिष्कार व्यक्ति को साधारण से असाधारण बनाने की प्रक्रिया है। जब मनुष्य अपने विचारों, व्यवहार और कर्मों को आत्ममंथन के द्वारा निरंतर सुधारने का प्रयास करता है, तब उसका व्यक्तित्व उज्ज्वल और प्रभावशाली बन जाता है। इसलिए हमें जीवन के हर क्षेत्र में परिष्कार की प्रक्रिया को अपनाते हुए निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। यही मानव जीवन की वास्तविक सार्थकता है।

प्रेरणा अवस्थी

### पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

#### समग्रता में होना चाहिए विमर्श

जगमोहन सिंह राजपूत ने अपने लेख 'तूल न दें एनसीईआरटी की भूल को' में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार विषय पर लिखे गए कुछ अंशों को त्रुटि बताते हुए उसे भूल जाने की बात कही है। यह सही है कि अतीत में एनसीईआरटी की पुस्तकों में त्रुटियां हुई हैं और उन्हें सुधारा भी गया है, किंतु इस प्रसंग में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पाठ्यपुस्तक के कुछ अंशों पर सीधे न्यायपालिका की प्रतिक्रिया सामने आई, जो अपने आप में असामान्य स्थिति है। न्यायिक भ्रष्टाचार का प्रश्न केवल किसी संस्था की प्रतिष्ठा का विषय नहीं, बल्कि लोकतंत्र में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। यदि इस पर चर्चा को पूरी न्यायपालिका को बदनाम करने का प्रयास माना जाए, तो फिर उसी तर्क से राजनेताओं या नौकरशाही पर उठने वाले प्रश्नों को भी अस्वीकार करना पड़ेगा। शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में समालोचनात्मक सोच विकसित करना भी है। ऐसे में एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं को कठघरे में खड़ा करने के बजाय मुक्त विमर्श और सामाजिक वास्तविकताओं पर विचार की परंपरा को प्रोत्साहित करना अधिक उचित होगा।

आशीष राजपूत, शोधार्थी, गुरुग्राम

#### स्तरहीन राजनीति

नेता विपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में कांग्रेस ने लोकसभा और राज्यसभा दोनों को हंगामा स्थल में परिवर्तित कर दिया है। टीवी पर भी संसद की कार्रवाई देखकर अत्यंत निराशा होती है। सभापति के लिए सदन चलाना बेहद कठिन कार्य हो गया है। उदाहरण के लिए सदन के पहले दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के उस अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी, जो कांग्रेस ने स्वयं रखा था। लेकिन सभापति के बार-बार नियमों का हवाला देने के बाद भी कांग्रेस के सांसद तख्तियां लेकर शोर-शराबा करते रहे। यह इतनी मर्यादा भी भूल चुके हैं कि जब विदेश मंत्री ईरान युद्ध पर विस्तृत बयान दे रहे थे, तब भी शोर-शराबा करते रहे। यह कोई नई बात नहीं है, लगभग हर संसदीय सत्र हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। अभी कुछ दिन पहले तो वैश्विक एआइ समिट में युवा कांग्रेस के बड़े नेताओं ने भारत मंडपम में टापलैस और शेमलैस प्रदर्शन किया था। इसकी भाजपा सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने भी भर्त्सना की थी। लेकिन कांग्रेस नेताओं, प्रवक्ताओं ने इस देशद्रोह वाले कुकृत्य को भी उचित ठहराया और अशिष्टता, अमर्यादित आचरण की पराकाष्ठा राहुल गांधी ने अब की है, जब कांग्रेस के सम्मेलन में उन्होंने बड़ी शरारती मुस्कान के साथ यह कहा कि कुछ दिन पहले एआइ सम्मेलन हुआ था। हमारे यूथ कांग्रेस वालों ने उसका काम तमाम कर दिया। क्या ऐसा निम्नतम आचरण 1950 से आज तक किसी नेता प्रतिपक्ष ने किया था? कदापि नहीं। कांग्रेस को गंभीरता से सोचना चाहिए कि राहुल गांधी की अगुवाई में पार्टी बड़ी तेजी से बर्बाद हो रही है। इसका प्रमाण है 2024 के बाद हुए हर चुनाव में बुरी तरह हार रही है। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने रहते हैं तो कांग्रेस कम्युनिस्टों की तरह नेस्तानाबूद हो जाएगी।

सीपी बंसल, दिल्ली

#### बचपन बचाने की जंग

पब या बार चलाने के मुद्दे को लेकर कोर्ट ने सही कहा है कि व्यवसाय करने की आजादी किसी दूसरे के सुकून से जीने के अधिकार को नहीं छीन सकती। पब या बार के संचालन से बच्चों के मन में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव देखने को मिलता है। रिहायशी इलाकों में इसके लाइसेंस देने से आबकारी विभाग को बचना चाहिए। बचपन वह बुनियादी नींव है, जिस पर पूरी जिंदगी की इमारत खड़ी होती है। अगर शुरुआती सालों में बच्चों को सुरक्षित और सकारात्मक माहौल नहीं मिलता, तो उनका व्यक्तित्व और आत्मविश्वास दोनों डगमगा जाते हैं। बचपन एक बार आता है। बार- बार नहीं। जिंदगी को संवारने के लिए यह प्रथम सीढ़ी है। सीढ़ी खोखली हो तो चढ़ने वाला अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाता। बच्चों का मन कोमल होता है, जो वे देखते हैं, वही सीखते हैं। एक प्रदूषित सामाजिक वातावरण उनकी एकाग्रता और भविष्य की संभावनाओं को धुंधला कर देता है। समाज और प्रशासन का यह पहला दायित्व है कि वे उस "पहली सीढ़ी" को मजबूत रखें ताकि आने वाली पीढ़ी बिना गिरे अपनी मंजिल पा सके। वाकई, जो समय और मासूमियत एक बार चली गई, उसे दुनिया की कोई भी दौलत वापस नहीं ला सकती। पब और बार के लाइसेंस की प्रक्रिया को सख्त बनाना और उन्हें शैक्षणिक संस्थानों से दूर रखना न केवल सामाजिक नैतिकता, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा


### X पोस्ट

रसोई गैस की किल्लत को लेकर हो रहे दुष्प्रचार और उससे मच रही अफरा-तफरी रोकने का सबसे बढ़िया उपाय यही है कि नियमित रूप से प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से वैसे ही जानकारियां साझा की जाएं, जैसा कोविड के समय किया जा रहा था।

ऐश्वर्या मुदगिल@AishwaryakiRai

जब तक भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए आयात पर निर्भर रहेगा, तब तक ऐसे संकट उसे परेशान करते रहेंगे। ऊर्जा के वैकल्पिक और नवीकरणीय स्रोतों पर हमें अपनी निर्भरता बढ़ानी ही होगी। इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं। साथ ही जीवनशैली में बदलाव की भी आवश्यकता है।

अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1



टी-20 विश्व कप जीत की खुमारी में हमें जान राइट को नहीं भूलना चाहिए, जिन्होंने विजय हजारे ट्राफी खेल रहे जसप्रीत बुमराह की प्रतिभा को पहचान कर मुंबई इंडियंस से अनुशंसा की थी कि उन्हें तराशा जाए। अब बुमराह राष्ट्रीय धरोहर से कम नहीं।

मकरंद वेंगणकर@wmakarand

### जनपथ

गोबर का कंडा जले नहीं चाहिए गैस,
हर घर में हर गांव के पलें गाय और भैंस।
पलें गाय और भैंस आत्मनिर्भर हो भारत,
जाय भाड़ में तेल-गैस की कठिन तिजारत!
चरखे से हम लोग किये गोरों को ठंडा,
अब हम छोड़ें गैस चुनें गोबर का कंडा!!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक- संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा -201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 235

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# ईंधन संकट की चिंता

ईरान और अमेरिका-इजरायल जंग को लेकर जो अंदेशे जताए जा रहे थे, वे अब सच होने लगे हैं। देश में एलपीजी सिलेंडरों के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी को अगर सीधे-सीधे इस युद्ध से जुड़ा हुआ फैसला न भी मानें, जैसा कि सरकार दावा कर रही है, तब भी इस तथ्य को नकारा नहीं जा सकता कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत प्रति बैरल 100 डॉलर के ऊपर चली गई है। पिछले चार वर्षों में पहली बार कीमत इतनी बढ़ी है। जाहिर है, आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने से एक के बाद दूसरे तेल उत्पादक देशों ने दैनिक उत्पादन घटाना शुरू कर दिया है, जिससे दुनिया भर में ईंधन संकट गहराने लगा है। चिंता की बड़ी बात यह है कि जंग के जल्द खत्म होने की कोई सूरत नजर नहीं आ रही, उल्टे ईरानी फौज ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के गुजरने देने को लेकर जैसी शर्त रखी है, वह हालात और बिगाड़ सकती है। ईरानी सेना से कहा है कि वह उन्हीं देशों के जहाजों को यहां से निकलने की इजाजत देगी, जो अपने यहां से इजरायली व अमेरिकी राजदूतों को निष्कासित करेंगे। स्पष्ट है, तेहरान उन देशों पर दबाव बनाने की चेष्टा कर रहा है, जिनकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह तेल पर निर्भर है और उनके यहां स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डों का इस्तेमाल ईरान पर हवाई हमले में हो रहा है।

निस्संदेह, भारत सरकार मुस्तैद है और अपने तईं उसकी यही कोशिश है और आगे भी रहेगी कि हालात नियंत्रण के बाहर न जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विशेष बैठक इसकी तस्दीक करती है। देश की तेल रिफाइनरियां अधिक एलपीजी उत्पादन कर रही हैं और तेल व गैस के प्रबंधन में पूरी चौकसी बरती जा रही है। सरकार ने देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी लागू किया है, ताकि गैस सिलेंडर या पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी की किसी भी कोशिश से तत्काल निपटा जा सके। ये सारी कवायदें शासन-प्रशासन के स्तर की हैं, जो उसे करनी ही चाहिए। सवाल यह है कि ऐसी स्थितियों में क्या नागरिकों का कोई दायित्व नहीं? आखिर सरकारों को आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू करने की नौबत ही क्यों पड़ती है?

**इस समय अफवाहों से बचने की जरूरत है। चूंकि कालाबाजारी करने वाले आम लोगों के भयादोहन से ही मुनाफा बटोरते हैं, इसलिए अनावश्यक संग्रह के लोभ से बचें।**

हमने कोरोना महामारी के समय देखा था कि जहां कुछ लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए संक्रमित लोगों की तीमारदारी और मृतकों की गरिमापूर्ण अंतिम विदाई में जुटे थे, ठीक उसी समय हमारे समाज के कई लोग ऑक्सीजन सिलेंडरों और कुछ खास दवाओं, इंजेक्शन की कालाबाजारी कर रहे थे। कई वाहन चालक तो लाश ढोने के बदले मजबूर परिजनों से मनमाना भाड़ा वसूल रहे थे। मौजूदा संकट एक बार फिर नागरिकों की परीक्षा ले सकता है। यद्यपि अभी घबराने वाली स्थिति नहीं है और सरकार ने आश्वस्त भी किया है कि वह वैकल्पिक आपूर्ति मार्ग तलाशने में जुटी है, तब भी एक नागरिक के रूप में हमें यह सोचना चाहिए कि यूक्रेन-रूस युद्ध और हमास-इजरायल संघर्ष के उलट यह संकट कुछ महीने भी खिंच गया, तो मुल्क में ईंधन का संकट गहरा सकता है और उस सूरत में हमें अपने देश और तंत्र के साथ कैसे सहयोग करना है। इस समय किसी भी अफवाह से बचने की बहुत जरूरत है। चूंकि कालाबाजारी करने वाले आम लोगों के भयादोहन से ही मुनाफा बटोरते हैं, इसलिए अनावश्यक संग्रह के लोभ से बचकर लोग देश की मदद कर सकते हैं।

हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 11 मार्च, 1951


## तख्ता पलट का षड्यंत्र

गत शुक्रवार को जब पाकिस्तान के प्रधान और रक्षा मंत्री श्री लियाकत अली खां ने यह घोषणा की कि पाकिस्तानी सेना के कार्यालयाध्यक्ष मेजर जनरल अकबर खां, उनकी पत्नी, 'पाकिस्तान टाइम्स' के सम्पादक श्री फैज अहमद फैज, क्वेटा क्षेत्र के सेनाध्यक्ष ब्रिगेडियर एम. ए. लतीफ तथा अन्य अनेक सैनिक अधिकारियों को हिंसात्मक उपायों से पाकिस्तान सरकार का तख्ता उलटने का षड्यंत्र करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है, तो उससे न केवल कराची और दिल्ली ही, वरन् संसार के सब देश आश्चर्य में डूब गये। समाचार इतना आकस्मिक और अघटित था कि उन पर सहसा विश्वास कर पाना कठिन ही था।

श्री लियाकत अली ने 'पाकिस्तान की सुरक्षा के हित में' षड्यंत्र पर विस्तृत प्रकाश नहीं डाला है, किन्तु उनकी घोषणा से यह प्रतिध्वनित होता है कि षड्यंत्र दूरव्यापी था और उसे पाकिस्तान के कुछ महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों का समर्थन भी प्राप्त था। श्री फैज अहमद फैज 'पाकिस्तान टाइम्स' का सम्पादन करते हैं और वामपक्षी विचारधारा के प्रतिनिधि हैं। उक्त पत्र का संबंध लाहौर के मियां इफ्तिखारुद्दीन से है। मेजर अकबर की पत्नी लाहौर की प्रसिद्ध मुस्लिम लीग कार्यकर्त्री बेगम शाहनवाज की पुत्री हैं और मेजर अकबर स्वयं प्रान्त के चारसड्डा जिले के एक पठान हैं। अतः इस तथाकथित षड्यंत्र का आशय क्या हो सकता है?

कहना अनुचित न होगा कि इस सारे कांड के पीछे काश्मीर-संबंधी हलचलों का एक बड़ा हाथ है। हाल में पाकिस्तान के पत्रों में काश्मीर के प्रश्न को लेकर काफी शोर-गुल मचाया गया है और सीधी कार्रवाई की मांग की गयी है। उधर सुरक्षा परिषद में जिस प्रकार प्रगति हो रही है, उससे स्पष्ट है कि पाकिस्तान आंग्ल-अमरीकी गुट का सहारा लेकर अपने मनसूबे पूरे न कर सकेगा। भारत उसके जाल में फंसने को तैयार नहीं। परिषद में भारतीय प्रतिनिधि श्री बी. एन. राव ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी भी ऐसे प्रस्ताव को मानने को तैयार नहीं है, जिससे आंग्ल-अमरीकियों को इस महादेश में पुनः पांव रखने का अवसर मिले; और न वह पाकिस्तान जैसे आक्रामक देश को अपनी बराबरी का दर्जा देने को तैयार है।

# क्या नया नजरिया अपनाएंगे नए नेता


यहां स्कैन करें

एम जे अकबर | वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व केंद्रीय मंत्री

**सर्वोच्च नेता के तौर पर मुजतबा खामेनेई के नाम की घोषणा के बाद राष्ट्रपति ट्रंप से पूछा गया कि क्या नए नेता को भी निशाना बनाया जाएगा, तो उन्होंने कुछ साफ कहने से परहेज किया।**



ईरान कोई वेनेजुएला नहीं है। इसे अब अमेरिका बखूबी समझ रहा होगा। वेनेजुएला की हुकूमत तो 'फर्जी सोशलिस्ट' के हाथों में थी, जिसके कारण राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद ही वहां सब कुछ शांत हो गया। मगर ईरान 'फर्जी शियाओं' का मुल्क नहीं है। यहां के लोग अपनी आस्था पर पूरा यकीन रखते हैं। उनके लिए अयातुल्ला खामेनेई कोई हाड़-मांस के इंसान नहीं थे। इसलिए यह समझना कि उनकी मौत के बाद ईरान बिखर जाएगा, आज अमेरिका की बड़ी गलतफहमी साबित हो रही है। सिर्फ नेता को मार देने से तंत्र नहीं खत्म होता।

अब खामेनेई के दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता बनाए गए हैं। इजरायल-अमेरिका के लगातार हमलों के बीच सर्वोच्च नेता चुनने वाली 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट' न सिर्फ बैठी, बल्कि उसने खामेनेई के उत्तराधिकारी का चयन भी किया। ईरान में मुजतबा को भले ही एक खास तबके का समर्थन मिल रहा होगा, पर अब इससे कहीं अधिक गंभीर मसला है, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रतिक्रिया। मुजतबा के नाम के एलान के बाद उनसे जब पूछा गया कि क्या नए नेता को भी निशाना बनाया जाएगा, तो उन्होंने कुछ भी साफ-साफ कहने से परहेज किया। ट्रंप यदि कुछ न बोलें, तो उसे अधिक महत्वपूर्ण मानना चाहिए। क्या ऐसा करके वह संदेश देना चाहते हैं कि अमेरिका बातचीत की मेज पर बैठने को तैयार है?

इस बाबत अमेरिकी प्रशासन की सोच बेशक अभी स्पष्ट नहीं, लेकिन एक बात तय है कि वह अब अपने उद्देश्य पर फिर से गौर कर रहा होगा। ईरान पर हमले के साथ ही उसने अपने मकसद का एलान कर दिया था। राष्ट्रपति ट्रंप न सिर्फ ईरान में नेतृत्व परिवर्तन चाह रहे थे, बल्कि इस मुल्क को अमेरिका की तरह फिर से 'ग्रेट' (महान) बनाने का वायदा कर रहे थे। वह ईरानी अवाम से बगावत की अपील भी कर रहे थे। मगर जल्द ही उन्हें इल्म हो गया कि ईरान में इस्लामी हुकूमत की विदाई इतनी आसान नहीं। दरअसल, पश्चिमी तबका धर्म में विश्वास रखने के बावजूद जन्नत या जहन्नुम जैसी चीजों को बहुत तवज्जो नहीं देता, लेकिन *कुरान* पर यकीन रखने वाले मुसलमान (खासतौर से शिया) इस जीवन के बाद भी नई जिंदगी मिलने पर एतबार करते हैं। इसीलिए, उनमें शहीद होने के भाव अधिक होते हैं। इसके कारण ही खामेनेई की मौत उनके लिए शहादत हो गई है, और जो इस्लामी शासन ईरान में दम तोड़ता हुआ दिख रहा था, उसमें इस युद्ध के कारण एक नई जान आ गई है।

जाहिर है, ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की अमेरिकी सोच अब नए नेता से 'तालमेल' बनाने पर ठहरती हुई दिख रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की भाव-भंगिमा का कुछ यही संकेत है। हालांकि, इससे मुजतबा की चुनौतियां कम नहीं हो जातीं। फिलहाल इस युद्ध में ईरान आक्रामक है और बातचीत की मेज पर बैठने को बहुत इच्छुक नहीं दिख रहा। ऐसे में, मुजतबा को सबसे पहले विदेशी आक्रामकता से देश को बचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। चूंकि अभी वहां राष्ट्रवाद की बयार बह रही है और पूरा देश एक है, इसलिए उनके लिए रास्ते कुछ आसान दिख रहे हैं, पर जब यह सब खत्म हो जाएगा, तो फिर दूसरी चुनौती सिर उठा सकती है, जो है- इस्लामी शासन के अंदर सामाजिक बदलाव की मांग! जिस आंदोलन से अयातुल्ला खामेनेई को पिछले साल जूझना पड़ा था और जिसे दबाने के लिए हजारों लोगों की जान ली गई थी, उसकी टीस अभी यहां खत्म नहीं हुई है। मुजतबा की सामाजिक स्वीकृति पर भले सवाल उठाए जा रहे हैं, पर उनकी सत्ता को अभी घरेलू चुनौती नहीं मिल रही होगी, क्योंकि लोगों की प्राथमिकता बदल गई है।

बहरहाल, पिछले दिनों इजरायल ने ईरान के तेल डिपो को निशाना बनाकर युद्ध का स्वरूप बदल दिया है। इस हमले के बाद ईरान में तेजाबी बारिश की भी खबर है, जिससे स्थानीय लोगों के लिए दिक्कतें बढ़ गई हैं। अगर इसकी प्रतिक्रिया में रासायनिक युद्ध की शुरुआत हो गई, तो नतीजा काफी डरावना हो सकता है। इस तरह के युद्ध की कोई सीमा नहीं होती और इसका विस्तार विश्व के किसी कोने तक हो सकता है। इससे बहुत ही भयानक स्थिति पैदा हो सकती है।

बहरहाल, तेहरान अपने विरोधियों की क्षमताओं की खूब परीक्षा ले रहा है। स्थिति यह है कि अमेरिका की सबसे मजबूत वायु सुरक्षा प्रणाली 'थाड' भी ईरानी जवाबी हमलों के आगे विफल साबित हो रही है। पश्चिम एशिया में अमेरिका ने ऐसे पांच सिस्टम तैनात किए हैं, जिनमें से तीन के नष्ट होने की खबर है। खबर यह भी है कि वह अब इसे दक्षिण कोरिया से मंगवा रहा है, जहां उसने इसे उत्तर कोरिया के खिलाफ तैनात कर रखा था। अमेरिका की परेशानी सिर्फ निगरानी तंत्रों का नष्ट होना नहीं है, बल्कि पश्चिम एशिया में स्थित उसके दूतावासों पर सटीक निशाना लगना भी है। कुछ यही हाल इजरायल का भी है और इस खित्ते के उन देशों का भी, जो अमेरिका के करीब हैं।

इन सबसे दुनिया के अन्य हिस्सों के लिए मुश्किलें बढ़ गई हैं। सबसे बड़ी चोट तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति पर पड़ी है। होर्मुज जलडमरूमध्य से आपूर्ति बाधित है। ईरान यदि इसे पूरी तरह से रोक देता है, तो विश्व में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा हो जाएगा। ईरानी हमले के बाद कतर का गैस उत्पादन ठप हो गया है, जिसका असर भारत पर पड़ सकता है, क्योंकि एलपीजी गैस का हमारा 60 फीसदी हिस्सा यहीं से आयात होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर हो चुकी है।

इसीलिए, इस युद्ध को जल्द खत्म करना जरूरी है। जाहिर है, राष्ट्रपति ट्रंप इससे गाफिल नहीं होंगे। चूंकि आक्रामकता से बात नहीं बन रही, इसलिए बातचीत की वकालत वह कर सकते हैं। इसकी एक बड़ी वजह अमेरिका के घरेलू हालात भी हैं। अगर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला यूं ही प्रभावित होती रही, तो अमेरिका में महंगाई बढ़ेगी, जिससे वहां आम लोग परेशान होंगे। इससे रिपब्लिकन के लिए मध्यावधि चुनाव जीतना कठिन हो सकता है, जो इस साल के अंत में होने वाला है। ऐसा होने पर ट्रंप के पास सत्ता तो होगी, मगर ताकत नहीं। इसलिए, अमेरिका को यह समझना ही होगा कि युद्ध से अपेक्षित नतीजे कम ही मिलते हैं, उसके अनपेक्षित परिणाम ज्यादा भोगने पड़ते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बाहरी दुनिया को झुलसा रहे वातानुकूलित उपकरण


यहां स्कैन करें

पंकज चतुर्वेदी | वरिष्ठ पत्रकार

समय से पहले गर्मी आना अब सामान्य बात हो गई है। जैसे-जैसे पारा चढ़ना शुरू होता है, देश के मध्यम और उच्च-मध्यम वर्ग के घरों, दफ्तरों और कारों के साथ सार्वजनिक बसों में एयर कंडीशनर (एसी) शुरू हो जाते हैं। दशकों पहले जिसे विलासिता का प्रतीक माना जाता था, वह आज भारतीय जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। विडंबना यह है कि जो उपकरण हमें भीतर से राहत देते हैं, वे बाहर की दुनिया को और अधिक झुलसा रहे हैं। रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर ने आधुनिक दुनिया को आरामदायक बनाया है, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है और दवाओं के भंडारण को संभव किया है, लेकिन इनकी एक भारी कीमत हम 'ग्लोबल वार्मिंग' के रूप में भी चुका रहे हैं।

हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मध्यवर्ग के उदय ने उन पुरानी सामाजिक धारणाओं को बदल दिया है कि एसी केवल अमीरों की जागीर है। आज भारत के मध्य और निम्न-मध्यवर्ग वर्ग के एक बड़े हिस्से में एसी की पहुंच बढ़ी है। आंकड़ों के अनुसार, देश के घरों व दफ्तरों में लगभग 6.7 करोड़ एसी लगे हैं। इसके अलावा साढ़े पांच करोड़ कारों और लाखों बसों-ट्रकों में भी एसी लग गए हैं। यह सरकारी आंकड़ा है कि हर साल डेढ़ करोड़ नए एसी बिक रहे हैं। यह बढ़ता बाजार आर्थिक समृद्धि का संकेत है, पर पर्यावरणीय दृष्टि से बड़ी चेतावनी भी है।

**भारत ने ओजोन परत को बचाने का जो संघर्ष जीता था, उसे अब जलवायु परिवर्तन के इस बड़े मोर्चे पर दोहराने की जरूरत है।**

एसी ठंडक 'पैदा' नहीं करता, बल्कि उसके अंदर एक 'रेफ्रिजरेंट' गैस होती है, जो अंदर की गर्मी को सोखती है। फिर बाहर लगी यूनिट उस गर्मी को पंखे के जरिये बाहर की हवा में छोड़ती है। यदि एक ही इमारत या गली में दर्जनों एसी चल रहे हों, तो उस क्षेत्र का स्थानीय तापमान सामान्य से 1-2 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है। इसे शहरों में 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव कहा जाता है। यही नहीं, एसी के भीतर जो गैस (रेफ्रिजरेंट) घूमती है, वह पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

आधुनिक एसी में अक्सर हाइड्रोफ्लोरोकार्बन जैसी गैसों का उपयोग होता है। ये गैसें कार्बन डाई-ऑक्साइड की तुलना में वातावरण को गर्म करने में 1,000 से 3,000 गुना अधिक शक्तिशाली होती हैं। 'ग्लोबल वार्मिंग पोटेंशियल' एक पैमाना है, जो बताता है कि कोई गैस कितनी गर्मी सोखती है। तकनीकी रूप से एक एसी को पांच साल में केवल एक बार गैस रिफिलिंग की आवश्यकता होनी चाहिए, पर भारत में हकीकत इसके उलट है। यहां लगभग 40 प्रतिशत एसी को हर साल रिफिल किया जाता है। पांच साल से अधिक पुराने 80 प्रतिशत एसी हर साल गैस मांगते हैं और चिंता की बात यह है कि एक-तिहाई नए एसी (5 साल से कम पुराने) को भी रिफिलिंग की जरूरत पड़ रही है। साल 2024 में बिजली की खपत और गैस रिसाव को मिलाकर भारत के एसी से होने वाला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 156 मीट्रिक टन तक पहुंच गया है। यह आंकड़ा कितना बड़ा है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि यह भारत की सभी यात्री कारों से होने वाले कुल उत्सर्जन के लगभग बराबर है।

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट बताती है कि वर्तमान में दुनिया भर के भवनों में एसी और बिजली के पंखे कुल बिजली खपत का 20 प्रतिशत हिस्सा सोख रहे हैं। भारत ने अतीत में ओजोन परत की रक्षा के लिए सीएफसी और एचसीएफसी जैसी गैसों को वैश्विक समय-सीमा से काफी पहले चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाई है। अब समय आ गया है कि भारत 'किगाली संशोधन' के तहत जलवायु संरक्षण में फिर से अग्रणी भूमिका निभाए। चुनौती निर्माण की गुणवत्ता और रिसाव रोकने की है।

हमें केवल 'बेहतर स्टार रेटिंग' पर नहीं, बल्कि 'शून्य रिसाव' तकनीक पर जोर देना होगा। प्रोपेन जैसे प्राकृतिक रेफ्रिजरेंट, जो ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाते और जिनका ग्लोबल वार्मिंग प्रभाव नगण्य है, एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं। ब्राजील जैसे देशों ने ऐसी तकनीकें विकसित की हैं, जो 30 प्रतिशत अधिक ऊर्जा कुशल हैं। भारत को भी स्वदेशी अनुसंधान बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। भारत ने ओजोन परत को बचाने का जो संघर्ष जीता था, उसे अब जलवायु परिवर्तन के इस बड़े मोर्चे पर दोहराने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

# मन को मार्ग दिखाए कीर्तन

इस चंचल मन को कैसे एकाग्र किया जा सकता है? मनुष्य के पास दस इंद्रियां मानी गई हैं- पांच ज्ञानेंद्रियों और पांच कर्मेंद्रियां। इनके साथ मन को जोड़ दिया जाए, तो ये ग्यारह हो जाती हैं, जिन्हें 'एकादश इंद्रिय' कहा जाता है। साधना का उद्देश्य इन सभी इंद्रियों और मन को विषय-वासना से हटाकर एक परम सत्य की ओर मोड़ देना है। इसी प्रक्रिया को 'अभिध्यान' कहा गया है।

सामान्यतः मन पचास प्रकार की वृत्तियों में उलझा रहता है। कभी इच्छा, कभी क्रोध, कभी लोभ, कभी मोह- इन सबके बीच वह चंचल होकर भटकता रहता है। अभिध्यान का अर्थ है, इन बिखरी हुई वृत्तियों को समेटकर केंद्र की ओर ले जाना। प्रश्न उठता है कि किसकी ओर? उस परमपुरुष की ओर, जिससे मन की मूल सत्ता का उद्भव माना गया है।

यह दार्शनिक दृष्टि से समझाया गया है कि मनुष्य का मन सीधे परमपुरुष से नहीं आता। 'भूमामन' (विराट चेतना) से जड़ जगत की उत्पत्ति होती है और जड़ से सूक्ष्म विकसित होकर 'अणुमन', अर्थात व्यक्तिगत मन का निर्माण होता है। सृष्टि की धारा एक से अनेक की ओर बहती है। विराट से जड़, और जड़ से व्यक्तिगत चेतना तक, पर जब साधक को वापस मूल की ओर लौटना है, तो वह जड़ के माध्यम से नहीं जा सकता। वह जड़ वस्तुओं में उलझा रहा, तो उसकी चेतना भी जड़वत हो जाएगी। इसलिए जड़ की उपासना को आध्यात्मिक प्रगति के लिए उचित नहीं माना गया। साधक को अपने अणुमन को सीधे भूमामन की ओर ले जाना होगा।

यह कार्य सरल नहीं है, क्योंकि मन निरंतर इंद्रियों के माध्यम से बाहर भागता रहता है। आंखें देखना चाहती हैं, कान सुनना चाहते हैं, जीभ स्वाद व वाणी में लगी रहती है, हाथ-पैर कर्म में व्यस्त रहते हैं। इन सबको नियंत्रित करने की प्रक्रिया को 'प्रत्याहार' कहा गया है, अर्थात इंद्रियों को उनके विषयों से खींचकर मन में समाहित करना। जब दसों इंद्रियों के कार्यों को समेटकर मन में मिला दिया जाता है और फिर मन को परमपुरुष की ओर मोड़ा जाता है, तब साधना का वास्तविक आरंभ होता है।

साधना के दो मार्ग बताए गए हैं। एक, भीतर की ओर डूब जाना और तल्लीन हो जाना। दूसरा है, सभी इंद्रियों

**जब इंद्रियों को काम नहीं मिलता, तो वे भटकने लगती हैं, जैसे बिना कार्य के मनुष्य चंचल हो जाता है। कीर्तन में सबको व्यस्त रखा जाता है, ताकि मन एक दिशा में बना रहे।**

को एक ही कार्य में लगा देना, ताकि वे इधर-उधर न भटकें। इसी सिद्धांत के आधार पर कीर्तन की परंपरा विकसित हुई। कीर्तन केवल भक्ति-भाव नहीं, बल्कि एक मनोविज्ञान भी है। इसमें जीभ नाम-स्मरण करती है, कंठ गाता है, कान सुनते हैं, हाथ-पैर लय में गतिशील होते हैं। जब इंद्रियों को काम नहीं मिलता, तो वे भटकने लगती हैं, जैसे बिना कार्य के मनुष्य चंचल हो जाता है। कीर्तन में सबको व्यस्त रखा जाता है, ताकि मन एक दिशा में बना रहे। इसलिए कीर्तन करते रहना चाहिए।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री



**दुनिया बदल रही है और पुरानी धारणाएं टूट रही हैं। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति इसका ज्वलंत उदाहरण है। ऐसे समय में स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ दुनिया का नेतृत्व करना भारत का दायित्व है।**

# यहां भी होने लगा तेल-गैस का संकट

तेल के वैश्विक बाजार में आई उथल-पुथल ने भारत के शहरी जीवन और अर्थव्यवस्था के सामने नया संकट खड़ा कर दिया है। जब कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार पहुंचीं, तब इसका असर केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में दिखने लगा है। बेंगलुरु जैसे बड़े महानगर में तो रेस्तरां भी बंद होने लगे हैं। होटल कारोबारियों का कहना है कि व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति बाधित हो गई है और यदि यह स्थिति जल्दी नहीं सुधरी, तो शहर की खाद्य सेवाओं की निरंतरता पर गंभीर असर पड़ सकता है। यह केवल व्यापारिक समस्या नहीं, बल्कि लाखों लोगों की दैनिक भोजन व्यवस्था और हजारों कर्मचारियों के रोजगार से जुड़ा प्रश्न बन चुका है।

युद्ध की आग में झुलसता मध्य-पूर्व इस संकट की वास्तविक पृष्ठभूमि है। ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को अस्थिर कर बाजार में घबराहट फैला दी है। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, संघर्ष बढ़ने के साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में भी वृद्धि शुरू हो गई है। यह उछाल ऊर्जा-आपूर्ति पर मंडराते गंभीर खतरे का संकेत है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही तेल की कीमतों में लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज हुई, जिसने ऊर्जा आयात पर निर्भर देशों की चिंता और बढ़ा दी है। दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य इस संकट का केंद्र बन गया है। वैश्विक तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा और एलएनजी की बड़ी मात्रा इसी संकीर्ण जलमार्ग से गुजरती है।

भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से गंभीर है। देश अपनी कुल तेल जरूरतों का लगभग 80 प्रतिशत आयात करता है और इसका बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से ही आता है। ऐसे में, इस क्षेत्र में युद्ध या आपूर्ति-संकट का सीधा असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर पड़ता है। तेल की कीमतें बढ़ने का अर्थ है, आयात बिल के लिए अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ेगी। इससे चालू खाता घाटा बढ़ने और रुपये की विनिमय दर पर दबाव पड़ने की आशंका है। तेल की कीमतें पूरे आर्थिक ढांचे को प्रभावित करती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमत में हर 10 डॉलर की वृद्धि से भारत में महंगाई दर लगभग 0.2 से 0.25 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसका अर्थ है कि खाद्य पदार्थों से लेकर रोजमर्रा की जरूरत तक, सब कुछ महंगा हो सकता है, जिसका सबसे अधिक असर मध्यम और निम्न आय वर्ग वालों पर पड़ेगा। इसी कारण यह युद्ध जल्द बंद होना चाहिए।

**आरके जैन**, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### युद्ध का असर



# हमारे पास फिलहाल इनके पर्याप्त भंडार

वैश्विक राजनीति में ऊर्जा, व्यापार और कूटनीति का संबंध हमेशा से गहरा रहा है। बेशक, हाल के घटनाक्रमों ने इस रिश्ते की जटिलताओं को फिर से उजागर किया है, लेकिन हालात इतने प्रतिकूल भी नहीं हैं। भारत ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसकी ऊर्जा सुरक्षा सर्वोपरि है और वह अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर ही फैसला लेगा। नई दिल्ली ने साफ कर दिया है कि हमारी ऊर्जा आवश्यकताएं बहुत बड़ी हैं और वह सस्ती व विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जहां से उचित लगे, वहां से तेल खरीदने के लिए स्वतंत्र है। यही कारण है कि रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। भारत किस तरह अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में जुटा है, इसका पता हालिया घटनाक्रमों से भी चलता है। भारत ने हाल-फिलहाल में अपने व्यापारिक विकल्पों का विस्तार किया है। यूरोपीय संघ के साथ व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में प्रगति संकेत है कि भारत वैश्विक मंच पर बहुध्रुवीय कूटनीति अपना रहा है। इससे यह संदेश गया कि भारत केवल एक शक्ति पर निर्भर नहीं है, बल्कि वह अपने आर्थिक हितों के लिए विभिन्न साझेदारों के साथ सहयोग बढ़ा सकता है। अच्छी बात यह है कि भारत ने न तो किसी गुट के अंधानुकरण की नीति अपनाई है और न ही दबाव में आकर अपने आर्थिक हितों से समझौता किया। आज की बहुध्रुवीय दुनिया में यही व्यावहारिक कूटनीति अधिक प्रभावी मानी जा रही है। यही कारण है कि हमारे पास तेल-गैस के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। भले ही युद्ध का दायरा बढ़ गया है और वैश्विक तेल संकट की आहट सुनी जा रही है, पर भारत इससे अभी दूर है। हमें फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

**विभूति बुपक्या**, टिप्पणीकार

**आम लोगों** में तेल-गैस संकट को लेकर इस कदर डर पसर गया है कि खुद केंद्र सरकार को स्पष्टीकरण जारी करना पड़ा। अच्छी बात है कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में तेल-गैस का कोई संकट नहीं है और जो लोग अफवाह उड़ाकर अपना हित साधना चाहते हैं, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह सही फैसला है, क्योंकि एक बार जैसे ही कोई अफवाह उड़ती है, लोग उस चीज को जमा करने में जुट जाते हैं, जिससे अनावश्यक किल्लत की स्थिति बन जाती है। इससे बचने के लिए जरूरी था कि सरकार सक्रियता दिखाए और उसने दिखाई भी है। हां, व्यावसायिक कामों के लिए आपूर्ति में कुछ कटौती की गई है, जो इसलिए सही कदम है, क्योंकि घरों में गैस की आपूर्ति ही हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।

**दीपक कुमार**, टिप्पणीकार

# कितने युद्ध लड़ेगी दुनिया?

**आज युद्ध केवल एक या दो देशों के बीच तक सीमित नहीं हैं, इनके सिरे विस्तारित हैं। चाहे रूस-यूक्रेन युद्ध हो या ईरान- अमेरिका युद्ध। दुखद त्रासद समय है, आठ युद्ध रोकने का दावा करने वाले भी अब सीधे एक नए युद्ध में उतर आए हैं। आज कितने युद्ध चल रहे हैं, उनसे दुनिया कैसे प्रभावित हो रही है? ऐसे सवालों के जवाब खोजते हुए पेश है वैश्विक मामलों के वरिष्ठ अध्येयता रहीस सिंह का आलेख...**



दुनिया के आधा दर्जन देशों में युद्ध की वजह से तबाही के मंजर आम हैं। दिन हो या रात, घातक हमले जारी हैं।

आज दुनिया युद्ध से घिरती नजर आ रही है। इसके एक सिरे पर रूस-यूक्रेन युद्ध है, तो दूसरे सिरे पर ईरान केंद्रित युद्ध है। कुछ हिस्से ऐसे भी हैं, जहां आंतरिक संघर्ष अथवा गृह युद्ध जैसी स्थितियां हैं।

यद्यपि वर्तमान समय में अमेरिका-ईरान युद्ध की तीव्रता अधिक है और प्रभाव की दृष्टि से भी यह भय पैदा करने वाला लग रहा है, लेकिन युद्धों की इस पटकथा में पहला नाम रूस-यूक्रेन युद्ध का है, रूस और यूक्रेन युद्ध में क्यों कूदे, इस संदर्भ में बहुत सारी चीजें सामने आ चुकी हैं, पर पश्चिमी दुनिया ने असल बात अब तक नहीं बताई है। सारा दोष रूस और पुतिन पर मढ़ा गया, पर ऐसा नहीं है। 24 फरवरी 2022 की सुबह जब पुतिन ने यूक्रेन के डोनाबास पर सैन्य कार्रवाई की घोषणा की थी, उससे पहले पुतिन ने एक घंटे का भाषण दिया था, जिसमें इस ओर इशारा किया गया था कि यह लड़ाई यूक्रेन की जमीन पर लड़ी जा रही है, पर वह असल बैटल ग्राउंड नहीं है? उनका कहना था कि 1991 में सोवियत यूनियन बिखरा, तो रूस पर डाका डाल दिया गया। ऐसा लगा कि मानो पिछले 20 वर्षों से पुतिन सोवियत संघ की पुरानी कड़ियों को जोड़ते हुए अंदर ही अंदर एक युद्ध लड़ रहे हों। हालांकि, यह पूरा सच नहीं था, पर पूरा झूठ भी नहीं।

### इजरायल-फलस्तीन युद्ध

दूसरा प्रमुख युद्ध गाजा को लेकर हमास और इजरायल के बीच लड़ा जा रहा है। यह युद्ध क्यों हुआ? इसका उत्तर भी हम संक्षेप में ढूंढ़ लेते हैं। यानि 7 अक्तूबर 2023 को किया गया हमास का दुस्साहस, लेकिन इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू तो 2021 में ही कह चुके थे कि जब तक जरूरी होगा, बम बरसाए जाएंगे। हर बार युद्धविराम हुआ, पर हमास सुधरा नहीं। संभवतः यही कारण है कि 7 अक्तूबर 2023 के हमास के दुस्साहस के बाद इजरायल अंतिम निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए युद्ध करने का निर्णय ले बैठा, जिसका खमियाजा अब गाजा और बाकी दुनिया के लोग भुगत रहे हैं। यह युद्ध अमानवीयता का वीभत्स इतिहास लिख रहा है। इन दो युद्ध के साथ ईरान-अमेरिका युद्ध को जोड़ लें, तो चिंता बहुत बढ़ जाती है। युद्ध मानवता के लिए नहीं, स्वार्थ के लिए लड़े जा रहे हैं।

### युद्ध से बढ़ी चिंताएं

एक साथ इतने युद्ध छिड़ गए हैं कि विदेशी व घरेलू शेयर बाजारों में निराशा का भाव पैदा हो गया है। इसकी एक वजह तो होर्मुज जलडमरूमध्य में भारी गतिरोध है, जिसके कारण वैश्विक ऊर्जा संकट और फारस की खाड़ी क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला टूटने की ओर बढ़ती दिख रही है। वैश्विक बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें 100 डॉलर से ऊपर पहुंच चुकी हैं और ऐसी शंका जताई जा रही है कि यदि युद्ध तत्काल नहीं रुका, तो ये कीमतें 150 डॉलर तक पहुंच सकती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद 2022 में क्रूड ऑयल की कीमत आखिरी बार तीन अंकों में पहुंची थी। अब यह वृद्धि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की अस्पष्ट योजना को लेकर फैली आशंकाओं और ईरान द्वारा कतर, कुवैत व बहरीन की रिफाइनरियों पर हमलों के चलते हुई है।

### भारत की परेशानियां

ध्यान रहे कि भारत करीब 83 प्रतिशत एलपीजी, 56 प्रतिशत एलएनजी तथा 50 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से आयात करता है। यद्यपि भारत सरकार की तरफ से आश्वस्त किया गया है कि हमारे पास पर्याप्त तेल है, लेकिन शंकाएं बनी हुई हैं। इस युद्ध के कारण ही अन्य एशियाई मुद्राओं के साथ-साथ भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले गिर रहा है। दरअसल ईरान केंद्रित युद्ध और मध्य-पूर्व में तनाव के कारण वैश्विक बाजारों में एक पैटर्न देखा जा रहा है। निवेशक जोखिम वाले बाजारों से पैसा निकालकर डॉलर, स्वर्ण और स्विस फ्रैंक में लगा रहे हैं। अतः भारतीय रुपया सहित दक्षिण कोरियाई वॉन, इंडोनेशियाई रुपिया, चीनी युआन (रेनमिंबी) और जापानी येन में गिरावट देखी जा रही है। यह गिरावट और तेल की बढ़ती कीमतें धीरे-धीरे जीडीपी और लोगों को प्रभावित करेंगी।

सामान्यतया एक युद्ध अनेक आर्थिक व्ययों से मुंह मोड़ने के लिए मजबूर करता है। युद्ध में शामिल और प्रभावित देश युद्ध काल में आवश्यक वस्तुओं पर व्ययों की तुलना में युद्ध सामग्री पर खर्च करना शुरू कर देते हैं। दूसरे शब्दों में कहें, तो जीडीपी में रक्षा पर खर्च का हिस्सा बढ़ा देते हैं। इससे आने वाले समय में खाद्यान्न सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला बाधित होती है, महंगाई में वृद्धि होती है, जिससे जनजीवन निराशावाद की ओर बढ़ने लगता है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण खाद्य आपूर्ति श्रृंखला (विशेषकर गेहूं) पहले से ही प्रभावित है। ऐसे में, ईरान केंद्रित युद्ध भविष्य को लेकर चिंताएं पैदा कर रहा है।

### नफरत की बढ़ती खाई

ऐसे युद्धों से नृजातीय (एथनिक) टूटन भी पैदा होती है। उदाहरण के लिए, इजरायल-हमास संघर्ष ने यहूदी-अरब खाई को चौड़ा किया है। ईरान-अमेरिका युद्ध शिया-सुन्नी दुनिया में पड़ी दरारों को बढ़ा रहा है। इसी संघर्ष के बीच ईरान की पश्चिमी सीमा पर कुर्द जातीय समूह की आकांक्षाएं भी बलवती होती देखी जा सकती हैं। ध्यान रहे कि कुर्द एक तरफ, ईरान का हिस्सा हैं, तो दूसरी तरफ, वे इराक के एक क्षेत्र पर नियंत्रण रखते हैं। अमेरिका इराकी सीमा पर ईरान समर्थित विपक्षी समूहों को ईरान पर हमला करने के लिए उकसा रहा है। हालांकि, कुर्द अपने क्षेत्र पर शासन चाहते हैं, अपनी अर्थव्यवस्था का विकास चाहते हैं और शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहते हैं। देखना है कि यह टूटन या खाई कहां तक बढ़ेगी?

अंतिम बात यह कि पूरब और पश्चिम के बनते हुए कुछ ब्लॉक के बीच ग्लोबल साउथ को जो एक भू-राजनीतिक आकार दिया जा रहा था और जिस पर नेतृत्व की दावेदारी पेश की जा रही थी, वह कमजोर होता दिख रहा है। इस युद्ध ने कुछ व्यक्त और शेष अव्यक्त कमजोरियों को उजागर किया है, जिन्हें ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन की चुप्पी के रूप में देख सकते हैं। ऐसे में, ग्लोबल साउथ पुरानी संभावनाओं के सहारे आगे बढ़ने की कोशिश करता रहेगा, यह कहना मुश्किल है।

फिलहाल युद्ध और युद्ध का अर्थशास्त्र युद्ध की उन उपलब्धियों तक सीमित नहीं होता, जो जीत और हार में व्यक्त होती हैं, उसमें असंख्य हताहत और पलायन करने वाली जिंदगियां भी शामिल होती हैं। अब देखना है कि दुनिया इन जिंदगियों की चिंता करेगी या युद्ध की ओर मुंह करके तमाशा देखेगी और बंद कमरों में विमर्श का ढोंग करेगी?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

**056** से ज्यादा देशों की सरकारें किसी न किसी तरह के युद्ध या संघर्ष से जूझ रही हैं।


**240** हजार से ज्यादा लोग पिछले एक साल में विभिन्न प्रकार के युद्धों और संघर्षों में मारे गए हैं।

### म्यांमार और सूडान में गृह युद्ध से फैली अशांति

म्यांमार एक त्रासद मिसाल है। भारत की आजादी के अगले वर्ष ही यह देश आजाद हुआ था और वहां की सरकारें जातीय हिंसा को संभालने में नाकाम रही हैं। वहां संघर्षों में एक लाख अस्सी हजार से ज्यादा लोग मारे गए हैं और करीब दस लाख लोग विस्थापित हुए हैं। लाखों लोगों को म्यांमार छोड़ना पड़ा है। समस्या यह है कि वहां लोकतंत्र हमेशा खतरे में रहा है और चुनी हुई सरकारों को काम करने नहीं दिया गया है। ऐसे सैनिक शासन के हाथ में सत्ता रही है, जो देश में जातीय एकता को बनाए रखने में नाकाम रहा है। रोहिंग्या समस्या म्यांमार समस्या का ही एक पहलू है, जिससे आज बांग्लादेश, भारत भी परेशानियां झेल रहे हैं। इस समस्या को सुलझाना टेढ़ी खीर है और इस पर दुनिया के जिम्मेदार देशों का ध्यान नहीं है।
उधर, अप्रैल 2023 से सूडान में देश की सैन्य सरकार के दो गुटों के बीच गृहयुद्ध चल रहा है। सूडान की स्थिति बहुत खराब है और यह एक मिसाल है कि कैसे एक गरीब देश युद्ध या संघर्ष की वजह से बर्बाद हो जाता है। वहां अब तक डेढ़ लाख से ज्यादा लोग मारे गए हैं और एक करोड़ से ज्यादा लोग बेघर हुए हैं। अकाल की स्थिति है और ढाई करोड़ से अधिक लोगों पर इसका असर पड़ा है। वहां चालीस लाख से ज्यादा बच्चे कुपोषित हैं। सूडान में शांति के लिए कोई खास कोशिश भी नहीं हो रही है और वहां की सरकार या विद्रोहियों पर किसी तरह का दबाव नहीं है।

### तेल के लिए निर्भर भारत की चिंता


88.6 प्रतिशत तेल के आयात में देशों की हिस्सेदारी % में




### रूस से फिर आयात बढ़ाएगा भारत

दो साल पहले रूस से हमने तेल आयात बढ़ाया था और हम अपनी आयात का 36 प्रतिशत तेल रूस से ही ले रहे थे। आयात घटते-घटते अब 20 प्रतिशत से नीचे चला गया है, पर युद्ध और अपनी जरूरतों को देखते हुए भारत को रूस से आयात फिर बढ़ाना पड़ेगा। तेल के मामले में भारत की निर्भरता लगातार बढ़ रही है और तेल उत्पादन में हम काफी पीछे चल रहे हैं। स्थितियां बदल रही हैं, पहले रूस को धन की जरूरत थी और आज हमें तेल की जरूरत है।


### युद्ध के सामने संयुक्त राष्ट्र बार-बार लाचार



यह विश्व संस्था अपील तक सिमट गई है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान युद्ध को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होकर पूरे क्षेत्र को संकट के कगार से वापस लाने का आग्रह किया है। अब दुनिया में संयुक्त राष्ट्र चार्टर की जमकर अनदेखी हो रही है।

## अभी दुनिया में चल रहे चार प्रमुख जंगों की दास्तान

### ईरान बनाम अमेरिका : 10 से ज्यादा देशों में हुए हमले




ईरान तो उसी समय से निशाने पर आ गया था, जब 29 जनवरी 2002 को अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने अपने स्टेट ऑफ यूनियन भाषण में इसे एक्सिस ऑफ एविल यानि पाप की धुरी घोषित किया था। फिर भी ईरान के साथ न्यूक्लियर डील होने और फिर उसे एकतरफा खत्म करने का खेल चला। अब जो हो रहा है, उसे दुनिया देख ही रही है। अमेरिका ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई को मार गिराया। ईरान ने अब उनकी जगह मोजतबा खामनेई को सर्वोच्च नेता नियुक्त कर लिया है। मोजबता खामनेई अपने पिता से भी ज्यादा कट्टर माने जाते हैं, जिससे साफ संकेत मिलता है कि युद्ध अभी जारी रहेगा। इस युद्ध से पूरी दुनिया परेशान हो रही है और आगे न जाने कब तक होगी।

### इजरायल बनाम हमास : करीब पांच देश शामिल




इजरायल बनाम हमास युद्ध से अरब दुनिया बंट गई है। यह ज्यादातर तमाशा देखती हुई लग रही है। कैसे गाजा खंडहरों में तब्दील हुआ, कैसे 60 हजार से अधिक लोग मारे गए, कैसे 20 लाख लोग बेघर हुए और कैसे उन्हें गाजा पट्टी के केंद्र में ठूंस-ठूंस कर रखा गया। अभी यह विचार करना है कि इजरायल अमेरिका वहां जो कर रहे हैं, वह अंतिम समाधान है या फिर एक और त्रासद शुरुआत है? जो भी हो, इजरायल ही नहीं, दुनिया को भी संभलने की जरूरत है। गाजा में युद्ध विराम का अब तक का इतिहास यह रहा है कि हमेशा आतंकी संगठन हमास ने ही युद्धविराम तोड़ा है। वर्तमान युद्ध भी तभी भड़का, जब हमास ने इजरायल पर सीधे निर्ममतम आतंकी हमला कर दिया।

### रूस बनाम यूक्रेन : परोक्ष रूप से दस से ज्यादा देश



रूस-यूक्रेन युद्ध कुछ ज्यादा ही लंबा खिंच गया, तो इसके कारणों को समझना जरूरी है। 1991 में सोवियत संघ के विघटन के बाद अमेरिका ने नाटो के जरिए विस्तार जारी रखा, जो रूस को निरंतर मुंह चिढ़ा रहा था। सोवियत संघ के खंडहरों पर उगे स्वतंत्र देशों को जिस प्रकार से यूरोपीय यूनियन और नाटो का सदस्य बनाने की रणनीति रूस को निर्वीर्य बनाकर उसके अस्तित्व को समाप्त करने की कोशिश की गई, उसके विरुद्ध ऐसी प्रतिक्रिया स्वाभाविक लगती है। चूंकि पश्चिमी शक्तियां सीधे टकराने के बजाय अक्सर मोहरों के जरिए युद्ध लड़ती हैं और यहां मोहरा यूक्रेन को बनाया गया। इस युद्ध में करीब छह लाख लोगों की मौत हुई है। रूस में तुलनात्मक रूप से ज्यादा जनहानि हुई है।

### मैक्सिको में ड्रग वार : दुनिया में अनेक तरह के युद्ध



यह कितने शर्म की बात है कि एक देश में ड्रग्स या मादक पदार्थों के लिए युद्ध चल रहा है। यह मेक्सिको सरकार और विभिन्न मादक पदार्थों के तस्कर गिरोहों के बीच लगातार चलने वाला सशस्त्र संघर्ष है। जब मेक्सिको की सेना ने 2006 में हस्तक्षेप किया, तब वहां की सरकार का मुख्य उद्देश्य मादक पदार्थों से संबंधित हिंसा को कम करना था। वहां सरकार का कहना है कि उसका प्राथमिक ध्यान गिरोहों को तोड़ने और ड्रग तस्करी रोकने पर है। यह बड़ी समस्या है, जिसमें अमेरिका कूदना चाहता है, हालांकि, मेक्सिको की सरकार का कहना है कि अमेरिका हथियार उपलब्ध कराना कम करे, तो इस युद्ध को रोकने में सुविधा होगी। ध्यान रहे, इस युद्ध में चार लाख से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में बदलाव के साथ परिवार से दूर किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि संभव।

**मिथुन :** पारिवारिक जीवन सुखमय, परंतु माता की सेहत का ध्यान रखें। पिता का सान्निध्य भी मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं।

**कर्क :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों के प्रति सचेत रहें। कठिनाई आ सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा।

| 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 |
| 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 6 | 7 | 2 | 8 |

## डेली हेल्थ कैप्सूल

### लू, अपच से बचाव करता है गन्ने का सिरका

*गन्ने का सिरका गर्मियों में होने वाली समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।*

**पुराने** समय में गन्ने के सिरके का उपयोग दवा के रूप में किया जाता था। धीरे-धीरे गर्म होते में मौसम में लोगों को पेट में दर्द की समस्या होने लगती है। ऐसे में गन्ने के सिरके का सेवन करने से आराम मिलता है। गन्ने के सिरके में नींबू का रस मिलाकर पीने से वजन भी नियंत्रित रहता है। गन्ने के सिरके में एंटीएजिंग तत्व पाए



जाते हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ होने वाली त्वचा संबंधी परेशानियों में फायदेमंद होते हैं। गन्ने के सिरके में एंटीडायबिटीक गुण होते हैं, जो शुगर को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। किडनी में पथरी की समस्या होने पर गन्ने का रस बहुत फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए जूस में एक चम्मच गन्ने का सिरका मिलाकर सेवन करें। इससे लाभ मिल सकता है। गन्ने के सिरके में शहद मिलाकर पीने से आंखों से संबंधित समस्याएं दूर होती हैं और आंखों की रोशनी बेहतर होती है। इस मौसम में सिरके का सेवन करने से शरीर को ठंडक मिलती है। गन्ने के जूस में एक चम्मच सिरका और एक चम्मच प्याज का रस मिलाकर पीने से लू से बचाव होता है। सिरके में मौजूद विटामिन सी मुंह की दुर्गंध दूर करता है।

**क्या कहते हैं विशेषज्ञ**

तय मात्रा से अधिक गन्ने के सिरके का सेवन करने से पाचन से जुड़ी समस्याएं, उल्टी, खांसी, सांस की परेशानी और वजन बढ़ सकता है। चिकित्सक से खुराक पूछकर ही इसका सेवन करें।
-डॉ. नवीन चंद्र जोशी
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। **–वाल्तेयर**




# एआइ की चकाचौंध में विवेक का दीया भी जरूरी

तकनीक हर युग में जीवन को आसान बनाती रही है, लेकिन हर नई तकनीक अपने साथ जोखिमों का नया संसार भी लाती है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) उसी मोड़ पर है। फोटो से कैरिकेचर और कुछ सेकंड में तैयार डिजिटल पहचान- यह रोमांचक है, लेकिन इसके पीछे छिपा खतरा कम नहीं है। एआइ प्रयोगों की अंधी होड़ यदि बिना सावधानी के बढ़ी, तो यह समाज के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। सोशल मीडिया पर इन दिनों अपनी फोटो से एआइ कैरिकेचर या डिजिटल अवतार बनवाने का चलन है। यह महज मनोरंजन नहीं, बल्कि साइबर अपराधियों के लिए 'डिजिटल कुंडली' तैयार करना है। एक तस्वीर से चेहरे की बनावट और भाव-भंगिमा जैसे संवेदनशील बायोमेट्रिक डेटा निकाले जा सकते हैं। हमें समझना होगा कि यदि कोई ऐप 'मुफ्त' मनोरंजन दे रहा है, तो असल में हम ग्राहक नहीं, हमारा डेटा ही उनका असली 'उत्पाद' है।

खतरा केवल पहचान चोरी तक सीमित नहीं है। डीपफेक तकनीक से किसी का चेहरा या आवाज इस्तेमाल कर ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। यहां एक बड़ा जोखिम 'स्थायी डिजिटल फुटप्रिंट' का भी है। आज मजे के लिए अपलोड की गई जानकारी इंटरनेट से कभी पूरी तरह मिटती नहीं और भविष्य में कॅरियर या सामाजिक छवि के लिए संकट बन सकती है। तकनीक जितनी तेजी से बढ़ रही है, अपराध भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में पहली जिम्मेदारी नागरिक की है। डिजिटल दुनिया में हमें वही 'डिजिटल हाइजीन' अपनानी होगी, जो घर की सुरक्षा के लिए अपनाते हैं। अनजान ऐप्स पर फोटो अपलोड करने से बचें, प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखें और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें। किसी भी प्लेटफॉर्म की पॉलिसी पढ़े बिना निजी जानकारी साझा करना खुद को जोखिम में डालना है, लेकिन जिम्मेदारी केवल जनता की नहीं है। सरकार को एआइ प्लेटफॉर्म्स के लिए स्पष्ट नियम बनाने होंगे और डेटा सुरक्षा कानून सख्ती से लागू करना होगा। साइबर जांच के लिए पुलिस तंत्र को आधुनिक बनाना और स्कूलों में डिजिटल साक्षरता को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना समय की मांग है। यह जिम्मेदारी अभिभावकों की भी है। उन्हें पहले खुद जागरूक होना पड़ेगा। नए जमाने की नई तकनीकों के विषय में जानकारी लेना भी उतना ही जरूरी है, जितना भविष्य के लिए निवेश करना। क्योंकि आप ऐसा नहीं करते हैं तो छोटी सी चूक आपके लिए घातक साबित हो सकती है। हर उम्र के व्यक्ति को अपने आसपास हो रहे बदलावों के विषय में जानकारी रखना बेहद आवश्यक है।

तकनीक अपने आप में अच्छी या बुरी नहीं होती- उपयोग उसे दिशा देता है। एआइ का भविष्य इसी पर निर्भर है कि हम उसे जिम्मेदारी से अपनाते हैं या अंधी दौड़ में जोखिमों को नजरअंदाज करते हैं। एआइ की चकाचौंध में विवेक का दीया जलता रहना चाहिए, तभी तकनीक सहायक बनेगी, संकट नहीं। एआइ को 'स्वामी' बनाने के बजाय 'सेवक' बनाए रखना ही मानव बुद्धिमत्ता की असली जीत होगी।




जन्मशती पर्व
श्रद्धेय कर्पूर चन्द्र कुलिश
1926 - 2026

## ऐसे थे कुलिश जी

# त्यागपत्र देख बोले 'हाथी बन जाओ'

बात सितंबर-अक्टूबर 1981 की है, मैं सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष का छात्र था, उन दिनों कुलिश जी बाढ़ से क्षतिग्रस्त गलताजी मंदिर के पुनर्निर्माण का बीड़ा उठाए हुए थे। इसी सिलसिले में वे एक दिन गणगौर होटल के पास एसपी जैन के आवास पर चर्चा के लिए आए हुए थे। वहीं कुलिश जी से मेरी भेंट हुई। जैन साहब ने उनसे कहा कि इस लड़के की ऊर्जा का आप कुछ सदुपयोग कीजिए। उसी दौर में जयपुर जिला रेडक्रॉस की कमेटी गठन करने का प्रयास चल रहा था, हालांकि राज्य सचिव रतन कौल उसके पक्ष में नहीं थे। संगठन में मेरे नाम के साथ उन कुछ नामों पर सहमति बन गई थी, लेकिन अध्यक्ष के लिए हम सभी तलाश में थे। कुलिश जी को सामने देख मैंने सोचे समझे बिना अध्यक्ष पद ग्रहण करने का निवेदन कर दिया। इस यकायक आग्रह से उनके चेहरे पर मंद-मंद मुस्कान आई। उस मुलाकात के बाद लगभग हर दिन मेरी साइकिल कक्षा के पश्चात केसरगढ़ पहुंच जाती।



**डॉ. विवेक एस. अग्रवाल**
वरिष्ठ चिकित्सक
@patrika.com

> कुलिश जी ने पहले तो आक्रोशपूर्वक देखा और फिर पास में बिठाकर जीवन का एक महत्वपूर्ण ज्ञान देते हुए कहा 'हाथी बन जाओ'। मैं पहले तो इसका मतलब समझा नहीं, लेकिन ज्यों ज्यों जीवन का सफर बढ़ता गया, यह सफलता का मंत्र भी बना और अर्थ भी समझ आ गया।

कुलिश जी के मार्गदर्शन में हमने निरंतर कुछ न कुछ गतिविधियां प्रारंभ कर दीं और उधर राज्य रेडक्रॉस के हमले भी बढ़ते गए। यहां तक कि उन्होंने एक स्थानीय दैनिक (पत्रिका नहीं) में विज्ञापन जारी कर जिला इकाई की वैधानिकता को भी चुनौती दे डाली। कार्यकारिणी में सबसे युवा और मेडिकल छात्र होने के कारण मैं कुछ भयभीत हो अपना त्यागपत्र ले कुलिश जी के पास पहुंच गया, उन्होंने पहले तो आक्रोशपूर्वक देखा और फिर पास में बिठाकर जीवन का एक महत्वपूर्ण ज्ञान देते हुए कहा 'हाथी बन जाओ'। मैं पहले तो इसका मतलब समझा नहीं, लेकिन ज्यों-ज्यों जीवन का सफर बढ़ता गया, यह सफलता का मंत्र भी बना और अर्थ भी समझ आता गया।

इसी साल 16 दिसंबर को हमने नाहरगढ़ रोड पर एक विद्यालय में विशाल शिशु रोग शिविर आयोजित करने का निश्चय किया। घर-घर हुए प्रचार का असर था कि सुबह से शाम तक लंबी कतारें लगी रही, लेकिन इसके बावजूद शिविर में समापन के समय पधारे कुलिश जी प्रसन्न नहीं थे। उन्होंने मुझे सीधे शब्दों में कहा कि यह तो बस दिखावा है। अभी मरीज दिखा गए और मुफ्त मिली दवा को या तो बाहर नाली में डाल जाएंगे या आधी अधूरी लेंगे। मुझे उनकी बात में गहरा तर्क दिखा, लेकिन समाधान क्या हो? फिर उनके ही निर्देशानुसार पत्रिका के सहयोग से हमने पूरे एक वर्ष तक हर रविवार यज्ञशाला की बावड़ी में शिविर लगा मरीजों के इलाज को निरंतरता प्रदान की। यह संभवतया भारत का पहला निरंतर आयोजित होने वाला चिकित्सा शिविर था।

मैं सामाजिक रूप से सक्रिय रहना चाहता था, लेकिन साधन बहुत ही सीमित थे। यह देख कुलिश जी ने मुझे पत्रिका के स्वास्थ्य परिशिष्ट में लिखने को कहा। उस प्रयास से मुझे हर सप्ताह 150-200 रुपए मिलने लगे, जो उस समय को देखते हुए अच्छी खासी राशि थी। वर्ष 1980-81 के दौर में ही स्वैच्छिक रक्तदान की अलख जगाने की शुरुआत हुई। सवाई मानसिंह अस्पताल का ब्लड बैंक इस कार्य में जुटा। रक्तदान के बाद चाय-कॉफी और बिस्किट देना जरूरी था, किंतु यह सरकारी बजट से संभव नहीं था। ऐसे में कुलिश जी ने पत्रिका एवं तरुण समाज के सहयोग से लंबे कालखंड तक रक्तदाताओं के लिए इस सहयोग को बिना प्रचार प्रसार के जारी रखा। पूरे जयपुर में विख्यात था कि कला-संस्कृति व युवाओं से जुड़े आयोजन के लिए उनके दर से कोई खाली नहीं लौटता था। बहुत ऐसे संस्मरण हैं, जो मात्र वचन न होकर जीवनपथ पर अग्रसर होने का पथ प्रदर्शित कर गए।

**(लेखक सेंटर फॉर डवलपमेंट कम्युनिकेशन के सचिव हैं और सामाजिक सरोकारों में पत्रिका के साथ जुड़े रहे हैं।)**

**पैदल सुरक्षा:** राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और सामाजिक सहयोग की आवश्यकता

# अतिक्रमण मुक्त फुटपाथ : सबकी साझा जिम्मेदारी



**चंद्र शेखर पाराशर**
पूर्व अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक
@patrika.com

> फुटपाथ केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि आजीविका का आधार भी हैं। आर्थिक पक्ष की अनदेखी कर केवल निष्कासन-आधारित नीति अपनाना न्यायसंगत नहीं है। चंडीगढ़ की तर्ज पर इनफॉर्मल एक्टिविटीज के लिए खुला क्षेत्र नियोजित किया जा सकता है।

किसी भी सभ्य, सुरक्षित और समावेशी शहर की पहचान उसके पैदल यात्रियों की सुरक्षा से होती है। फुटपाथ केवल सीमेंट या पत्थर की पट्टी नहीं, बल्कि नागरिकों के सुरक्षित, सम्मानजनक और बाधारहित आवागमन का संविधान प्रदत्त मूलाधिकार हैं। इसके बावजूद शहरों में फुटपाथ या तो अनुपस्थित हैं या अतिक्रमण, अवैध पार्किंग, अस्थायी ढांचों और अव्यवस्थित उपयोग के कारण अनुपयोगी बन चुके हैं। परिणामस्वरूप पैदल यात्रियों विशेषकर बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजन को सड़क पर चलने के लिए विवश होना पड़ता है, जिससे दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर स्पष्ट किया है कि पैदल यात्री सड़क उपयोगकर्ताओं का सबसे संवेदनशील वर्ग है और उसकी सुरक्षा राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है। न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के अंतर्गत 'जीवन के अधिकार' की व्यापक व्याख्या करते हुए सुरक्षित और सम्मानजनक आवागमन को भी इसमें समाहित माना है। राज शेखर बनाम भारत संघ (2012) के संदर्भ में पिछले वर्ष 14 मई के सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों में यह स्पष्ट किया गया है कि फुटपाथ केवल पैदल यात्रियों के लिए हैं, उनका उपयोग स्थायी अतिक्रमण या पार्किंग के लिए नहीं किया जा सकता।

राज्य सरकारें एवं स्थानीय निकाय बाधारहित और सुरक्षित फुटपाथ उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी हैं। तकनीकी और अभियांत्रिकी मानकों की दृष्टि से इंडियन रोड्स कांग्रेस के दिशानिर्देश स्पष्ट हैं। फुटपाथ की न्यूनतम चौड़ाई प्रायः 1.5 से 3 मीटर के बीच समतल और फिसलन रहित सतह लगभग 1:12 ढाल का रैम्प, उचित जल निकासी और निरंतर पैदल पथ के रूप में होने चाहिए, लेकिन वास्तविकता यह है कि ये मानक केवल कागजों तक सीमित हैं। भौतिक स्तर पर 'कर्ब की ऊंचाई' (कर्ब हाइट्स) में भारी असमानता देखने को मिलती है, जिससे यह विभिन्न आयु वर्गों के लिए अगम्य हो जाता है। निजी संपत्तियों तक पहुंच और मनमाने रैम्प के कारण फुटपाथों की निरंतरता बार-बार टूट जाती है। कॉलोनियों और सोसायटियों में फुटपाथ निर्माण के लिए कोई स्थानीय दिशानिर्देश नहीं हैं, जिससे हर व्यक्ति अपनी सुविधानुसार अपने घर के आगे की जगह का उपयोग पार्किंग, पौधरोपण या अतिक्रमण के लिए कर लेता है।


सामान्यतः सड़कों के पुनः डामरीकरण के दौरान एक बड़ी तकनीकी लापरवाही देखने को मिलती है। पुरानी या खराब हो चुकी परत को हटाए बिना ही वर्तमान सड़क के ऊपर नई परत बिछा दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप सड़क और फुटपाथ की ऊंचाई लगभग समान हो जाती है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि सड़क का स्तर उठने से फुटपाथ सड़क की ऊंचाई से भी नीचे चला जाता है। नतीजतन, बारिश के मौसम में जलभराव के कारण फुटपाथ उपयोग के लायक ही नहीं बचते। ऊंचाई के इस अंतर के खत्म होने का एक दुष्परिणाम यह भी है कि अक्सर दोपहिया या अन्य वाहन आसानी से फुटपाथ पर चढ़ जाते हैं, जिससे पैदल यात्रियों का जीवन और भी संकट में आ जाता है।

विभिन्न सरकारी विभागों में फुटपाथों के प्रति संवेदनशीलता का घोर अभाव है। अक्सर बिजली विभाग या अन्य एजेंसियां पैदल मार्ग को अवरुद्ध करते हुए फुटपाथ पर ही यूटिलिटी बॉक्स और ट्रांसफॉर्मर लगा देती हैं। हद तो तब हो जाती है जब नगर निगम स्वयं फुटपाथों पर सार्वजनिक शौचालय बना देता है। सीवरेज लाइन या अन्य कार्यों के लिए फुटपाथ खोदे जाते हैं, लेकिन बाद में उनकी मरम्मत नहीं की जाती। बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण बने हुए फुटपाथ छोटे कर दिए जाते हैं। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार उपयोग योग्य फुटपाथ 10-15% से अधिक नहीं हैं और 2019 के एक सर्वे में सामने आया कि 72% लोग फुटपाथ का उपयोग ही नहीं करते। फुटपाथों की निरंतर अनुपलब्धता ने आम जनता में एक मनोवैज्ञानिक धारणा विकसित कर दी है कि चलने के लिए सड़क का किनारा ही एकमात्र विकल्प है। कई बार सड़क की बायीं लेन वाहनों की पार्किंग से घिरी होती है, जिसके बाद लोग सड़क के बीच में चलने को मजबूर होते हैं। यह भी स्वीकार करना होगा कि फुटपाथ केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के लिए आजीविका का आधार हैं। आर्थिक पक्ष की अनदेखी कर केवल निष्कासन-आधारित नीति अपनाना न्यायसंगत नहीं है। चंडीगढ़ की तर्ज पर इनफॉर्मल एक्टिविटीज के लिए खुला क्षेत्र नियोजित किया जा सकता है। स्ट्रीट वेंडर्स अधिनियम, 2014 के तहत वेंडिंग जोन का वैज्ञानिक निर्धारण और लाइसेंस प्रणाली संतुलित समाधान प्रदान कर सकते हैं। जहां फुटपाथ पर्याप्त चौड़े हों, वहां पैदल मार्ग से पृथक वेंडिंग बे विकसित किए जा सकते हैं।

सड़क के मार्गाधिकार की भूमियों पर करोड़ों रुपए की भूमि पर अवैध कब्जे हैं, जिनको सख्ती से खाली करवाना होगा। मास्टर प्लान में पैदल यात्री प्राथमिकता का समावेशन किया जाए। मार्गाधिकार के समुचित डिजाइन में नगर नियोजकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसे स्थानीय निकायों द्वारा प्रायः पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया जाता है। जनसहभागिता के बिना यह लक्ष्य अधूरा रहेगा। नागरिकों को भी फुटपाथों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अवैध निर्माण करने वालों को रोकना होगा और जहां फुटपाथ बने हैं, वहां निडर होकर उपयोग करना होगा। कानून मौजूद हैं, तकनीकी मानक हैं और न्यायालय की दिशा स्पष्ट है। जरूरत है राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और सामाजिक सहयोग की।

**बुक इनसाइट**

## लाफिंग इन द हिल्स




लाफिंग इन द हिल्स: ए स्टोरी ऑफ लाइफ एंड द रेस ट्रैक यह लेखक बिल बारिच की एक यादगार और संवेदनशील पुस्तक है, जो घुड़दौड़ की दुनिया के बहाने जीवन के गहरे अनुभवों को सामने लाती है। यह सिर्फ रेस ट्रैक की कहानी नहीं, बल्कि आत्मखोज, पारिवारिक संबंधों और समय की परतों को समझने की ईमानदार कोशिश है। बारिच पेशे से पत्रकार और लेखक रहे हैं। उनकी लेखनी में रिपोर्टिंग की सटीकता और साहित्यिक संवेदनशीलता का सुंदर मेल दिखाई देता है। किताब में बारिच अक्सर कैलिफोर्निया के गोल्डन गेट फील्ड्स रेस ट्रैक पर मौजूद हैं, लेकिन उनकी सोच केवल दांव और घोड़ों तक सीमित नहीं रहती।

वे अपनी मां की बीमारी से उपजी मानसिक उथल-पुथल, पारिवारिक यादों और फ्लोरेंस में बिताए छात्र जीवन को भी कहानी में पिरोते हैं। घोड़ों और मनुष्य के रिश्ते को वे इतिहास और संस्कृति के संदर्भ में भी देखते हैं। यही वजह है कि यह किताब खेल से आगे बढ़कर जीवन का दस्तावेज बन जाती है।

**फैक्ट फ्रंट**

## शर्मिला और एकांतप्रिय 'मेन्ड वुल्फ'



दक्षिण अमरीका के घास के मैदानों में लंबी टांगों वाला एक अनोखा जीव दिख जाए तो समझिए आप 'मेन्ड वुल्फ' के इलाके में हैं। नाम में 'वुल्फ' जरूर है, लेकिन यह न तो असली भेड़िया है और न ही लोमड़ी। अपनी लाल-भूरी खाल, काले अयाल और पतले, स्टिल्ट जैसे पैरों के कारण यह दूर से ही पहचाना जाता है। मेन्ड वुल्फ कंधे तक लगभग एक मीटर ऊंचा होता है, लेकिन उसका वजन सिर्फ 23 से 35 किलोग्राम के बीच होता है। उसके लंबे पैर ऊंची घास में चलने और शिकार को दूर से देखने में मदद करते हैं। बड़े कान हल्की-सी आहट भी पकड़ लेते हैं। खतरा महसूस होने पर उसकी गर्दन का काला अयाल खड़ा हो जाता है, जिससे वह आकार में बड़ा दिखने लगता है। खाने के मामले में यह जीव अलग पहचान रखता है। यह सर्वाहारी है और छोटे स्तनधारी, पक्षी व कीड़े खाता है, लेकिन इसके भोजन का लगभग आधा हिस्सा फल और सब्जियां होती हैं। खास तौर पर 'वुल्फ एप्पल' नामक फल इसे बहुत पसंद है। स्वभाव से यह शर्मीला और अकेला रहने वाला जानवर है।

**दृष्टिकोण** समावेशी विकास की कुंजी महिला उद्यमिता

# सपनों से आत्मनिर्भरता तक: भारतीय महिलाओं की उद्यम यात्रा



**प्रो. हेमंत पारीक**
महासचिव, आइएसएलएस
@patrika.com

भारत में पिछले कुछ वर्षों में महिला उद्यमिता एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के रूप में उभरकर सामने आई है। पहले जहां महिलाओं की भूमिका मुख्यतः परिवार और घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित मानी जाती थी, वहीं आज महिलाएं शिक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और स्टार्टअप के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। यह परिवर्तन केवल आर्थिक सशक्तीकरण का संकेत नहीं है, बल्कि सामाजिक सोच में आए सकारात्मक बदलाव का भी प्रतीक है।

आज की भारतीय महिला केवल नौकरी तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि वह अपने विचारों और नवाचारों को उद्यम के रूप में स्थापित करना चाहती है। छोटे-छोटे घरेलू व्यवसायों से लेकर बड़े स्टार्टअप तक महिलाएं हर स्तर पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, डिजिटल भुगतान और ई-कॉमर्स ने महिलाओं को घर बैठे व्यापार शुरू करने का अवसर प्रदान किया है। इसके कारण ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिला उद्यमिता तेजी से बढ़ रही है। भारत सरकार ने भी महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा योजना, महिला ई-हाट और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जैसी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के जरिये छोटे-छोटे उद्योग स्थापित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। महिला उद्यमिता का प्रभाव केवल आर्थिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका व्यापक सामाजिक प्रभाव भी दिखाई देता है। जब एक महिला उद्यमी बनती है, तो वह केवल अपने लिए रोजगार नहीं बनाती, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर उत्पन्न करती है। इससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां बढ़ती हैं और समाज में आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत होती है।

महिला उद्यमिता के सामने कुछ चुनौतियां भी हैं। सामाजिक रूढ़ियां, वित्तीय संसाधनों तक सीमित पहुंच, परिवार और व्यवसाय के बीच संतुलन तथा नेटवर्किंग के अवसरों की कमी जैसी समस्याएं कई महिलाओं के लिए बाधा बनती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और डिजिटल जानकारी की कमी भी एक बड़ी चुनौती है। इसलिए आवश्यक है कि समाज, परिवार और संस्थाएं मिलकर महिलाओं को प्रोत्साहन दें और उन्हें संसाधन उपलब्ध कराएं। समय की मांग है कि महिला उद्यमिता को केवल आर्थिक गतिविधि के रूप में न देखें, बल्कि इसे सामाजिक परिवर्तन के शक्तिशाली माध्यम के रूप में समझें। स्कूल-कॉलेजों में उद्यमिता शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों से लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

महिला उद्यमिता भारत के समावेशी विकास की कुंजी है। जब महिलाएं अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे समाज के विकास में योगदान देती हैं। इसलिए हमें ऐसी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का निर्माण करना चाहिए जहां हर महिला को अपने सपनों को उद्यम में बदलने का अवसर मिल सके। महिला उद्यमिता केवल व्यवसाय की कहानी नहीं है, बल्कि यह आत्मविश्वास, साहस और परिवर्तन की कहानी है- जहां आकांक्षा धीरे-धीरे एक सशक्त उद्यम का रूप ले लेती है। यही वह मार्ग है जो भारत को एक अधिक आत्मनिर्भर, समावेशी और समृद्ध राष्ट्र की ओर अग्रसर करता है।

## एक ही विशाल चट्टान को काटकर तराशा गया
# महाबलीपुरम का भीम रथ



*__तमिलनाडु__ के महाबलीपुरम में स्थित 'भीम रथ' प्राचीन भारतीय स्थापत्य और शिल्पकला का अद्भुत उदाहरण है। यह प्रसिद्ध पंच रथ परिसर के पांच एकाश्म स्मारकों में से एक है, जिन्हें एक ही विशाल चट्टान को काटकर तराशा गया है। इन स्मारकों का निर्माण पल्लव वंश के शासक नरसिंहवर्मन प्रथम के शासनकाल में आठवीं शताब्दी में हुआ माना जाता है। भीम रथ का ढांचा आयताकार है और इसकी छत पारंपरिक ग्रामीण बैलगाड़ी के आकार से प्रेरित दिखाई देती है, जो इसे अन्य रथों से अलग पहचान देती है। महाबलीपुरम यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।*

## आपकी बात

### जवाबदेही तय की जानी चाहिए

**बाजारों** में अतिक्रमण की समस्या से स्थायी समाधान तभी संभव है, जब अधिकारियों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय की जाए और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। सख्त जुर्माने का प्रावधान हो। जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए।
- **शिवजी लाल मीना,** जयपुर

**patrika.com** पर पढ़ें

### पाठकों की अन्य प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'बाजारों में अतिक्रमण से निजात के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए?' प्रतिक्रियाएं ऑनलाइन देखें।
इसे स्कैन करें
https://shorturl.at/WBYmo

**आज का सवाल**

**बिना सोचे-समझे खरीदारी पर अंकुश के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए?**
ईमेल करें: edit@epatrika.com

**बिहार की राजनीति** जद यू के जनाधार को बचाए रखने की बड़ी चुनौती निशांत कुमार के सामने होगी

# नीतीश के निशांत: सत्ता के सुखांत की नई सियासी पटकथा



**राज कुमार सिंह**
वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक
@patrika.com

दो दशक से बिहार में सत्ता का पर्याय बने नीतीश कुमार राज्यसभा जा रहे हैं तो उनके पुत्र निशांत अपनी राजनीतिक पारी शुरू कर रहे हैं। पिछले साल बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम का स्पष्ट संदेश यह भी था कि दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार इस बार कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएंगे, लेकिन ऐसी नाटकीय विदाई की उम्मीद शायद ही किसी की हो।

बिहार सरीखे राज्य का मन मुताबिक मुख्यमंत्री रहने के बाद राज्यसभा की राह से उनकी छवि निखरती तो हरगिज नहीं। इसी एक मार्च को 75 साल पूरे करने पर सक्रिय राजनीति से संन्यास की घोषणा नीतीश के राजनीतिक कद के ज्यादा अनुरूप होती। तब वह एक नैतिक उदाहरण पेश करते हुए अपनी लंबी सफल पारी को विराम देते, लेकिन उन्होंने राज्यसभा की राह चुनी। चुनावी राजनीति में संतुलन की चाबी के बल पर राजग या महागठबंधन को नचाते रहे नीतीश कुमार से वह ट्रंप कार्ड इस बार मतदाताओं ने ही छीन लिया।

पिछली बार की 43 सीटों के मुकाबले इस बार 85 सीटें जीतने के बावजूद नीतीश ट्रंप कार्ड इसलिए गवां बैठे, क्योंकि राजद-कांग्रेस समेत महागठबंधन के खराब चुनावी प्रदर्शन ने वैकल्पिक समीकरण बिगाड़ दिया। जद यू से चार सीटें ही ज्यादा जीत कर भी लोजपा- हम- रालोमो जैसे अन्य मित्र दलों के साथ भाजपा बहुमत के इतना नजदीक पहुंच गई कि मामूली जुगाड़ से भी सरकार बना लेती। फिर भी नीतीश को मुख्यमंत्री बनाया, क्योंकि जद यू के जनाधार को भाजपा नाराज नहीं करना चाहती थी। पुत्र निशांत के राजनीतिक वारिस बनने की चर्चाएं भी पिछले साल से ही चल रही थीं, जब उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री आवास में जद यू नेताओं संग होली खेली थी। इसलिए न तो मुख्यमंत्री पद से 16 मार्च को संभावित नीतीश का इस्तीफा अप्रत्याशित है और न ही बिहार की राजनीति में एक और पुत्रोदय।

बिहार के जटिल जातीय चुनावी समीकरण को साधते हुए अपने पहले मुख्यमंत्री का चयन भाजपा के लिए आसान तो हरगिज नहीं होगा। भाजपा की राजनीति मुख्यतः अगड़ी जातियों के समर्थन पर टिकी रही है, जबकि मंडलीकरण के बाद से बिहार की राजनीति में ओबीसी का वर्चस्व रहा है, जिसके साथ अल्पसंख्यक वर्ग भी गोलबंद होता रहा है। अगड़ी जातियां अपेक्षा रखती हैं कि विपक्ष की राजनीति करते हुए भी दशकों से समर्थन का पुरस्कार उन्हें मिले, लेकिन ओबीसी को नकारात्मक संदेश देने का जोखिम भाजपा नहीं उठा सकती। अब तक ओबीसी के एक वर्ग को नीतीश कुमार भी साधे रहे। नीतीश ने न सिर्फ ईबीसी का अपना नया जनाधार तैयार किया, बल्कि लालू-तेजस्वी के अल्पसंख्यक वोट बैंक में भी सेंध लगाई। परिणामस्वरूप लालू की राजनीति 'एम-वाई' समीकरण तक सिमट गई। बेशक उप मुख्यमंत्री बनकर निशांत कुमार भी भाजपा के साथ ही राजनीति करेंगे, लेकिन जद यू के जनाधार को बचाए रखने की बड़ी चुनौती उनके सामने होगी।

पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भी जद यू को 19 प्रतिशत वोट मिले थे। बहुकोणीय चुनावी राजनीति में यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। इसी के बल पर नीतीश दो दशक तक बिहार पर राज करते रहे। जाहिर है, निशांत का राजनीतिक भविष्य इस बात पर ज्यादा निर्भर करेगा कि वह इस जनाधार को कितना साथ रख पाते हैं। अगर जद यू और भाजपा, नीतीश के इस परंपरागत वोट बैंक को नहीं साध पाए तो बिखराव की प्रक्रिया में उसका एक हिस्सा उस राजद के पास भी लौट सकता है, जिसके भविष्य पर पिछले विधानसभा चुनाव परिणाम सवालिया निशान लगाते नजर आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री पद भाजपा में जिसे भी मिले, वह उसके लिए चुनौतियों का ताज साबित होने के ही आसार हैं। नए मुख्यमंत्री के लिए एक और बिहार की जटिल जातीय राजनीति को साधना होगा तो दूसरी ओर उसकी सरकार को नीतीश राज की कसौटी पर भी कसा जाएगा। अवसरवादी राजनीति के अलावा नीतीश अपनी कुछ टिप्पणियों के लिए भी विवादित रहे, लेकिन बिहार को विकास की पटरी पर लाने की कोशिश का श्रेय उनसे कोई नहीं छीन सकता। इसीलिए उन्हें 'सुशासन बाबू' भी कहा गया। हां, यह बहस का विषय हो सकता है कि अपने पहले दशक की दिशा और रफ्तार नीतीश दूसरे दशक में क्यों कायम नहीं रख पाए।

*आज भी मैं अपने शरीर को आधार बनाकर ही जीवन के कार्यकलाप सम्पन्न करता हूं। किसी ने नहीं बताया मुझे कि मैं शरीर नहीं, शरीर का स्वामी हूं। दिखाई नहीं देता। स्वयं को भी नहीं। स्वयं अपने लिए भी मैं अनुभूति का विषय हूं।*

# मेरी अन्तर्यात्रा

**गुलाब कोठारी**
प्रधान संपादक
पत्रिका समूह
@patrika.com

*पुरुष शरीर में आत्मा व्याप्त रहता है। इसी में उसके पूर्वजों के अंश व्याप्त रहते हैं। मुझे पुंभ्रूण के रूप में शुक्राणु के शुक्र में प्रतीक्षा करनी पड़ी। अणुरूप बीज था। मुझे नहीं मालूम आगे का यात्रा पथ। बस, प्रतीक्षा। सोचता हूं कि कितने प्राणी होंगे जो इतनी बार अग्नि कुण्ड से गुजरते होंगे! कितना कठिन है मानव शरीर धारण करना।*



गरुड़ पुराण में जीव की शरीर से बाहर की यात्रा का तात्त्विक वर्णन है। हमें केवल कथाओं को खोलने की आवश्यकता है। वैसे तो सभी पुराण इसी आधार पर सूत्रात्मक भाषा में तथा वैज्ञानिक धरातल पर लिखे हुए हैं। वेद-उपनिषद् भी आत्मा को ही केन्द्र में लिए हैं। पद्य में हैं- गीता की भांति ही। जीव की 84 लाख योनियों का यात्रा वृत्तान्त, प्रकृति और पुरुष का यज्ञात्मक स्वरूप और ब्रह्म के विस्तार का वर्णन मिलता है। हम धर्म निरपेक्ष शिक्षा व्यवस्था के उत्पाद हैं, संसाधन बने हुए हैं। तब हमें अपने मूल स्वरूप का भान भी कैसे हो?

आज भी मैं अपने शरीर को आधार बनाकर ही जीवन के कार्यकलाप सम्पन्न करता हूं। किसी ने नहीं बताया मुझे कि मैं शरीर नहीं, शरीर का स्वामी हूं। दिखाई नहीं देता। स्वयं को भी नहीं। स्वयं अपने लिए भी मैं अनुभूति का विषय हूं। अतः जाग्रत अवस्था में अपनी प्रत्येक योनि की यात्रा का साक्षी रहता हूं। अन्य शरीरों में मेरे लिए अभिव्यक्ति का निषेध है। स्वतंत्र कर्म करने पर निषेध लागू है। बस, प्रकृति के आदेश के अनुरूप भोग करना शेष रहता है।

सभी कर्मों के यथायोग्य फल भोगकर मैं चन्द्रमा पर लौटा। ब्रह्मा कृष्णश्च नोऽवतु- चन्द्रमा वै ब्रह्मा कृष्णः- अर्थात् सूर्य की तरह चन्द्र पिण्ड भी कृष्ण है। न अग्नि में प्रकाश है, न सोम में प्रकाश है। प्रकाश उत्पन्न होता है दोनों के समन्वय से। जन्म प्रक्रिया में स्त्रैण योषाग्नि अपनी जगह स्थित रहता है, पौरुष सोम आहुत होता है। अतः सोम को ही प्रकाश का प्रवर्तक कहा है। छान्दोग्य उपनिषद् की पंचाग्नि विद्या के अनुसार श्रद्धा-सोम-वर्षा-अन्न-शुक्र रूप में श्रद्धा सोम ही क्रमशः द्यु-पर्जन्य-पृथ्वी-पुरुष-योषित् पांचों अग्नियों में आहुत होता हुआ प्रजा की उत्पत्ति का कारण बनता है।

अग्नित्रयी- अग्नि-यम-आदित्य- से वैश्वानर अग्नि उत्पन्न होता है। यह तापधर्मा है। पुरुषाग्नि है। द्यु-पर्जन्य-पृथ्वी-वैश्वानर सत्याग्नि हैं। पांचवा योषित अग्नि ऋत रूप है। इस ऋताग्नि से ही स्त्री का आत्मा बनता है। हर समय इसमें ऋताग्नि उपलब्ध नहीं होती। ऋतुकाल में ही इस ऋताग्नि का विकास होता है। यही ऋतुमति स्त्री सोमाहुति ग्रहण करके प्रजा उत्पन्न करती है।

मैं जब चन्द्रमा पर पहुंचा, तो उसके अंधेरे भाग में पहुंचा जो कि पितरों का स्थान है। वहां से समयानुसार पर्जन्य के साथ यात्रा आरंभ हुई। पर्जन्य को बरसना है। यह भी प्रकृति तय करती है कि कहां बरसना है। मुझे किस भूखण्ड पर पृथ्वी में प्रवेश करना है- बीज रूप में। पृथ्वी अग्नि है, जल सोम है। जल के माध्यम से मैं भी धंस गया एक खेत में, जो मुझे लेने के लिए तैयार किया जा चुका था। पृथ्वी की महद् योनि में जाकर-जल की सहायता से अंकुरित हो जाना था। कृष्ण के शब्द हैं- ''मम योनिर्महद् ब्रह्म...''। मैं भी ब्रह्मांश ही तो हूं। महद् में ही माया से युक्त होकर मातरिश्वा वायु की सहायता से आहुत होता हूं। अन्न ही मेरा शरीर बना। अन्न के सहारे पुरुष शरीर में-वैश्वानर में- आहुत हुआ। शरीर के धातुओं के साथ बढ़ता हुआ शुक्र में समाहित हो गया। शुक्र से ही ओज और मन बनता है।

पुरुष शरीर में आत्मा व्याप्त रहता है। इसी में उसके पूर्वजों के अंश व्याप्त रहते हैं। मुझे पुंभ्रूण के रूप में शुक्राणु के शुक्र में प्रतीक्षा करनी पड़ी। अणुरूप बीज था। मुझे नहीं मालूम आगे का यात्रा पथ। बस, प्रतीक्षा। सोचता हूं कि कितने प्राणी होंगे जो इतनी बार अग्नि कुण्ड से गुजरते होंगे! कितना कठिन है मानव शरीर धारण करना। वैश्वानर से बाहर आते ही डाल दिया रक्त नदी में। क्या पाप किया था मैंने? मांस के पर्वतों में फंसा रहा। अस्थि-मज्जा के शिलाखण्डों का पोषण करता हुआ यहां-शुक्र में- आ पहुंचा। मेरे चारों ओर लाखों-शुक्राणु हैं प्रतीक्षा में। किसकी? नहीं मालूम। हां, लगता है क्षीर सागर का शीतल निवास है। मेरे भीतर ब्रह्म है। जिस शरीर में स्थित हूं, कोई बड़ा ब्रह्माण्ड है। और अचानक एक दिन शरीर में तेज भूकम्प के झटके लगे। सम्पूर्ण शुक्राणु-सेना में खलबली मच गई। किसी बाहरी शक्ति ने मानो शरीर में प्रवेश किया- जैसे कोई दुर्गा। सम्पूर्ण शरीर से आत्मा के अंश बंटोरे और लेकर मेरे पास आई। बोली चलना है- लम्बी यात्रा पर। केवल मुझे ही बोली। इतने में तो एक आंधी में हम उड़ गए। हवा के तेज दबाव से बाहर तो निकले, किन्तु वहां फिर एक कुण्ड था। लगभग पूरी सेना भस्म हो गई। जल बाहर की ओर बह निकला। मैं और वह शक्ति अपने सामान के साथ बच निकले। हवा अभी भी चल रही थी। हम लम्बी गुफा से निकल रहे थे।

यहां गुफा में ही मेरा शरीर भी छूट गया। शक्ति ने मुझे नए मित्र से मिला दिया। हम एक हो गए। हवा से एक बुद्‌बुद् उठा हम दोनों एक साथ बन्द हो गए। केन्द्र में रहने लगे। वह तो हृदय था, बुद्‌बुद् का। वहीं पुरुष के आकृति अंश, जीवात्मा (मैं) तथा ब्रह्मांश सभी एकत्र हो गए। साथ-साथ रहने लगे। मैं जहां से आया, वहां से भिन्न स्थिति में था। खाने-पीने की व्यवस्था भिन्न थी। मैं छटपटा रहा था, बाहर निकलने को। कोई संभावना नहीं थी।

कहते हैं संसार में बार-बार आवर्तमान महान आत्मा ही है। यही सत्व लक्षण परात्पर है। यही जल है, किन्तु इन्द्रियों से दिखता नहीं है। रूप-रस-गंध आदि नहीं है। क्षेत्रज्ञ में पहुंचकर निरात्म हो जाता है। महान आत्मा तीन प्रकार का होता है—सत्व, रज, तम रूप से। सत्व विशुद्ध होता है। उसके चारों ओर रज और तम होते हैं। वह जब विभूतियां करने लगता है तब ये दोनों सम्बन्ध उसे क्षेत्रज्ञ से अलग कर देते हैं। (निरुक्त)। माया से घिरा हुआ जीव मिथ्या दर्शन के कारण मैं स्रष्टा हूं, मैं द्रष्टा हूं, मैं ही विभक्ता हूं, ऐसा समझने लगता है। महाभूत आकाश से वायु तथा वायु से प्राणों का प्रकाश है। तेज से आंख, जलों से स्नेह तथा पृथ्वी से मूर्ति बन जाती है। पुरुष में पृथ्वी के आठ गुण रहते हैं। तीन मां से तथा तीन पिता से मिलते हैं। मां से हड्डी-स्नायु-मज्जा निर्मित होते हैं। पिता से त्वचा, मांस और रुधिर भाग बनता हैं। मां से खाना और पीना भी प्राप्त होता है।

श्रुति कहती है- तू ही स्त्री है, तू ही पुरुष। ''स्त्रियः सतीस्तां उ मे पुंस आहुः'' (ऋ. 1.164.16)। स्त्रीत्व और पुरुषत्व वस्तुतः है नहीं। वह जैसे-जैसे शरीर को पाता है वैसे-वैसे नाम से पुकारा जाता है। निरुक्त आगे कहता है- पुरुष जो जो अनुरोध करता है, कार्य करता है, वैसा ही हो जाता है। यदि धर्म का अनुरोध करता है तब देवत्व पा जाता है। यदि ज्ञान का अनुरोध करता है तो अमर बन जाता है। काम के अनुरोध से गिर जाता है। वैसी ही योनि प्राप्त करता है।

निरुक्त मेरी यात्रा का वर्णन भी करता है। शुक्र-रज की मात्रा से मुझे पुरुष-स्त्री शरीर मिलेगा। दोनों के बराबर होने से नपुंसक। दोनों के संयोग से बन्धन होता है। एक रात के बाद कलल (गर्भ) हो जाता है। पांच रातों से बुलबुला बन जाता है। सात रातों के बाद पट्ठों के रूप का हो जाता है। चौदह रातों के बाद उसे अर्बुद कहने लगते हैं। पच्चीस रातों में स्वयं में घन हो जाता है। एक महीने में कठोर हो जाता है। दो महीने में सिर बन जाता है। तीन महीनों में गर्दन निकल आती है। चार महीनों में चमड़ी निकल आती है। पांच महीनों में नाखून और रोएं निकल आते हैं। छठे महीने मुंह, नाक, आंख और कान हो जाते हैं। सातवें में चलन समर्थ हो जाता है। आठवें में बुद्धि-युक्त हो जाता है। नौवें महीने में सर्वांग पूर्ण हो जाता है। जैसा कि कहा जाता है-''मैं मरा, फिर पैदा हुआ। फिर पैदा हुआ, पैदा होकर फिर मरा। नाना योनियों में रहा। भोजन कई प्रकार के खाये पीये। कई प्रकार के स्तन, माताएं, पिता, मित्र देखे। उल्टा लटका हुआ मैं इस प्रकार से पीड़ित हूं। उद्धार चाहता हूं।''

एक सौ आठ जोड़ शरीर में हैं। आठ कपालों वाला सिर होता है। सोलह पल चर्बी और नौ सौ स्नायु हैं। पुरुष के 107 मर्म स्थान होते हैं। साढ़े चार करोड़ रोएं हैं। हृदय के आठ भाग हैं और जीभ के बारह। अण्डकोष आठ पक्षों वाले हैं। मूत्रेन्द्रिय-शौचेन्द्रिय खाने-पीने से सिक्त होते हैं। विद्या और कर्म साथ जाते हैं। अज्ञान- अंधकार के कारण भूख-प्यास, क्रोध, लोभ, मोह, भय आदि द्वन्द्वों से तिरस्कृत रहता है। जीव एक बड़ी भूमिका की तरह पलक मारते ही इस पार्थिव शरीर से निकलकर तैजस देह प्राप्त कर लेता है। कर्मफल भोगकर फिर इसी लोक में पहुंच जाता है।

gulabkothari@epatrika.com

क्यूआर कोड को स्कैन कर आप आलेख सुन भी सकते हैं।

---

## काव्यांजलि...

### मैं सफर पर हूं

**नाजिमा**

मैं सफर पर हूं
एक औरत होने के
सफर पर हूं
बेटी, बीवी, मां के
सफर पर हूं।

एक ही कहानी के
अनेक किरदार
निभाने के सफर पर हूं।

दरमियां इनके
मैं खुद की तलाश के
मिलते बहानों के
सफर पर हूं।

मुझे नींद प्यारी मेरी,
रात भर जागती है
मेरे साथ–
मैं चलते-चलते मुकम्मल
होने के सफर पर हूं।

मुश्किलों से लड़ना
सीखते-सीखते,
अब मंजिलों को पाने के
इरादों के सफर पर हूं।

थोड़ा और चमकना,
थोड़ा और संवरना–
मैं अपने ही बनाए
नए रास्तों के सफर पर हूं।

थकान की धूल झाड़कर,
उम्मीद का झोला
लटकाकर
मैं हर नए मोड़ पर
एक नई वजह को पहचानने
सफर पर हूं।

उम्र, रिश्ते, जिम्मेदारियां–
सब साथ चल रहे हैं,
पर मैं उन सबके बीच
अपने हिस्से की रोशनी
ढूंढने के सफर पर हूं।

हां... मैं सफर पर हूं।
एक औरत होने के
सफर पर हूं।

---

## कहानी...

*सिक्का देना आसान है, समय देना कठिन। पर असली बदलाव वहीं से शुरू होता है। खिड़की के बाहर सूरज ढल रहा था। पटरियों की आवाज अब भी वही थी, पर रश्मि और प्रभात के भीतर कुछ बदल चुका था।*

# सिक्कों की खनक



**ज्योति कटेवा**
कथाकार
@patrika.com

रश्मि और प्रभात उस दिन लखनऊ से वाराणसी जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहे थे। दोपहर का समय था। डिब्बे में हल्की-हल्की उमस थी और पटरियों की लयबद्ध आवाज के बीच यात्री अपने-अपने में खोए थे। कोई मोबाइल पर फिल्म देख रहा था, कोई अखबार पढ़ रहा था, तो कोई खिड़की से बाहर भागते खेतों को निहार रहा था। अचानक डिब्बे के दरवाजे के पास से ढोलकी की थाप सुनाई दी- 'ठक-ठक, धिन-धिन।' सबकी नजरें उधर उठ गईं। एक लगभग तीस-बत्तीस साल की महिला फर्श पर बैठकर ढोलकी बजा रही थी। उसके साथ करीब आठ-दस साल की एक दुबली-पतली बच्ची थी, जिसकी आंखों में उम्र से पहले उतर आई गंभीरता साफ झलक रही थी। ढोलकी की थाप तेज हुई और बच्ची ने करतब दिखाने शुरू कर दिए। कभी वह एक हाथ पर शरीर को संतुलित करती, कभी घूमते हुए अपने पैरों को सिर के ऊपर ले जाती। चलती ट्रेन के डिब्बे में यह सब करना आसान नहीं था। यात्रियों के बैग, फैले पैर और लगातार हिलते लोहे फर्श के बीच वह मासूम अपने हुनर का प्रदर्शन कर रही थी।

रश्मि का दिल कसक उठा। 'इतनी छोटी है।' उसने धीमे से कहा। प्रभात चुपचाप देखता रहा। करतब खत्म होते ही बच्ची ने मुस्कुराने की कोशिश की, लेकिन वह मुस्कान बनावटी थी। उसने दोनों हाथ फैलाए और कोच में घूमने लगी-'माता जी, कुछ दे दीजिए..., भगवान भला करेगा।' कुछ यात्रियों ने दया से सिक्के थमा दिए, तो किसी ने दस का नोट। कुछ ने नजरें फेर लीं। बच्ची जब रश्मि और प्रभात के सामने आई तो रश्मि ने अपने पर्स से बीस रुपए निकालकर उसके हाथ पर रख दिए। बच्ची की आंखों में एक पल को चमक आई- 'धन्यवाद दीदी।' वह आगे बढ़ गई। ढोलकी फिर बजने लगी। अगले डिब्बे की ओर वे बढ़ गए। कुछ क्षणों तक दोनों खामोश रहे। फिर रश्मि बोली, 'हम हर जगह कहते हैं 'सबको शिक्षा', 'बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ' पर उस बच्ची तक क्या पहुंचा?' प्रभात ने गहरी सांस ली। 'मुद्दा सिर्फ गरीबी का नहीं है, व्यवस्था का भी है। अगर उसके माता-पिता के पास स्थायी रोजगार होता, अगर मोहल्ले में कोई उन्हें समझाने वाला होता, अगर स्कूल में प्रवेश और उपस्थिति की निगरानी सच में होती...तो शायद वह ट्रेन में करतब नहीं दिखा रही होती।' रश्मि ने खिड़की से बाहर देखते हुए कहा, 'लेकिन हमने जो बीस रुपए दिए, क्या वह गलत था?' प्रभात ने सिर हिलाया, 'गलत नहीं...पर अधूरा है। दया से दिया गया सिक्का उस दिन की भूख मिटा सकता है, पर भविष्य नहीं बदल सकता। कहीं न कहीं हम समस्या को ढक भी रहे होते हैं।' रश्मि को अपनी स्कूल की नौकरी याद आई। वह एक सरकारी विद्यालय में अध्यापिका थी। उसे याद आया कि कई बार बच्चे महीनों तक भी स्कूल नहीं आते। कारण पूछने पर पता चलता- 'मम्मी-पापा काम पर ले जाते हैं' या 'घर चलाने में हाथ बंटाना पड़ता है।' 'क्या हम सच में कोशिश करते हैं उन्हें वापस लाने की?' उसने खुद से पूछा। ट्रेन अगले स्टेशन पर रुकी। भीड़ उतरी-चढ़ी। वही बच्ची फिर उसी डिब्बे में आ गई। इस बार वह थकी हुई लग रही थी। ढोलकी की थाप भी धीमी थी। रश्मि अचानक उठी और उसके पास चली गई। 'तुम्हारा नाम क्या है?' उसने प्यार से पूछा। 'पायल,' बच्ची ने झिझकते हुए कहा। 'स्कूल जाती हो?' पायल ने सिर झुका लिया। 'पहले जाती थी..अब नहीं। मम्मी कहती हैं, पहले पेट भरना जरूरी है।' रश्मि के पास कोई जवाब नहीं था। उसने महिला से बात करने की कोशिश की। महिला ने थकी आवाज में कहा, 'मैडम, गांव में काम नहीं मिला। आदमी बीमार है। बच्ची साथ न आए तो मैं अकेले कितना कमा लूंगी?' प्रभात भी पास आ गया। उसने धीरे से कहा,'अगर हम आपको किसी संस्था से जोड़ दें, जहां बच्ची पढ़ सके और आपको कोई और काम मिल सके, तो?' महिला ने अविश्वास से उनकी ओर देखा। 'ऐसा होता है क्या साहब?' प्रभात ने मोबाइल निकाला। उसने शहर की एक बाल-सहायता संस्था का नंबर खोजा, जिसे वह पहले किसी सामाजिक कार्यक्रम में सुन चुका था। उसने संस्था से बात की, स्थिति समझाई और अगले स्टेशन पर मिलने का अनुरोध किया। ट्रेन जब बड़े जंक्शन पर पहुंची तो संस्था के दो कार्यकर्ता वहां मौजूद थे। उन्होंने महिला से बातचीत की, आवश्यक कागजी प्रक्रिया समझाई और भरोसा दिलाया कि पायल को पास के आवासीय विद्यालय में दाखिला दिलाने की कोशिश की जाएगी। पायल की आंखों में इस बार अलग-सी चमक थी- जैसे सिक्कों की नहीं, किसी संभावना की। ट्रेन फिर चल पड़ी। रश्मि और प्रभात अपनी सीट पर लौट आए। इस बार खामोशी बोझिल नहीं थी, बल्कि संतोष से भरी थी। रश्मि ने कहा, 'शायद हर बार हम पूरी दुनिया नहीं बदल सकते... लेकिन अगर एक पायल भी स्कूल पहुंच जाए, तो शुरुआत तो है।' प्रभात मुस्कुराया, 'सिक्का देना आसान है, समय देना कठिन। पर असली बदलाव वहीं से शुरू होता है।' खिड़की के बाहर सूरज ढल रहा था। पटरियों की आवाज अब भी वही थी, पर रश्मि और प्रभात के भीतर कुछ बदल चुका था। सवाल अब भी समाज के सामने था, पर कम से कम उन्होंने उस दिन उसे अनदेखा नहीं किया था।



*मुद्दा सिर्फ गरीबी का नहीं है, व्यवस्था का भी है। अगर उसके माता-पिता के पास स्थायी रोजगार होता, मोहल्ले में कोई उन्हें समझाने वाला होता, स्कूल में प्रवेश और उपस्थिति की निगरानी सच में होती... तो शायद वह ट्रेन में करतब नहीं दिखा रही होती।*

---

## क्लासिक पुस्तक...

# लेनिन ने कहा- लिखो




क्रांतिकारी उपन्यास 'मां' से विश्व साहित्य में नाम कमाने वाले रूसी साहित्यकार मेक्सिम गोर्की को बचपन और युवावस्था में जीवन के बहुत ही कटु और तिक्त अनुभव हुए थे।

लेनिन ने 1910 में काप्री में मैक्सिम गोर्की के जीवन के संस्मरण सुनकर कहा- 'बंधु तुम्हें यह सब लिखना चाहिए। यह सब तो अद्भुत रूप से शिक्षाप्रद है।' तब गोर्की ने अपने जीवन की कड़वी सच्चाइयों का कलात्मक अंकन अपने तीन आत्मपरक उपन्यासों -मेरा बचपन, जीवन की राहों पर, मेरे विश्वविद्यालय- में किया । इन उपन्यासों में 19 वीं शताब्दी के अंतिम तीन दशकों के रूस की तत्कालीन सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, धार्मिक परिस्थितियों और परिवेश का जीवंत चित्रण मिलता है। इन उपन्यासों के नायक गोर्की स्वयं हैं। उपन्यास 'मेरे विश्वविद्यालय' में पढ़ने के लिए गोर्की रवाना होते हैं, कजान के लिए। वहां उन्हें रहने के लिए जो मकान मिला उस तहखाने में आवारा कुत्ते रहते थे। बाद में गोर्की बड़ी खस्ताहाल उस इमारत में रहने लगे, जिस पर भूखे छात्रों, वेश्याओं तथा अपनी जीवन लीला लगभग समाप्त कर चुके कुछ अजीब से लोगों ने जबरदस्ती कब्जा कर लिया था। यह भी एक विश्वविद्यालय था गोर्की था। गोर्की का यह उपन्यास समाजवादी यथार्थवाद की रूसी परंपरा को जीवन देता है। यह उपन्यास लेनिन को बेहद प्रिय था।

**- पद्मजा शर्मा**
साहित्यकार

## लघुकथा...

# संवेदनहीन घर



शहर के बीचों बीच खड़ा वह घर बाहर से बहुत सुंदर था। देखने वालों को लगता-यह एक आदर्श घर है। इस घर में सब अपने-अपने कमरों में, अपनी-अपनी स्क्रीन में कैद रहते। आमने-सामने बात करने की जरूरत किसी को नहीं लगती थी। एक दिन दादी सीढियों से फिसल पडीं। टीवी, लैपटॉप और हेडफोन के बीच वह आवाज दब गई। रात के खाने पर दादी ने कहा-'आज गिर गई थी।' बेटे ने बिना नजर उठाए जवाब दिया- 'अब तो ठीक हो न?' बहू ने कहा-'अगली बार संभलकर चलना।' बच्चों ने सुना ही नहीं। दादी को समझ आ गया था कि यहां रिश्ते रहते हैं, संवेदनाएं नहीं। कुछ दिनों बाद दादी गांव चली गईं। घर वैसा ही रहा।

**-डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल**

---

## बोधकथा...

# संतुलन



एक नगर में एक महात्मा जी के आने की खबर फैली तो नगरवासी अपनी-अपनी समस्या लेकर उनके पास पहुंचे। अपने व्यापार में आ रहे उतार-चढ़ाव से परेशान एक व्यापारी भी उनके पास पहुंचा और उन्हें अपनी परेशानी बताई। कुछ देर मौन रहने के पश्चात महात्मा जी ने उससे प्रश्न किया,'क्या तुमने बारहों मास वर्षा होते देखा है?' व्यापारी ने उत्तर दिया,' नहीं तो....।' महात्मा जी ने फिर से प्रश्न किया,'क्या तुमने बारहमासी गर्मी देखी है?' व्यापारी ने सख्ती-से उत्तर दिया, 'नहीं तो...बारह मास वर्षा होने से तो धरती जलमय हो जाएगी, चारों ओर त्राहि-त्राहि मच जाएगी और गर्मी की अधिकता से सब कुछ जल जाएगा... तबाह हो जाएगा। इसलिए कुछ महीने ही बरसात का मौसम रहता है। उसके बाद तो अच्छी धूप निकलती है, फिर सर्दी का मौसम आता है। ऐसे ही चक्र चलता रहता है ताकि प्रकृति का संतुलन बना रहे।'

तब महात्मा जी बोले, 'तुम्हारे व्यापार में भी उतार-चढ़ाव होने का कारण तुम्हारे जीवन के संतुलन को बनाए रखना है। यदि तुम सिर्फ सुख ही सुख भोगोगे तो तुम्हारे भीतर अहंकार आ जाएगा और तुम इंसानियत की राह से भटक जाओगे, इसीलिए,....।'

व्यापारी को बात समझ में आ गई। महात्मा जी को प्रणाम करके वो घर चला गया। फिर कभी भी उसने अपने जीवन में आई विपदा का संताप नहीं किया।

**- विभा गुप्ता**

## माइंड गेम...

# हिंदी में उर्दू



*नीचे दिए हिंदी शब्दों के उर्दू शब्द तलाशिए, जो हिंदी में चलन में हैं।*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1.विफल | 5.स्थान | 9.दुर्भाग्य | 13.आकार | 17.पछतावा |
| 2.प्रवेश | 6.एक अंश | 10.विनय | 14.स्त्री | 18.उपकार |
| 3.अनुभव | 7.संसार | 11.अंत | 15.सुख | 19.निर्जन |
| 4.रास्ता | 8.हृदय | 12.दोष | 16.सूर्य | 20.आपत्ति |

1.नाकाम 2.दाखिल 3.तजुर्बा 4.डगर 5.ठिकाना 6.टुकड़ा 7.जहान 8.जिगर 9 गर्दिश 10.गुजारिश 11.खत्म 12.नुक्स 13.कद 14.औरत 15.ऐश 16.आफताब 17.अफसोस 18.एहसान 19.उजाड़ 21.इतराज

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी


आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# खाड़ी युद्ध व घरेलू राजनीति

**पश्चिम** एशिया में ईरान-इजराइल व अमेरिका युद्ध के चलते पूरी दुनिया में ऊर्जा सुरक्षा को लेकर जो संकट गहराता जा रहा है उससे अब भारत भी अछूता नहीं रहा है और देश ने ईंधन गैस के मोर्चे पर सतर्कता दिखानी शुरू कर दी है। इस सन्दर्भ में केन्द्र की मोदी सरकार ने आवश्यक उपभोक्ता सामग्री अधिनियम लागू कर दिया है जिसके चलते किसी भी जरूरी सामान की जमाखोरी या जखीरेबाजी नहीं की जा सकती। ऐसा करना इस कानून के तहत दंडनीय अपराध होता है। सरकार ने दो दिन पहले ही गैस ईंधन की किल्लत को देखते हुए इसकी कीमत में थोड़ा इजाफा भी किया था। इससे समझा जा सकता है कि दुनिया के किसी भी कोने में छिड़े युद्ध के क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसकी मूल वजह यह है कि विश्व के तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक- दूसरे से जुड़ने के बाद परस्पर निर्भरता के दौर में पहुंच चुकी हैं। यह परिवर्तन 1990 में विश्व व्यापार संगठन के मूर्त रूप में होने के बाद आया है। दुनिया के अधिसंख्य देश इस संगठन के सदस्य बन चुके हैं परन्तु अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के पुन: राष्ट्रपति चुने जाने के बाद उनकी नीतियों से यह संगठन लगातार अप्रासंगिक होता नजर आ रहा है क्योंकि ट्रम्प ने द्विपक्षीय आधार पर विभिन्न देशों के साथ आपसी कारोबारी समझौते की झड़ी लगा रखी है जिसकी वजह से हर देश को अपने कारोबारी राष्ट्रीय हितों को साधने की फिक्र हो गई है। मगर ट्रम्प ने अमेरिका को पुन: महान बनाने का जो राजनीतिक नारा दे रखा है उसकी वजह से पूरी दुनिया में स्थापित वह व्यवस्था लड़खड़ा रही है जिसका गठन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद 1945 में संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना के साथ हुआ था। इसके अनुसार दुनिया का हर छोटा- बड़ा देश एक-दूसरे की भौगोलिक संप्रभुता का सम्मान करेगा और अपनी ताकत के बूते पर किसी भी कमजोर देश की राष्ट्रीय अखंडता का उल्लंघन नहीं करेगा लेकिन हमने देखा है कि 1945 के बाद से भी दुनिया के विभिन्न देशों में युद्ध हुए हैं और संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा निर्धारित मानकों का हनन हुआ है।

हैरत करने वाली बात यह है कि कमोबेश रूप से इन सभी युद्धों में अमेरिका की महत्वपूर्ण भूमिका रही है परन्तु 1990 से पहले सोवियत संघ के विघटन से पूर्व विश्व में दो महाशक्तियों सोवियत संघ व अमेरिका के बीच शक्ति सन्तुलन इस प्रकार रहता था कि दोनों ही दुनिया में अपनी-अपनी विचारधारा के अनुसार विश्व के विभिन्न देशों को अपने खेमों में लाने के प्रयास करते रहते थे। 1990 के बाद पूरा विश्व एक पक्षीय या एकल ध्रुवीय होता चला गया। अत: आज पूरे विश्व में जो शक्ति सन्तुलन है वह स्वाभाविक रूप से अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ नजर आता है। ऐसे माहौल में ईरान के साथ पश्चिम एशिया में जो इजराइल व अमेरिका मिलकर युद्ध लड़ रहे हैं उससे पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता संकट में पड़ती नजर आ रही है जिसकी चपेट में अधिसंख्य खाड़ी व अरब देश आ चुके हैं क्योंकि लगभग इन सभी देशों में अमेरिका की सैन्य उपस्थिति बहुत प्रभावी मानी जाती है। इसका कारण इन देशों की अपनी घरेलू राजनीतिक व शासकीय मजबूरियां मानी जाती हैं। इन सभी देशों की अर्थव्यवस्था पैट्रोलियम तेल के उत्पादन पर टिकी हुई है अत: ईरान-इजराइल युद्ध की चपेट में इन देशों के आ जाने के बाद सबसे बुरा असर पैट्रोलियम तेल की सप्लाई पर ही होना था। भारत चुंकि अपनी तेल व गैस ऊर्जा की आवश्यकताओं की खपत 85 प्रतिशत आयात से ही करता है अत: इस मोर्चे पर इसे सतर्कता बरतनी ही थी। इस वातावरण में हमें देश की राजनीति की परख करनी होगी समझना होगा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतन्त्र भारत को संसद से लेकर सड़क तक किस प्रकार के विमर्श के भीतर अपने राष्ट्रीय हितों को साधना चाहिए।

**विगत दिन ही कच्चे तेल के भाव 116 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के बाद आज 88 डॉलर प्रति बैरल पर टिके परन्तु इसके बावजूद यह नहीं कहा जा सकता कि भाव इसी स्तर पर स्थिर हो जायेंगे। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि ईरान-इजराइल युद्ध बहुत लम्बा न खिंचे और इसका अन्त जल्दी से जल्दी हो। इस सन्दर्भ में विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर का कल संसद में दिया गया यह बयान महत्वपूर्ण है कि भारत हर मसले का हल शान्तिपूर्ण ढंग से वार्ता के माध्यम से चाहता है। यह स्वतन्त्रता के बाद से भारत की घोषित नीति है और वह मानता है कि किसी भी देश में किस प्रकार की सरकार हो इसका अधिकार केवल उस देश के लोगों का ही होता है।**

फिलहाल संसद का सत्र चल रहा है और देश की विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशियाई युद्ध को लेकर व्यापक बहस व चर्चा कराई जाये। लोकतन्त्र में ऐसी मांग को खारिज भी नहीं किया जा सकता है परन्तु असली सवाल यह है कि ऐसे माहौल में देश के सभी राजनीतिक दलों का कर्त्तव्य क्या बनता है। यह कर्त्तव्य सर्वप्रथम राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखने का होता है। हम मानते हैं कि भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं वे सभी राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित हैं, बेशक इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उनके रास्ते अलग-अलग हो सकते हैं परन्तु सभी भारतीय संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठावान रहते हुए सामाजिक व राष्ट्रीय उत्थान के पक्षधर होते हैं। अत: संसद के भीतर इन सभी दलों में इस बात पर मतैक्य कायम क्यों नहीं हो सकता कि ईरान-इजराइल युद्ध के परिप्रेक्ष्य में भारत का एकाग्र नजरिया क्या हो जिससे भारतीय हित पूरी तरह संरक्षित रह सकें। हम देख रहे हैं कि इस युद्ध के चलते अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भावों में किस तरह का भूचाल आया हुआ है।

विगत दिन ही कच्चे तेल के भाव 116 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के बाद आज 88 डॉलर प्रति बैरल पर टिके परन्तु इसके बावजूद यह नहीं कहा जा सकता कि भाव इसी स्तर पर स्थिर हो जायेंगे। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि ईरान-इजराइल युद्ध बहुत लम्बा न खिंचे और इसका अन्त जल्दी से जल्दी हो। इस सन्दर्भ में विदेश मन्त्री श्री एस. जयशंकर का कल संसद में दिया गया यह बयान महत्वपूर्ण है कि भारत हर मसले का हल शान्तिपूर्ण ढंग से वार्ता के माध्यम से चाहता है। यह स्वतन्त्रता के बाद से भारत की घोषित नीति है और वह मानता है कि किसी भी देश में किस प्रकार की सरकार हो इसका अधिकार केवल उस देश के लोगों का ही होता है। अत: पश्चिम एशिया के युद्ध में किसी एक पक्ष के खेमे में भारत के खड़े होने का सवाल ही पैदा नहीं होता लेकिन हालात के व्यावहारिक पक्ष का भी भारत को ख्याल रखना होगा और इस प्रकार अपनी रणनीति तय करनी होगी जिससे उसके राष्ट्रीय हितों पर किसी भी प्रकार से चोट न आये। इस मामले में सत्ता व विपक्ष को मिलकर ही काम करना होगा और अपने-अपने फौरी राजनीतिक हितों को ताक पर रखना होगा।

## वह दर्द भरी सिसकियां...


गीता पाढा

"वह दर्द भरी सिसकियां मुझे रात भर जगा रही हैं,
युद्धों में झुलस गई है जो जिदंगियां
वह असंख्य सवालों की झड़ी लगा रही हैं,,
किसका दोष था, किसकी जीत हुई,
यह पहेली मन को सता रही हैं,
पड़ोसी के घर की आग की लपटें,
अब मेरे घर तक आ रही हैं...।।"

# ममता बनर्जी ने तो राष्ट्रपति मुर्मू तक को नहीं बख्शा !


फिरोज बख्त अहमद

**यह** बात जगजाहिर है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता दीदी अपने ज़िद्दीपन और अक्खड़पने के लिए मशहूर हैं। इससे पूर्व भी एक बार जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का एक कार्यक्रम आयोजित किया था तो वे उनके बुलाने के बावजूद नहीं पधारीं। वह किसी को भी कुछ भी बोल देती हैं। इसी प्रकार से उन्होंने जेपी नड्डा पर फब्तियां कसी थीं।

वह किसी को भी कुछ भी ऊल-जलूल बोल देती हैं और फिर उन अपशब्दों को वापिस भी नहीं लेतीं। वह समझती हैं कि उन पर सात ख़ून माफ़ हैं!भाजपा का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कई बार उनके कार्यकर्ताओं पर हमले हुए, खासकर चुनावों के समय। भाजपा ने आरोप लगाया कि कई कार्यकर्ताओं की हत्या और मारपीट की घटनाएं हुईं। असेंबली और लोकसभा इलेक्शन के दौरान और उसके बाद भाजपा ने दावा किया कि उनके समर्थकों को निशाना बनाया गया और कई लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पड़ा। भाजपा नेताओं का आरोप रहा कि राज्य की पुलिस और प्रशासन का उपयोग विपक्षी दलों पर दबाव बनाने के लिए किया गया। हुआ यह कि महामहिम द्रौपदी मुर्मू अंतर्राष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने पश्चिम-बंगाल के दार्जिलिंग पहुंचीं। इसके बाद द्रौपदी मुर्मू सिलीगुड़ी उपमंडल के बिधाननगर पहुंचीं, जहां उन्होंने पश्चिम-बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति अपनी नाराजगी जताई। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें मेरे कार्यक्रम में साथ होना चाहिए था। राष्ट्रपति ने कहा, "मैं बंगाल की बेटी हूं, फिर भी मुझे यहां आने की अनुमति नहीं है। ममता मेरी छोटी बहन जैसी हैं, पता नहीं, शायद वह मुझसे नाराज हैं, इसीलिए मुझे कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वहां (गोशाईपुर) जाना पड़ा। कोई बात नहीं, मुझे इस बात का कोई गुस्सा या नाराजगी नहीं है।" राष्ट्रपति को मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर उपमंडल में कार्यक्रम को संबोधित करना था लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं दी।

इसलिए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा के गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। अपना कार्यक्रम पूरा करने के बाद वह मूल स्थल पर गईं और वहां अपनी बात रखी। दरअसल राष्ट्रपति को मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर उपमंडल में कार्यक्रम को संबोधित करना था लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं दी। इसलिए कार्यक्रम





स्थल को बागडोगरा के गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। अपना कार्यक्रम पूरा करने के बाद वह मूल स्थल पर गईं और वहां अपनी बात रखी। राष्ट्रपति मुर्मू की नाराजगी के बाद बीजेपी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा। पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर राज्य सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा, "आज पश्चिम-बंगाल में घटी घटनाओं से ममता बनर्जी सरकार के नेतृत्व में संवैधानिक ढांचे के पूर्ण पतन का संकेत मिलता है। एक दुर्लभ और अभूतपूर्व घटनाक्रम में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने सिलीगुड़ी यात्रा के दौरान तैयारियों और प्रोटोकॉल के अभाव पर खुले तौर पर नाराजगी व्यक्त की।

इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय संथाली सम्मेलन के लिए अनुमति देने से इन्कार कर दिया, जहां स्वयं राष्ट्रपति मुख्य अतिथि थीं।" जब कोई राज्य सरकार भारत के राष्ट्रपति के पद की गरिमा का अनादर करने लगती है तो यह न केवल प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है, बल्कि संवैधानिक मर्यादा और शासन व्यवस्था के पतन को भी दर्शाता है। यह केवल अभद्रता नहीं है। यह संस्थागत अनादर है और एक बार फिर इस बात का प्रमाण है कि बंगाल में शासन व्यवस्था किस प्रकार अराजकता में डूब गई है। उन्होंने कहा कि साल 2003 को संथाल समुदाय के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। उस साल, संथाल भाषा को भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।

पिछले साल पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर संथाल भाषा में ओल चिकी स्क्रिप्ट में लिखा गया भारत का संविधान जारी किया गया था। राष्ट्रपति ने कहा कि 1925 में पंडित रघुनाथ मुर्मू ने ओल चिकी स्क्रिप्ट बनाई थी। हाल ही में हमने इस इन्वेंशन की 100वीं सालगिरह मनाई है। उनके योगदान ने संथाल भाषा बोलने वालों को अपनी बात कहने का एक नया मौका दिया। उन्होंने "बिदु चंदन," "खेरवाल वीर," "दलेगे धन," और "सिदो कान्हू - संताल हुल" जैसे नाटक भी लिखे। इस तरह उन्होंने संथाल समुदाय में साहित्य और सामाजिक चेतना की रोशनी फैलाई। संथाल समुदाय के लोगों को दूसरी भाषाएं और स्क्रिप्ट पढ़नी चाहिए लेकिन अपनी भाषा से जुड़े रहना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा, "आज के समय में शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तीकरण पर ध्यान देना ज़रूरी है। आदिवासी युवाओं को शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट के जरिए आगे बढ़ना चाहिए लेकिन इन सभी कोशिशों में उन्हें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा और संस्कृति को बचाने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। इससे हमें एक सशक्त समाज और एक मजबूत भारत बनाने में मदद मिलेगी। यह देश कानून से चलता है न कि हठधर्मिता से। अत: ममता दीदी को सभी का मान-सम्मान करना चाहिए।

# खिलाफत से खामेनेई तक: भारत में मुस्लिम लामबंदी की राजनीति


राजीव तुली

**ईरान** के एक प्रमुख मजहबी नेता की हत्या, जिसे आम तौर पर लोगों की स्मृति में रुहोल्लाह खोमैनी जैसे व्यक्तित्वों से जोड़कर देखा जाता है, कई बार ईरान की सीमाओं से बाहर भी विरोध-प्रदर्शनों की वजह बनती रही है। भारत के कुछ हिस्सों में भी ऐसी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलती रही हैं। हाल में अमेरिका-इजराइल की संयुक्त कार्रवाई में खामेनेई की हत्या के बाद भारत के कई हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन हुए। ये घटनाएं केवल विदेश नीति या अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का सवाल नहीं हैं। वे भारतीय मुसलमानों की राजनीतिक सोच, पहचान, मजहबी भावनाओं और भारत की धर्मनिरपेक्ष व्यवस्था के बीच मौजूद जटिल रिश्तों को भी सामने लाती हैं। वैश्विक इस्लामी व्यक्तित्वों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव अक्सर राष्ट्रीय सीमाओं से परे चला जाता है। लेकिन इस प्रवृत्ति को भारत के संवैधानिक ढांचे, ऐतिहासिक अनुभवों और पश्चिम एशिया की बदलती भू-राजनीति के संदर्भ में समझना जरूरी है।

**इतिहास की परछाइयां:** भारतीय मुसलमानों में मजहबी प्रेरणा से होने वाली राजनीतिक लामबंदी की जड़ें खिलाफत आंदोलन (1919–1924) तक जाती हैं। यह आंदोलन भारतीय राजनीति में पैन-इस्लामिक भावनाओं के प्रभाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण था। अली बंधुओं जैसे नेताओं ने बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शनों का नेतृत्व किया और उस दौर में हिंदू-मुस्लिम एकता की भावना को मजबूत करने के लिए महात्मा गांधी भी कुछ समय तक इस आंदोलन के साथ खड़े रहे। हालांकि आलोचकों का मानना है कि खिलाफत आंदोलन ने मजहबी निष्ठा और राष्ट्रीय हित के बीच की रेखा को धुंधला कर दिया। उनके अनुसार इस आंदोलन ने भारतीय राजनीति में आस्था-आधारित लामबंदी की एक ऐसी मिसाल स्थापित की, जिसका असर आगे चलकर भी दिखाई दिया। इसी दृष्टिकोण से आज ईरान या पश्चिम एशिया की घटनाओं पर होने वाले विरोध-प्रदर्शनों को कभी-कभी पैन-इस्लामिक एकजुटता के विस्तार के रूप में देखा जाता है, जहां मजहबी जुड़ाव क्षेत्रीय राष्ट्रवाद से ऊपर दिखाई देता है लेकिन ऐतिहासिक तुलना करते समय यह भी ध्यान रखना जरूरी है कि खिलाफत आंदोलन औपनिवेशिक शासन के दौर में हुआ था, जबकि आज का भारत एक स्वतंत्र, संप्रभु और धर्मनिरपेक्ष गणराज्य है। फिर भी कुछ विश्लेषकों का मानना है कि मजहबी पहचान



को राष्ट्रवाद से ऊपर रखने की प्रवृत्ति और राजनीतिक तुष्टिकरण की राजनीति के बीज उसी दौर में पड़े, जिनका इस्तेमाल बाद के समय में मुस्लिम समाज को संगठित करने के लिए किया गया।

भारत का संविधान एक ऐसे धर्मनिरपेक्ष राज्य की कल्पना करता है जो किसी मजहब को विशेष महत्व नहीं देता और न ही किसी मजहब के प्रति भेदभाव करता है। जब मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्ग विदेश में किसी शिया मजहबी नेता की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते हैं तो आलोचक इसे "राष्ट्र से ऊपर मजहब" की प्रवृत्ति के रूप में देखते हैं। उनके अनुसार यह सवाल उठता है कि किसी विदेशी मजहबी नेता के लिए भारत में इतने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन क्यों होते हैं लेकिन दूसरी ओर यह भी तर्क दिया जाता है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहचान की अभिव्यक्ति स्वाभाविक है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार भारतीय संविधान द्वारा नागरिकों को दिया गया है। विवाद तब और तीखा हो जाता है जब विरोध प्रदर्शनों को चयनात्मक माना जाता है। कुछ आलोचक पूछते हैं कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार या कश्मीरी हिंदुओं के खिलाफ हिंसा जैसे मुद्दों पर इसी तरह की व्यापक लामबंदी क्यों नहीं दिखाई देती। ऐसी तुलना इस तर्क को मजबूत करती है कि कुछ विरोध-प्रदर्शनों के पीछे सार्वभौमिक मानवीय चिंता के बजाय मजहबी प्रतीकवाद अधिक प्रभावी होता है। हालांकि सामाजिक आंदोलनों का चरित्र हमेशा एक जैसा नहीं होता। सामूहिक लामबंदी नेतृत्व, स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों, मजहबी संबद्धताओं और मीडिया की भूमिका जैसे कई कारकों से प्रभावित होती है। इसलिए इसे केवल "राष्ट्र बनाम मजहब" के सरल द्वंद्व में बांध देना भी बौद्धिक रूप से अधूरा होगा।

पैन-इस्लामवाद एक राजनीतिक और मजहबी विचारधारा है जिसका उद्देश्य 19वीं सदी के अंत में पश्चिमी औपनिवेशिक शक्तियों (ब्रिटेन, फ्रांस और रूस)के खिलाफ वैश्विक मुस्लिम समुदाय को एक मंच पर लाना था। जमाल अल-दीन अल-अफगानी जैसे विचारकों ने इस विचारधारा को बढ़ावा दिया। उनके अनुसार इस्लाम केवल एक मजहब नहीं बल्कि एक व्यापक सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था है जो जातीय और राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर मुसलमानों की एकता पर जोर देती है। रुहोल्लाह खोमैनी जैसे नेताओं ने भी इसी तरह का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया, जिसमें ईरानी क्रांति को दुनिया भर के मुसलमानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया गया। विशेष रूप से शिया समुदायों के लिए खोमैनी मजहबी नेतृत्व और पश्चिमी प्रभाव(खासकर अमेरिका)के खिलाफ प्रतिरोध के प्रतीक बन गए लेकिन इस्लामी दुनिया खुद ही गहरे सांप्रदायिक और भू-राजनीतिक विभाजनों से घिरी हुई है। शिया-सुन्नी मतभेद, क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धाएं और अलग-अलग देशों के राष्ट्रीय हित किसी भी एकीकृत मुस्लिम एकता की अवधारणा को जटिल बना देते हैं। ईरान और पाकिस्तान के बीच तनाव, कई सुन्नी बहुल देशों के साथ ईरान के विवाद और ईरान-इराक युद्ध जैसे उदाहरण दिखाते हैं कि मुस्लिम बहुल देश भी एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी हो सकते हैं। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि कई मौकों पर ईरान ऐसे मुस्लिम देशों के खिलाफ संघर्ष की स्थिति में रहा है जो पश्चिमी देशों, विशेष रूप से अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी रखते हैं।

कुछ विश्लेषक ऐसे प्रदर्शनों को "सभ्यताओं के टकराव" की अवधारणा के संदर्भ में भी देखते हैं।

एक ओर भारत अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी विकसित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ भी उसके ऐतिहासिक और ऊर्जा-आधारित संबंध रहे हैं। इसलिए नागरिक समाज के विरोध-प्रदर्शन को सीधे-सीधे भारत की आधिकारिक विदेश नीति से जोड़कर देखना उचित नहीं होगा। लोकतंत्र में विरोध और असहमति भी राजनीतिक अभिव्यक्ति का एक हिस्सा होते हैं। यह आलोचना कि कुछ बुद्धिजीवी मजहबी आधार पर होने वाले प्रदर्शनों पर चुप रहते हैं, भारत में धर्मनिरपेक्षता को लेकर चल रही व्यापक बहस का हिस्सा है।

ईरान के एक मजहबी नेता की हत्या के विरोध में भारत में हुए प्रदर्शन अंतर्राष्ट्रीय मजहबी पहचान और संवैधानिक राष्ट्रवाद के बीच मौजूद तनाव को उजागर करते हैं। खिलाफत आंदोलन जैसे ऐतिहासिक उदाहरण हमें संदर्भ जरूर देते हैं लेकिन वे वर्तमान परिस्थितियों को पूरी तरह निर्धारित नहीं करते। जहां आलोचक इन प्रदर्शनों को राष्ट्र से ऊपर मजहब रखने की प्रवृत्ति के रूप में देखते हैं, वहीं समर्थकों का तर्क है कि लोकतंत्र में सीमाओं के पार भावनात्मक एकजुटता व्यक्त करना भी नागरिक स्वतंत्रता का हिस्सा है। वास्तविकता इससे कहीं अधिक जटिल है। पैन-इस्लामिक भावनाएं, सांप्रदायिक विभाजन, भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धाएं और भारतीय मुसलमानों की बहुस्तरीय पहचान, ये सभी एक साथ मौजूद हैं। इसलिए पूरे घटनाक्रम को केवल तुष्टिकरण या सभ्यताओं के संघर्ष के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। एक गंभीर और संतुलित विश्लेषण को भारत के धर्मनिरपेक्ष ढांचे के भीतर मजहब, राजनीति और लोकतांत्रिक स्वतंत्रताओं के बीच मौजूद संबंधों को समझना होगा। यथार्थवादी दृष्टिकोण से यह भी ध्यान रखना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भावनाओं के साथ-साथ राष्ट्रीय हित भी महत्वपूर्ण होते हैं। भारत-ईरान संबंधों के संदर्भ में यह तथ्य उल्लेखनीय है कि कश्मीर के मुद्दे पर ईरान ने कई मौकों पर भारत के रुख से असहमति जताई है। इसलिए विदेश नीति के स्तर पर भारत को अपने रणनीतिक हितों को ध्यान में रखकर ही संतुलित रुख अपनाना होगा।

# ईरान युद्ध की लागत दो दिनों में 5.6 अरब डॉलर

**वॉशिंगटन,** (आईएएनएस): द वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान पर अमेरिकी सैन्य हमलों के पहले दो दिनों में केवल हथियारों (म्यूनिशन) पर ही लगभग 5.6 अरब डॉलर खर्च हो गए। यह आंकड़ा इस संघर्ष की भारी आर्थिक लागत को दर्शाता है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप संकेत दे रहे हैं कि युद्ध जल्द समाप्त हो सकता है। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुमान कांग्रेस के साथ साझा की गई जानकारी पर आधारित है और इसमें अभियान के शुरुआती चरण में इस्तेमाल किए गए उन्नत हथियारों की कीमत शामिल है। इससे वॉशिंगटन में इस बात पर बहस तेज हो गई है कि अमेरिका इतनी उच्च तीव्रता वाले सैन्य अभियान को कितने समय तक जारी रख सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि शुरुआती हमले के दौरान पेंटागन ने लगभग 5.6 अरब डॉलर केवल हथियारों पर खर्च कर दिए। इससे कई सांसदों में चिंता बढ़ गई है कि अमेरिकी सेना तेजी से अपने उन्नत हथियारों के सीमित भंडार को खत्म कर रही है। यह आंकड़ा केवल युद्ध के पहले दो दिनों का है। इसमें सैनिकों की तैनाती, विमान और नौसैनिक

- **पेंटागन ने ईरानी ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से बचाव मजबूत करने के लिए उन्नत पैट्रियाट इंटरसेप्टर मिसाइलों के भंडार का भी इस्तेमाल किया है।**

संसाधनों के रखरखाव या क्षेत्र में सैनिकों को बनाए रखने जैसे व्यापक संचालन खर्च शामिल नहीं हैं। यह अनुमान कांग्रेस के साथ ऐसे समय साझा किया गया है जब प्रशासन सैन्य अभियान जारी रखने के लिए अतिरिक्त फंडिंग मांगने की तैयारी कर रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, अभियान शुरू होने के बाद से अमेरिकी सेना ने ईरान में हजारों हमले किए हैं। हमलों की तेज रफ्तार को लेकर कैपिटल हिल में पहले ही चिंता जताई जा रही है कि अमेरिकी सेना अपने उच्च-स्तरीय हथियारों के भंडार को तेजी से खत्म कर सकती है। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि अगर संघर्ष लंबा चलता है तो हथियारों का भंडार और दबाव में आ सकता है, क्योंकि अमेरिका पहले से ही यूक्रेन को हथियार देने और एशिया में सैन्य प्रतिबद्धताओं को बनाए रखने के कारण अपने संसाधनों का उपयोग कर रहा है। कुछ अमेरिकी रक्षा योजनाकारों ने मध्य-पूर्व अभियान को बनाए रखने के लिए अन्य क्षेत्रों से संसाधन स्थानांतरित करना शुरू कर दिया है। थाड मिसाइल रक्षा प्रणाली के कुछ हिस्सों को दक्षिण कोरिया से इस क्षेत्र में भेजा गया है। पेंटागन ने ईरानी ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइल हमलों से बचाव मजबूत करने के लिए उन्नत पैट्रियाट इंटरसेप्टर मिसाइलों के भंडार का भी इस्तेमाल किया है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे कदम रणनीतिक जोखिम पैदा कर सकते हैं। अमेरिकी हथियार भंडार पर नजर रखने वाले विशेषज्ञ मार्क कैनसियन ने चेतावनी दी कि वायु रक्षा प्रणालियों को दूसरी जगह भेजने से अन्य क्षेत्रों में अमेरिकी तैयारी कमजोर हो सकती है। उन्होंने कहा, "आप जितने ज्यादा थाड और पैट्रियाट दागते हैं, उतना ही इंडो-पैसिफिक और यूक्रेन में जोखिम बढ़ता है।" इस संघर्ष में हताहत भी हुए हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से सात अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है, जिनमें से छह कुवैत में ईरानी ड्रोन हमले में मारे गए।

# पोत परिवहन कंपनियां अनुचित मूल्य न वसूलें

**मुंबई/नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच पोत परिवहन कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को 'अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी' मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि पोत परिवहन कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा। यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं। डीजीएस के अनुसार, पोत परिवहन कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क 'अपारदर्शी और अवसरवादी' प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ रही है।

नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा, आयात-निर्यात की लॉजिस्टिक प्रणाली में पारदर्शिता, निष्पक्षता और पहले से अनुमान लगा पाने की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सभी पोत परिवहन कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अत्यधिक शुल्क लगाने जैसी अनुचित, अपारदर्शी और अवसरवादी मूल्य निर्धारण गतिविधियों से बचने की सलाह दी जाती है। नौवहन महानिदेशालय ने कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए।

## जानवरों की 'कस्टडी' संबंधी नियम की वैधता को लेकर नोटिस

**नई दिल्ली,** (भाषा): उच्चतम न्यायालय ने मुकदमा लंबित रहने के दौरान जानवरों की देखरेख का जिम्मा सौंपने (कस्टडी) संबंधी नियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार एवं अन्य से जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिका की सुनवाई करने पर सहमति जताई और इस पर केंद्र और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किये। पीठ ने इस याचिका को इसी तरह के मुद्दे से संबंधित एक लंबित याचिका के साथ नत्थी कर दिया। याचिका में 'पशु क्रूरता निवारण (मुकदमे से संबंधित जानवरों की देखभाल और रखरखाव) नियम, 2017' के नियम-तीन को 'पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960', विशेषकर धारा 29 के विरुद्ध और 'अधिकारातीत' घोषित करने की मांग की गई है और परिणामस्वरूप इसे असंवैधानिक घोषित करने का अनुरोध किया गया है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

# सोनम वांगचुक के भाषणों के वीडियो देखेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह जेल में बंद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के भाषणों के वीडियो इस सप्ताह देखेगा और उनकी पत्नी गीतांजलि जे एंग्मो द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 मार्च को अंतिम सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने कहा कि न्यायाधीश इस बृहस्पतिवार को वीडियो देखेंगे और उन्होंने रजिस्ट्रार से स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को कहा। न्यायमूर्ति कुमार ने कहा कि न्यायाधीश बृहस्पतिवार को वीडियो देखेंगे। पहले हम अलग-अलग वीडियो देखेंगे और फिर दोनों न्यायाधीश एक साथ वीडियो देखेंगे। केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता



● रासुका के तहत उनकी हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर 17 मार्च को अंतिम सुनवाई करेगा

अस्वस्थ हैं और उन्होंने मामले में सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया है। एंग्मो की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि मामले में बार-बार स्थगन से देश में 'गलत संदेश' जा रहा है। पीठ ने कहा कि वह मामले को अगले मंगलवार (17 मार्च) को अंतिम सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर रही है और यह स्पष्ट कर दिया कि उस दिन जो भी हो, अदालत अपना फैसला सुरक्षित रखेगी।

न्यायमूर्ति कुमार ने कहा, 'हम यह बिल्कुल स्पष्ट कर रहे हैं कि चाहे कुछ भी हो, हम अंतिम सुनवाई के बाद अगले मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रखेंगे। हम किसी भी नये बिंदु पर बहस की अनुमति नहीं देंगे और सॉलिसिटर जनरल, केवल सिब्बल द्वारा अपने जवाबी तर्क में उठाए गए नये बिंदुओं पर बहस कर सकते हैं।' इससे पहले मेहता ने पीठ द्वारा वांगचुक के भाषणों के अनुवाद को लेकर उठाए गए मुद्दे पर स्पष्टीकरण देने की कोशिश की थी। शीर्ष अदालत ने 26 फरवरी को एंग्मो की याचिका पर सुनवाई होली की छुट्टियों के बाद के लिए टाल दी थी। इससे पहले भी मामले को कई बार स्थगित किया गया था, क्योंकि विभिन्न पक्षों के वकील उपलब्ध नहीं थे।

# गुरुग्राम में बिल्डर साइट पर हादसा: छह लोगों पर मुकदमा



**गुरुग्राम,** कुमार प्रवीण, (पंजाब केसरी): साइबर सिटी से करीब 35 किलोमीटर दूर दिल्ली जयपुर हाइवे पर बिल्डर साइट हुए हादसे में सात मजदूरों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे हुआ। उस समय मजदूर साइट पर एसटीपी के लिए टैंक के निर्माण की औपचारिकता कर रहे थे। अचानक करीब 60 फुट ऊपर से मिट्टी का कटाव हुआ और मजदूरों पर कई मीट्रिक टन मिट्टी और मलबा आ गिरा। ठेकेदार ने हादसे को दबाने का प्रयास किया और अपने स्तर पर दबे मजदूरों की निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। करीब ढाई घंटे बाद पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, दमकल विभाग और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। जेसीबी और क्रेन जैसी भारी मशीनों की मदद से घंटों चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया और उन्हें भिवाड़ी के सरकारी और एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। डॉक्टरों ने सात श्रमिकों को मृत घोषित कर दिया।

श्रमिकों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। उनका आरोप है कि गहरी खुदाई के बावजूद मिट्टी को रोकने के लिए पर्याप्त 'रिटेनिंग वॉल' या सपोर्ट नहीं दिया गया था।

रात के अंधेरे में बिना पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा गियर के मजदूरों से काम लिया जा रहा था। प्रशासन ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

# निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजना लाने की संभावना तलाश रही है। गोयल ने कहा कि इस संबंध में निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम निर्यातकों की मदद के लिए बीमा समर्थन जैसी कुछ नई योजनाएं विकसित करने पर भी विचार कर रहे हैं... इस बारे में ईसीजीसी और अन्य विभागों से चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों के साथ लगातार संपर्क में है। गोयल ने कहा कि सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है जिनका माल भेजा जा चुका है लेकिन मौजूदा हालात के कारण उन्हें मुश्किलों का



● पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार कर रही है संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श

सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे हालात पर नजर रखे हुए है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच लगातार जारी हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। यह संकट भारतीय निर्यातकों के लिए इस लिहाज से अहम है कि भारत के लिए पश्चिम एशिया प्रमुख निर्यात बाजारों में से एक है। इससे पहले गोयल ने 'आहार खाद्य एवं आतिथ्य मेला' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत फिलहाल दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा अब तक किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) ने भारतीय उत्पादों के लिए निर्यात के बड़े अवसर खोले हैं। उन्होंने कहा कि हम अब कनाडा के साथ एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसके अलावा पश्चिम एशिया के छह देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के साथ भी चर्चा शुरू हुई है। यह सब कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बड़े अवसर प्रदान करता है। गोयल ने कहा कि कृषि और मत्स्य उत्पादों का निर्यात वर्तमान में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये के आसपास है।

# किसान निधि की 22वीं किस्त 13 को जारी करेंगे पीएम

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 मार्च को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत 22वीं किस्त का डिजिटल रूप से अंतरण करेंगे। इसके माध्यम से 9.32 करोड़ किसानों को लगभग 19,000 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। कृषि मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी। यह कार्यक्रम असम के गुवाहाटी में आयोजित किया जाएगा। फरवरी, 2019 में शुरू की गई इस योजना के तहत सरकार प्रत्येक पात्र किसान को तीन किस्तों में सालाना 6,000 रुपये प्रदान करती है। खरीफ फसलों की बुवाई के सत्र से ठीक पहले जारी होने वाली इस राशि से किसानों को बीज, उर्वरक और कीटनाशकों जैसे आवश्यक कृषि आदान जुटाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

# स्वर्णिम एवं विकसित बंगाल बनाने के लिए जनता तत्पर: नायब सिंह सैनी

**चण्डीगढ, (पंजाब केसरी):** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वर्णिम और विकसित बंगाल बनाने के लिए जनता परिवर्तन संकल्प को मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने पारदर्शी शासन, जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास आधारित राजनीति के महत्व पर बल दिया।

मुख्यमंत्री मंगलवार को बंगाल के 24 परगना के कुल्पी में परिवर्तन यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और विश्वास जताया कि देश में विकास और परिवर्तन की भावना लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की भूमि से बंगाल के लोगों के बीच आने का मौका मिला



है जिस भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल मछली पालक किसानों की धरा है। यहां के लोगों ने इतिहास व संस्कृति को बदलने का कार्य किया। बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भावना पूरे देश में फैली है। बंगाल की माटी के लोग हमारे लिए गर्व और गौरव हैं। इस धरा ने स्वामी विवेकानन्द, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, नेता जी सुभाष चन्द्र बोस, बंकिमचन्द्र चटर्जी जैसे महान सपूत दिए हैं। यहां के रणबांकूरों ने देश की आजादी की लड़ाई को नई दिशा देने का काम किया।

उन्होंने कहा कि बंगाल की भूमि ने वंदे मातरण का मंत्र देकर देश में राष्ट्रवाद की ज्योत जलाई जो आज भी जग रही है।

# अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कृषि के लिए घातक होगा: मान

**चंडीगढ़,** नईम खान(पंजाब केसरी) :पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका



व्यापार समझौता देश के कृषि क्षेत्र के लिए तीन विवादित कृषि कानूनों से भी अधिक खतरनाक साबित हो सकता है, जिनके कारण ऐतिहासिक किसान आंदोलन शुरू हुआ था। पंजाब विधानसभा में कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां द्वारा प्रस्तुत व्यापार समझौता विरोधी प्रस्ताव पर चर्चा का समापन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारी सब्सिडी वाले अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए भारत का बाज़ार खोलना पंजाब सहित पूरे देश के किसानों के लिए गंभीर चुनौती बन जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि यह समझौता लागू हुआ तो भारतीय किसानों को अमेरिकी उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए अत्यधिक संघर्ष करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समझौता भारत की कृषि संप्रभुता के लिए बड़ा खतरा है और इससे देश का कृषि क्षेत्र विदेशी शक्तियों के प्रभाव में आ सकता है। उन्होंने कहा कि इस समझौते के संभावित नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए पंजाब विधानसभा ने सर्वसम्मति से इसके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया है। सदन को संबोधित करते हुए भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह समझौता केंद्र सरकार द्वारा पहले लाए गए तीन कृषि कानूनों से भी अधिक खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि पहले ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारत में प्रवेश करके देश को आर्थिक रूप से लूटा था।

# भारत से सटे सीमावर्ती क्षेत्रों में राजमार्गों को मजबूत कर रहा चीन

**बीजिंग, (भाषा):** चीन ने इस वर्ष से शुरू होने वाली 15वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान अपनी दूरस्थ सीमाओं को मजबूत करने के लिए भारत से लगे संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों में अगले पांच वर्षों में अपने रणनीतिक परिवहन नेटवर्क को और मजबूत करने की योजना बनाई है। हांगकांग आधारित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' ने 15वीं पंचवर्षीय योजना की मसौदा रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि एक परियोजना में शिनजियांग, उइगुर स्वायत्त क्षेत्र में बीहड़ तियानशान पहाड़ों के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों को जोड़ने वाले 394 किलोमीटर लंबे राजमार्ग का निर्माण शामिल है।

इस योजना को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (चीन की संसद) की मंजूरी के लिए रखा गया है, जिसका सत्र वर्तमान में यहां जारी है।

यह मार्ग विवादित अक्साई चिन क्षेत्र से होकर गुजरने वाली एक रणनीतिक सड़क के समानांतर होगा, जिसका निर्माण 1962 के चीन-भारत सीमा युद्ध के बाद सैन्य आवागमन में सुधार के लिए किया गया था।

मध्य शिनजियांग में दुशांज़ी-कुका राजमार्ग का निर्माण सितंबर में शुरू हुआ और इसके 2032 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# छग विधानसभा में 'चूहों द्वारा धान खाए जाने' का मुद्दा गरमाया

**रायपुर,** आशीष शर्मा/पंजाब केसरी। छत्तीसगढ़ विधानसभा में धान खरीदी में कथित शॉर्टेज और लाखों क्विंटल धान चूहों द्वारा खाए जाने का मुद्दा मंगलवार को जोरदार तरीके से उठा। विपक्ष ने इस मामले को गंभीर बताते हुए स्थगन प्रस्ताव के माध्यम से सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराने की मांग की। विपक्षी सदस्यों ने सरकार पर आरोप लगाया कि धान खरीदी व्यवस्था में भारी गड़बड़ी हुई है और भ्रष्टाचार के कारण लाखों क्विंटल धान की अफरातफरी हुई है, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। विपक्ष के कई विधायकों ने अपने-अपने जिलों में धान की कमी का मुद्दा उठाते हुए सरकार को कटघरे





में खड़ा किया। हालांकि आसंदी ने विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव नामंजूर कर दिया। इससे नाराज कांग्रेस विधायक गर्भगृह में पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। सदन की कार्यवाही बाधित होने पर आसंदी ने कांग्रेस के विधायकों को निलंबित कर दिया। इसके बावजूद कुछ समय तक सदन में नारेबाजी जारी रही और बाद में विपक्ष के विधायक सदन से बाहर निकलकर भी विरोध जताते रहे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि सुशासन का दावा करने वाली सरकार के कार्यकाल में धान खरीदी में भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

उन्होंने कहा कि नीति में बदलाव के कारण धान खरीदी केंद्रों, राइस मिलों और अन्य व्यवस्थाओं पर असर पड़ा है।

# विपक्ष हाय-हाय कर रहा, दुनिया वाह-वाह कर रही

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में नारेबाजी कर रहे विपक्षी सांसदों पर 'तमाशा' करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 'विपक्ष यहां हाय-हाय कर रहा है, दुनिया सरकार की वाह-वाह कर रही है। लोकसभा में एक



प्रशन का जवाब देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने पश्चिम बंगाल सरकार निशाना साधते हुए कहा कि 'ये राज्य की जनता को केंद्र की योजनाओं से होने वाले लाभों से वंचित करने का पाप कर रहे हैं"। इस दौरान कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे और 'वोट चोरी बंद करो' जैसे नारे लगा रहे थे। चौहान ने कहा, 'विपक्ष जो तमाशा कर रहा है, उसे पूरा देश देख रहा है। जनता इसके लिए इन्हें माफ नहीं करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत चयनित 100 जिलों में से जो चार जिले छूट रहे हैं वह पश्चिम बंगाल के हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि वहां की सरकार ने इस योजना को लागू नहीं किया है जिससे राज्य के चार जिलों के किसानों को केंद्र द्वारा दिए जा रहे लाभों से वंचित किया जा रहा है।

# झारखंड में अब '14 साइनाइड बमों से धमाकों की धमकी

**रांची, (पंजाब केसरी):** झारखंड में अदालतों और सरकारी परिसरों को बम से उड़ाने की धमकियों ने पुलिस और प्रशासन की नींद उड़ा दी है। मंगलवार को रांची के सिविल कोर्ट को एक बार फिर ई-मेल के जरिए दहलाने की धमकी मिली है, जिसमें इस बार '14 साइनाइड बम' के इस्तेमाल का दावा किया गया है। धमकी भरे ई-मेल में न्याय व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब बेगुनाह को इंसाफ नहीं मिलता, तो कोर्ट होने का क्या मतलब है। इसकी जानकारी मिलते ही कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एहतियातन कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया और मुख्य प्रवेश द्वार को कुछ समय के लिए बंद कर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 11March 2026
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026





**मेष ARIES** (21 मार्च-20 अप्रैल) घर के छोटों को दी गई सलाह आपको अच्छा फील कराएगी। मिडवीक ब्रेक मूड फ्रेश करेगा। प्रॉपर्टी का काम ध्यान से पूरा होगा। फिटनेस पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी है। **लकी नंबर: 4, लकी कलर: स्काई ब्लू**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल-20 मई) डिसिप्लिन आपका दिन सेट रखेगा। स्मार्ट सेविंग्स से टेंशन कम रहेगी। वर्कप्लेस पर जिम्मेदारी लेने से इमेज मजबूत होगी। परिवार में आपका सपोर्ट सबको अच्छा लगेगा। **लकी नंबर: 22, लकी कलर: डार्क ग्रे**

**मिथुन GEMINI** (21 मई-21 जून) आज काम में थोड़ा फ्लेक्सिबल रहना जरूरी है। पेंडिंग पेमेंट पर नजर रखें। फॅमिली प्रॉब्लम समझदारी से कम होगी। छोटी ट्रिप आसानी से पूरी होगी। **लकी नंबर: 1, लकी कलर: लाइट रेड**

**कर्क CANCER** (22 जून-22 जुलाई) घर का माहौल आपको रिलैक्स रखेगा। फाइनेंस प्लानिंग में धैर्य रखें। ऑफिस की मेहनत धीरे-धीरे रिजल्ट देगी। परिवार के साथ बाहर जाना अच्छा लगेगा। **लकी नंबर: 17, लकी कलर: मैजेंटा**

**सिंह LEO** (23 जुलाई-23 अगस्त) स्टडीज में आपकी मेहनत नोटिस होगी। ऑफिस में कोऑर्डिनेशन जरूरी रहेगा। मॉनेटरी डिसिशन का फैसला सोचकर लें। फॅमिली टेंशन कम होगी। ट्रैवल में हल्की देरी हो सकती है। **लकी नंबर: 11, लकी कलर: पिंक**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त-23 सितंबर) स्मार्ट प्लानिंग आपको आगे बढ़ाएगी। उपलब्ध फंड्स कॉन्फिडेंस बढ़ाएंगे। कार्यक्षेत्र पर ग्रोथ पॉजिटिव रहेगी। घर पर केयर दिखाने से माहौल अच्छा रहेगा। ट्रैवल प्लान बदल सकता है। प्रॉपर्टी इन्वेस्टमेंट सही रहेगा। **लकी नंबर: 9, लकी कलर: क्रीम**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर-23 अक्टूबर) नई आइडिया से करियर प्लान आसानी से आगे बढ़ेंगे। अपनी सेविंग्स से सेफ फील होगा। दोस्तों संग आउटिंग मूड लाइट करेगी। शेयर प्रॉपर्टी में क्लियर बातचीत रखें। **लकी नंबर: 7, लकी कलर: ऑरेंज**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर) आज अंदर से स्ट्रॉन्ग रहना जरूरी है। बैकअप प्लान आर्थिक दबाव कम करेगा। प्रोफेशनल फ्रंट पर जल्दबाजी से बचें। परिवार की सलाह फायदेमंद साबित होगी। **लकी नंबर: 6, लकी कलर: मैरून**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर-21 दिसंबर) लक्ष्य पर फोकस आपको प्रोडक्टिव रखेगा। ऑनलाइन पेमेंट से लेनदेन आसान रहेगा। प्रोफेशनल सक्सेस से कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। परिवार का सपोर्ट मोटिवेशन देगा। **लकी नंबर: 8, लकी कलर: ब्राउन**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी) एक्स्ट्रा सब्सक्रिप्शन एक्सपेंसेस पर नजर रखना जरूरी है। काम में टेक्निकल चुनौतियाँ पेशेंस से हल होंगी। घर में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। ट्रैवल प्लान बदल सकता है। **लकी नंबर: 5, लकी कलर: ग्रीन**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी-19 फरवरी) डिजीटल पेमेंट्स का रिकॉर्ड रखना जरूरी रहेगा। घर में सही रूटीन अपनाएं। रिश्ते में थोड़ा स्पेस देना जरूरी है। वर्क प्रेशर मैनेज कर लेंगे। रूटीन में बदलाव से ट्रैवल टाइम बदल सकता है। **लकी नंबर: 2, लकी कलर: पीच**

**मीन PISCES** (20 फरवरी-20 मार्च) बैंक सेविंग्स से सेफ फील होगा। पॉजिटिव वर्कप्लेस कॉन्फिडेंस देगा। शांत जगह मन को रिलैक्स करेगी। प्रॉपर्टी फैसले दिल की सुनकर लें। हेल्थ फ्रंट पर सब अच्छा रहेगा। क्रिएटिव तरीके से पढ़ाई मजेदार होगी। **लकी नंबर: 7, लकी कलर: येलो**

# मदीना गांव में किसान की बेटी की शादी में पहुंचे राहुल गांधी

**सोनीपत,** जसवीर/योगेश(पंजाब केसरी): कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार सुबह सोनीपत के मदीना गांव में एक किसान की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचे। ये वही किसान संजय मलिक हैं, जिनके खेत में राहुल ने तीन साल पहले ट्रैक्टर चलाया था। साथ ही धान रोपाई की थी। सुबह करीब सवा 10 बजे जैसे ही राहुल गांव में अपनी कार से उतरे उनके हाथ से मोबाइल गिर गया। सिक्योरिटी टीम के साथ राहुल ने झुककर उसे उठाया। यहां, रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा समेत कई नेता और मेजबान घराती बुके लेकर स्वागत के लिए खड़े थे। राहुल का हरियाणवी पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। जब राहुल शादी वाले घर में जाने लगे तो दरवाजे पर खड़े युवकों ने जोर से कहा- राहुल भाई राम-राम। राहुल हाथ जोड़कर मुस्कराए और आगे बढ़ गए। राहुल करीब एक घंटे तक रुके। इस दौरान दूध के साथ चूरमा खाया। किसान की बेटी के हाथों मिस्सी रोटी भी खाई। महिलाओं के ब्याह के गीत सुने।



# आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी निर्णय पर विचार करेगी अदालत

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किये गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा।

शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से इनकार करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

मुंबई उच्च न्यायालय ने 26 सितंबर 2024 को सरकार के खिलाफ सोशल मीडिया पर फर्जी और भ्रामक सामग्री का पता लगाने और विनियमन के उद्देश्य से संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को औपचारिक रूप से रद्द कर दिया था।

## रोहिणी शाखा

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जन्मोत्सव की धूम



शाखा की शुरुआत गायत्री मंत्र, गणेश वन्दना से हुई। शाखाध्यक्ष एम.पी.गर्ग की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के साथ वरिष्ठ सदस्या उषा बंसल का 67 वां जन्मोत्सव सबने नाच-गाकर धूमधाम से मनाया। माता संस्कार निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। जहाँ महिला शक्ति का सम्मान होता है-वहाँ देवता रहते हैं-आचार्य दीन बंधु शास्त्री ने विचार रखे। वहीं 'मां' की महिमा पर मीरा मदन, शशि-उषा मेहता, संतोष पटियाल, विजय भटेजा, सरला गुप्ता सुरेन्द्र सिंघल, कलावती केसरी, क्षितिज मोहिनी, अंजना सैनी ने सुन्दर प्रस्तुतियां दी। अनिल गुप्ता, सुनीता सेठी, सरोज, ने फिल्मी मधुर गीतों से सबको



नाचने पर मजबूर का दिया। अशोक बंसल दम्पत्ति, शाखा संचालक कमल अरोड़ा ने हरियाणवी चुटकुलों से हंसा-हंसाकर लोट-पोट कर दिया। अनिल शर्मा ने माउथ-आर्गन से संगीत का जादू दिखाया। कार्यक्रम सहयोगी उषा शर्मा, ओ.पी.भुटानी ने शेरो-शायरी, गजलों से समां बांध दिया। हरबंस लाल कुकरेजा, राकेश भटेजा वी.के.सिंघल ने सेवा कार्य किये। प्रसाद वितरण, राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ●

**होने वाला कार्यक्रम**
शाखा की बैठक 22 मार्च (रविवार) को होगी।
**स्थान:** सनातन-धर्म मंदिर, डी-ब्लाक, सैक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली।
**हैल्पलाइन नंबर :** 9868549645, 9212528899, 8860074320